राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 160, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 25 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



## मुख्य अपडेट

पति को सार्वजनिक रूप से परेशान-अपमानित करना अत्यधिक क्रूरता, तलाक .... पेज 03

योगी सरकार के विशेष अभियान में निजी अस्पताल के 8671 टीबी मरीज नोटिफाई .... पेज 05

भारतीय कुश्ती संघ पर निलंबन के बाद बृजभूषण ने कही संन्यास की बात .... पेज 07

हनुमान जयंती



भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान के पौराणिक पात्रों की पोशाक में कलाकार बेंगलुरु के पाताल अंजनेय मंदिर में हनुमान जयंती मनाते हैं।

### तेलंगाना में बिना लाइसेंस वाली दवा निर्माण फैक्ट्री में छापेमारी

हैदराबाद। औषधि नियंत्रण प्रशासन विभाग, तेलंगाना ने खम्मम जिले में बिना लाइसेंस वाली दवा निर्माण सुविधा का भंडाफोड़ किया। बता दें कि दवा निर्माण फैक्ट्री खम्मम जिले के तल्लाडा मंडल के अन्नारुगुडेम गांव में स्थित है, जहां पर विश्वसनीय सूचना के आधार पर अधिकारियों की एक टीम ने छापेमारी की। बकौल रिपोर्ट, दवा निर्माण फैक्ट्री एस्पेन बायोफार्मा की है। डीसीए अधिकारियों ने दवाओं के अवैध निर्माण का पता लगाया। परिसर में सक्रिय फार्मास्युटिकल अवयव वाल्सार्टन और क्लोपिडोग्रेल पाए जाते हैं।

# खेल मंत्रालय ने कुश्ती संघ को सस्पेंड किया

## आईओए से एडहॉक कमेटी बनाने को कहा, बजरंग बोले- पद्मश्री वापस नहीं लूंगा

नई दिल्ली। पिछले 11 महीनों से विवादों में घिरी रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की नई बॉडी को खेल मंत्रालय ने रविवार 24 दिसंबर को सस्पेंड कर दिया। खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलिंपिक संघ से रेसलिंग फेडरेशन के मामलों के मैनेजमेंट के लिए एडहॉक कमेटी बनाने को कहा है।



3 दिन पहले 21 दिसंबर को ही डब्लूएफआई के चुनाव हुए थे, जिसमें भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह नए प्रेसिडेंट बने थे। नए अध्यक्ष की जीत के बाद डब्लूएफआई ने 28 दिसंबर से उत्तर प्रदेश के गोंडा में जूनियर नेशनल चैंपियनशिप टूर्नामेंट करने की घोषणा की थी। गोंडा भाजपा सांसद बृजभूषण का संसदीय क्षेत्र है। रेसलर्स ने बृजभूषण पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। खेल मंत्रालय के डब्लूएफआई की नई टीम पर कार्रवाई के पीछे इसी को वजह माना जा रहा है। खेल मंत्रालय के इस फैसले पर साक्षी मलिक की मां कृष्णा मलिक ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा- मेरी बेटी कुश्ती से संन्यास के फैसले पर दोबारा विचार करेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास के बाहर फुटपाथ पर पद्मश्री रखकर आए पहलवान बजरंग पूनिया ने सम्मान वापस लेने से इनकार कर दिया है। बजरंग ने कहा- मैं पद्मश्री वापस नहीं लूंगा, न्याय मिलने के बाद ही मैं इस बारे में विचार करूंगा।

बृजभूषण के करीबी की जीत के विरोध में ओलिंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास का ऐलान कर दिया था। पहलवान बजरंग पूनिया ने भी पद्मश्री लौटा दिया था। गूंगा पहलवान ने भी पद्मश्री लौटाने की घोषणा कर दी थी।

डब्लूएफआई की पिछली बॉडी में बृजभूषण के अध्यक्ष रहते संजय सिंह जॉइंट सेक्रेटरी थे। संजय सिंह चुनाव में कॉमनवेल्थ चैंपियन अनीता सिंह श्योराण को हराकर नए अध्यक्ष बने थे। संजय की जीत के बाद बृजभूषण के बेटे ने कहा था कि हमारा दबदबा पहले था और आगे भी रहेगा।

### अगले आदेश तक आईओए देखेगा डब्लूएफआई का मैनेजमेंट - खेल मंत्रालय

खेल मंत्रालय ने आईओए प्रेसिडेंट को लेटर दिया है, जिसमें कहा है कि डब्लूएफआई के मामलों को नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड के मुताबिक नियंत्रित किया जाए। अगले आदेश तक आईओए खिलाड़ियों की एंट्रीज, सिलेक्शन, इंटरनेशनल इवेंट्स और स्पोर्ट्स एक्टिविटी सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी निभाए।

मंत्रालय ने आगे कहा कि रेसलिंग ओलिंपिक स्पोर्ट है और फेडरेशन आईओए का मेंबर है। डब्लूएफआई के पूर्व पदाधिकारियों का अब भी कंट्रोल होने की वजह से फेडरेशन में गंभीर चिंता पैदा हो गई है। इस कारण आईओए को एडहॉक कमेटी बनाने के लिए कहा गया है।

### संजय सिंह बोले- हमने नियमों का उल्लंघन नहीं किया

संजय सिंह ने खेल मंत्रालय के एक्शन पर आश्चर्य जताया। उन्होंने कहा- हमने नियमों का उल्लंघन नहीं किया है, हम सरकार से डब्लूएफआई का सस्पेंशन रद्द करने की मांग करेंगे। अगर सस्पेंशन नहीं हटाया गया तो हम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। संजय सिंह ने आगे कहा- मैंने कहीं भी पहलवानों का कोई अपमान नहीं किया। मैं गोंडा जिले के नंदनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 3 दिवसीय नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया था, ताकि अंडर-15 और अंडर- 20 के बच्चों का साल न बर्बाद हो और वह कुश्ती चैंपियनशिप में हो जाएं।

# 4 दिन में 7 लोगों की जान गई; एक्टिव केस 3 हजार के पार

## केरल में कोरोना से एक और मौत, देशभर में 24 घंटे में 657 मामले

नई दिल्ली। केरल में रविवार को कोरोना से एक और मौत हुई। राज्य में पिछले 4 दिनों के दौरान 7 लोगों की मौत हो चुकी है। सेंट्रल हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा एक्टिव केस हैं। पिछले 24 घंटे में यहां 425 नए मामले सामने आए हैं। देशभर में पिछले 24 घंटों के दौरान 657 केस मिले हैं। एक्टिव केसेज की संख्या 3 हजार 742 हो गई है। 24 घंटे में 333 लोग कोरोना से रिकवर हुए हैं। केरल में 296 लोग ठीक हुए हैं।

केरल के बाद कर्नाटक में कोरोना का असर सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। यहां 24 घंटे में 104 नए मामले सामने आए हैं और 8 लोग ठीक हुए हैं। एक्टिव केसेज की संख्या कर्नाटक में 271 हो गई है।

उधर, अमृतसर में लंदन से आई एक 60 साल की महिला कोरोना संक्रमित मिली है।

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने



शुक्रवार 22 दिसंबर को कहा था- राज्य में नवंबर से कोविड केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि यहां टेस्टिंग बाकी राज्यों से ज्यादा हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 को लेकर कहा कि स्थिति बिल्कुल नियंत्रण में है।

### डब्लूएचओ का दावा- दुनियाभर में 1 महीने में 52 प्रतिशत केस बढ़े

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक, पिछले एक महीने में दुनियाभर में कोरोना के मामलों में 52 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। 19 नवंबर से 17 दिसंबर के बीच 8 लाख 50 हजार केस रिपोर्ट हुए हैं और 3 हजार मौतें हुई हैं। हालांकि इस एक महीने के दौरान डेथ रेट 8 प्रतिशत घटी है। इसका मतलब पिछले महीने कोरोना से 8 प्रतिशत ज्यादा लोगों ने दम तोड़ा था।

### वृंदावन जा रहीं दो महिलाओं की मौत

मथुरा। यूपी के मथुरा जिले के वृंदावन में रविवार ( 24 दिसंबर) को बांके बिहारी जी के दर्शन करने जा रहीं 2 बुजुर्ग महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई। पैदल चलते-चलते अचानक दोनों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पहली मृतक महिला जबलपुर की रहने वाले 62 साल की मंजू मिश्रा हैं और दूसरी सीतापुर की रहने वाली 70 साल की बीना गुप्ता हैं। सीतापुर वाली बीना गुप्ता परिवार के साथ दर्शन करने आई थी। वह विद्यापीठ चौराहा से बांके बिहारी मंदिर की तरफ दर्शन करने जा रही थीं। अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्हें हार्ट अटैक आया था। वहीं, जबलपुर की रहने वाली मंजू मिश्रा अपनी बेटी के साथ आई थीं।

# रतलाम में जेठ ने बहू को जिंदा जलाया

एजेंसी

रतलाम। रतलाम में जेठ ने छोटे भाई की पत्नी को पहले तो रॉड से पीटा, इसके बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जला डाला। महिला दौड़कर घर से बाहर निकली और मदद मांगने लगी। आरोपी जेठ वहीं रॉड लेकर खड़ा हो गया, ताकि कोई मदद के लिए पास न आ सके। काफी देर तक तड़पने के बाद महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात ढोढर में शनिवार 23 दिसंबर सुबह की है। पुलिस ने आरोपी सुरेश राठौड़ (40) को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक की जांच में सामने आया है कि आरोपी को बहू के कैरेक्टर पर शक था। वह उसे अपने छोटे भाई (महिला के पति) की मौत का जिम्मेदार मानता था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कहा, बहू निर्मला (33) की वजह से जून में छोटे भाई प्रकाश राठौड़ (37) ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली थी। वह प्राइवेट स्कूल में टीचर था। ढोढर के ही एक जूता-चप्पल व्यवसायी का बहू के घर आना-जाना था। उसके साथ मिलकर मेरे भाई की हत्या करवा दी।

# छत्तीसगढ़ में 3 नक्सली मुठभेड़ में ढेर

## नक्सलियों के कोर इलाके डब्बाकुन्ना में घुसे जवान; गोला-बारूद, हथियार बरामद

एजेंसी

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-सुकमा जिले के बॉर्डर पर रविवार शाम करीब 5.30 बजे पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में 3 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि, पुलिस फोर्स नक्सलियों के कोर इलाके डब्बाकुन्ना में घुसी है। मामला कटेकल्याण थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, सूचना मिली थी कि डब्बाकुन्ना इलाके में कटेकल्याण एरिया कमेटी के हार्डकोर नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद दंतेवाड़ा से डीआरजी जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया। जवान डब्बाकुन्ना के जंगल में पहुंचे तो वहां नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

### करीब 45 मिनट तक चली मुठभेड़

जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों की गोलियों का मुंहतोड़ जवाब दिया।

दोनों तरफ से करीब 40 से 45 मिनट तक गोलियां चलती रहीं। इस मुठभेड़ में 2 से 3 नक्सलियों को गोली लगी है। सर्च ऑपरेशन में जवानों ने तीनों वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं।

### हथियार और अन्य सामान बरामद

मौके से जवानों को भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार सहित अन्य नक्सल सामग्री बरामद की है। फिलहाल आस-पास क्षेत्रों में जिला दंतेवाड़ा और सुकमा के डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, सीएएफ और सीआरपीएफ की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है।



### क्रिसमस से पहले हिमाचल में टूरिस्टों की भीड़

शिमला। क्रिसमस से पहले हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर टूरिस्ट पहुंचना शुरू हो गए हैं। शनिवार को मनाली में काफी संख्या में पर्यटक पहुंचे। बर्फ देखने की चाहत में अधिकांश पर्यटक मनाली से सिस्सू और कोकसर की तरफ चले गए। वापसी में शाम को लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। पर्यटकों के ज्यादा संख्या में पहुंचने से सोलंग में करीब 4 से 5 किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। इससे जाम में सैकड़ों गाड़ियां फंस गई। रात 11.30 बजे तक जाम लगा रहा। असल, मनाली में अभी हिमपात नहीं हुआ है। इसलिए पर्यटक मनाली से रोहतांग की ओर बर्फ देखने जा रहे हैं। रोहतांग, सिस्सू, कोकसर से रात में वापस मनाली आते हैं। अगले पांच छह दिन भी यही स्थिति रहने की उम्मीद है। क्रिसमस और न्यू ईयर को लेकर मैदानी इलाकों से बड़ी संख्या में पर्यटक पहाड़ों का रुख कर रहे हैं।

# द्वारका में अहीर समाज की महिलाओं का गरबा

## लगातार डेढ़ घंटे तक चले गरबे में 37 हजार से ज्यादा महिलाएं हुई शामिल



एजेंसी

द्वारका। गुजरात में द्वारका के नागेश्वर रोड पर रूक्मणि मंदिर के पास नंदगांव में अहीर समाज की महिलाओं ने अखिल भारतीय महारास संगठन के कार्यक्रम में रिकार्ड बनाया। रविवार सुबह 37 हजार से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्रों में सज-धज कर अहीराणी महारास किया। देश-विदेश के हजारों लोग इस अनोखे कार्यक्रम में शामिल हुए। सबसे पहले ब्रह्मकुमारी दीदी ने व्याख्यान दिया गया। इसके बाद ग्राउंड में धर्म ध्वजा और तिरंगा फहराया गया।

समाज की 37 हजार से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक पोशाक, सिर पर नवलखी चुंदड़ी और गले में सोने के आभूषण पहनकर अहीर, अनिरुद्ध अहीर, सभी बेन अहीर, मैक्स अहीर, भावेश अहीर की धुन पर रास किया।

### कई देशों के लोग पहुंचे कार्यक्रम में

रास सुबह 8 बजे शुरू हुआ जो लगातार डेढ़ घंटे तक 10:30 बजे तक चला जिसके बाद रुक्षमणि मंदिर से जगत मंदिर तक विश्व शांति रैली शुरू हुई। इस अनूठे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और दुबई तक से अहीर समाज की महिलाएं पहुंची थीं।

### द्वारका में बना रिकॉर्ड

अहीर समाज की महिलाओं ने महारास गरबा कर रास स्वरूप द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में अर्पित किया। दावा किया गया है कि द्वारका के आंगन में यह विश्व रिकॉर्ड है। भगवान श्रीकृष्ण का गोपियों के साथ व्रज का रास विश्व विख्यात है। द्वारका में भगवान श्रीकृष्ण की पुत्रवधु और बाणसुर की पुत्री उषा रास खेली थी। इसके बाद से ही गुजरात में गरबा की शुरुआत हुई। लोक कथाओं के अनुसार, लगभग 550 साल पहले, श्री कृष्ण कच्छ के व्रजवाणी में अहिरानियों के साथ रास खेलने के लिए ढोली का रूप धारण करके आए थे। उन्हीं की स्मृति में यह महारास आयोजित किया जाता है। महारास की पूर्व संध्या पर जागरण भी आयोजित किया गया था। इसके बाद सबीबेन अहीर की ओर से व्रजवाणी रास पेश किया गया। इसमें कच्छ से आई महिलाओं ने भव्य बेडारास रचा। आयोजन को यादगार बनाने के लिए द्वारका के जगत मंदिर को रोशनी से सजाया गया था।

सड़क हादसा

### क्रेटा पहले अर्टिगा में भिड़ी, फिर बाइक सवार को रौंदा...पलटती हुई खंती में जा गिरी

# अमरोहा : 2 कारों की भीषण टक्कर, प्रधान समेत 4 की मौत

अमरोहा। अमरोहा में शनिवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां ओवरटेक के दौरान क्रेटा ने अर्टिगा को टक्कर मार दी। फिर एक बाइक सवार को रौंद दिया। इसके बाद पलटती हुई खंती में जा गिरी।

हादसे में प्रधान समेत 3 लोगों की मौके पर मौत गई। एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। जबकि 2 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

वारदात के बाद अर्टिगा सवार लोग मौके से फरार हो गए। टक्कर इतनी जोरदार था कि क्रेटा के परखच्चे उड़ गए हैं। पहिए तक अलग हो गए। दरवाजे तोड़कर शव निकाले गए। हादसा अतरासी रोड पर रेलवे पुल से पहले हुआ। फिलहाल, पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### दोस्तों के साथ कार से घर लौट रहे थे प्रधान

अमरोहा के हाकमपुर गांव निवासी प्रधान विशाल चौधरी (40 साल) शनिवार रात शहर से गांव लौट रहे थे। उनके साथ क्रेटा कार में गांव का उनका दोस्त राजन ( 30), मनोज (28) और अंकित भी था। कार जैसे ही अतरासी मार्ग पर गांव हुसैनपुरा के पास पहुंची, तभी ओवरटेक के दौरान सामने से आ रही अर्टिगा से भिड़ गई। फिर एक बाइक सवार दो



लोगों को रौंद दिया। फिर कई बार पटलती हुई खंती में जा गिरी।

हादसे में क्रेटा सवार तीनों दोस्त विशाल, राजन और मनोज की मौके मौत हो गई। जबकि अंकित और बाइक सवार अमित (35) और उसका दोस्त गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ लग गई। पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस और अफसर मौके पर पहुंचे। गंभीर घायलों को हायर सेंटर भेजा गया।

### दरवाजा तोड़कर शव निकाले

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात में करीब 9 बजे का वक्त था। टक्कर के बाद काफी तेज आवाज आई। इसके बाद हम लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। देखा तो क्रेटा कार खंती में जा गिरी थी। थोड़ी देर में आस-पास के लोग जुट गए। कार के दरवाजे तोड़कर 4 लोगों को बाहर निकाला गया। जिसमें से तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। फिर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

कमरुद्दीन के रहने वाले अमित की इलाज के दौरान मौत हो गई। स्स्क राजीव कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। जिसमें तीन कार सवार हैं, जबकि एक बाइक सवार था।

कार सवार एक युवक को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर भेजा गया है। वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। शवों का पोस्टमर्टम कराया जा रहा है। परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

# कश्मीर में सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक की गोली मारकर हत्या

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार तड़के आतंकवादियों ने एक सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने पेठ गंठमुल्ला गांव की मस्जिद में अज़ान पढ़ते समय पूर्व अधीक्षक मोहम्मद शफ़ी (72)पर गोलियां चलाई गयी। घायल अवस्था में उन्हें बारामूला में एक चिकित्सा सुविधा में स्थानांतरित ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संयुक्त टीम ने हमले के लिए जिम्मेदार अपराधियों को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है।

पुलिस ने कहा कि श्री शफी वर्ष 2012 में सेवानिवृत्त हो गए थे और गांव में रह रहे थे। यह घटना ऐसे इलाके में हुई जहां आतंकवाद के चरम के दौरान भी कोई हिंसा नहीं देखी गई थी। गावं के एक निवासी ने कहा,यह क्षेत्र हमेशा शांतिपूर्ण रहा है और इस हत्या ने यहां के सभी लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

सेवानिवृत्त अधिकारी की निर्मम हत्या की राजनीतिक दलों ने कड़ी निंदा की है।डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आज़ाद ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवादी हमलों से चिंतित हैं। श्री आजाद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सरकार को आतंकवाद पर नकेल कसने और सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक कदम उठाने चाहिए।

अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने कहा कि यह कायरतापूर्ण कृत्य हत्यारों के असली रंग को दिखाता है, क्योंकि प्रार्थना करते समय गोली मारी गयी। उन्होंने कहा, उन लोगों को शर्म आनी चाहिए जिन्हें अब भी लगता है कि हत्यारे जिहाद कर रहे हैं। हत्यारे तो हत्यारे होते हैं, चाहे वे किसी भी धर्म के हों और एक समाज के रूप में हमें ऐसी हत्याओं के खिलाफ खड़े होने की जरूरत है।

## शार्ट न्यूज

### हेमन्त सोरेन से झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल एवं जीईएल चर्च के बिशप सीमन तिर्की ने मुलाकात कर क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने भी सभी को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि क्रिसमस पर्व एक-दूसरे से खुशियां बांटने वाला पर्व है। यह पर्व हम सभी को आपसी सौहार्द तथा एक-दूसरे के लिए समर्पण का परिचय देता है। मैं समस्त राज्यवासियों को क्रिसमस पर्व के अवसर पर अपनी ओर से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप, जीईएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की, कोषाध्यक्ष-सह-वित्त सचिव (जीईएल चर्च) अटल खेस्स, झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक सुजीत कुजूर, अध्यक्ष कुलदीप तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद लकड़ा, महासचिव विकास तुर्की सहित सदस्य गोविंद टोप्पो एवं श्री अनिल उरांव उपस्थित थे।

### महिला की जिंदा जलाकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

रतलाम। मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के महू-नीमच राजमार्ग पर स्थित ग्राम ढोढर में एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई की विधवा पत्नी की जला कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 33 वर्षीय निर्मला राठौड़ निवासी सरस्वती शिशु मंदिर रोड नई आबादी ढोढर के पति प्रकाश ने करीब 10 माह पहले रतलाम के सालाखेड़ी क्षेत्र में जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। निर्मला अपने दो बच्चों के साथ ससुराल में ही आरोपित जेठ सुरेश के घर से कुछ दूर रह रही थी। कल सुरेश राठौड़ लोहे की राड और शराब की बोटल में पेट्रोल लेकर निर्मला के घर पहुंचा तथा निर्मला के साथ विवाद कर लोहे के पाइप से मारपीट की। इससे वह घायल हो गई। इसके बाद उसने उस पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। इससे निर्मला जलती हुई घर के बाहर आकर बचाव के लिए शोर मचाने लगी। आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन सुरेश राड लेकर महिला के आसपास घूमता रहा और लोगों को धमकाता रहा कि कोई बचाने आया तो उसे भी मार देगा। कुछ ही देर में निर्मला ने तपड़ते हुए दम तोड़ दिया। इसी बीच सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सुरेश को गिरफ्तार कर निर्मला का शव पोस्टमार्टम के लिए जावरा के सरकारी अस्पताल भिजवाया।

### तानसेन समारोह में बनेगा तबला वादन का रिकॉर्ड

ग्वालियर। मध्यप्रदेश का ग्वालियर आज सुर, लय और ताल के अद्भुत संयोजन का साक्षी बनेगी। 99वें तानसेन समारोह के दौरान ताल दरबार कार्यक्रम में तबला वादन का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा। आधिकारिक जानकारी में प्रमुख सचिव संस्कृति और पर्यटन एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि संगीत सम्राट तानसेन को स्वरांजली देते हुए ग्वालियर दुर्ग पर 1500 तबला वादक सुर, लय और ताल का अद्भुत संयोजन प्रस्तुत करेंगे। 'तबला दरबार' में कोलकाता, मुंबई, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत अन्य 50 से ज्यादा शहरों से आए तबला वादक समवेत प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कल्चर विभाग के यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया हैंडल्स पर किया जाएगा। प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि तानसेन समारोह के दौरान तानसेन सम्मान वर्ष 2022 और राजा मानसिंह तोमर सम्मान वर्ष 2022 प्रदान किया जाएगा। पण्डित गणपति भट्ट हासणगि को गायन में उल्लेखनीय योगदान के लिए तानसेन सम्मान वर्ष 2022 और मालव लोक कला केन्द्र, उज्जैन को राजा मानसिंह तोमर सम्मान वर्ष 2022 प्रदान किया जाएगा।

### हरिकथा, मिलाद और चादरपोशी के साथ हुई 'तानसेन समारोह' की पारंपरिक शुरूआत

ग्वालियर। भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठापूर्ण महोत्सव 'तानसेन समारोह' की आज सुबह यहां पारंपरिक ढंग से शुरुआत हो गयी। यहां हजीरा स्थित तानसेन समाधि स्थल पर शहनाई वादन, हरिकथा, मिलाद, चादरपोशी और कव्वाली गायन हुआ। सुर सम्राट तानसेन की स्मृति में आयोजित होने वाले तानसेन समारोह का इस साल 99वां वर्ष है। तानसेन समारोह का औपचारिक शुभारंभ आज सायंकाल हजीरा स्थित तानसेन समाधि परिसर में ऐतिहासिक मान सिंह तोमर महल की थीम पर बने भव्य एवं आकर्षक मंच पर होगा। इसी मंच पर बैठकर देश और दुनियां के ब्रम्हनाद के शीर्षस्थ साधक सुर सम्राट तानसेन को स्वरांजलि अर्पित करेंगे। सुबह की बेला में तानसेन समाधि स्थल पर परंपरागत ढंग से उस्ताद मजीद खां एवं साथियों ने रागमय शहनाई वादन किया। इसके बाद ढोलीबुआ महाराज नाथपंथी संत श्री सच्चिदानंद नाथ जी ने संगीतमय आध्यात्मिक प्रवचन देते हुए ईश्वर और मनुष्य के रिश्तो को उजागर किया। उनके प्रवचन का सार था कि परहित से बढ़कर कोई धर्म नहीं। अल्लाह और ईश्वर, राम और रहीम, कृष्ण और करीम, खुदा और देव सब एक हैं। हर मनुष्य में ईश्वर विद्यमान है। हम सब ईश्वर की सन्तान है तथा ईश्वर के अंश भी हैं। सभी मतों का एक ही है संदेश है कि सभी नेकी के मार्ग पर चलें।

### कानून व्यवस्था की समीक्षा के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा पुलिस विभाग की संभागवार समीक्षा के सिलसिले में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) स्तर के अधिकारियों को आज संभागवार जिम्मेदारी सौंपी गयी। इस संबंध में गृह विभाग की ओर से देर शाम आदेश जारी कर दिए गए। इसके अनुसार एडीजीपी विजय कटारिया को भोपाल, आलोक रंजन को नर्मदापुरम, प्रज्ञा रिचा श्रीवास्तव को ग्वालियर, योगेश मुद्गल को शहडोल, पवन श्रीवास्तव को चंबल, अनिल कुमार को रीवा, संजीव शमी को सागर, चंचल शेखर को जबलपुर, जयदीप प्रसाद को इंदौर और योगेश देशमुख को उज्जैन संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री द्वारा संभागीय स्तर पर ली जा रही समीक्षा बैठक में कानून व्यवस्था एवं पुलिस के कार्यों से संबंधित दिए गए निर्देशों का पालन कराना इन अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। एडीजीपी स्तर के ये अधिकारी दो माह में कम से कम एक बार अपने प्रभार वाले संभाग का दौरा करेंगे। ये अधिकारी प्रतिमाह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इन अधिकारियों को और भी जिम्मेदारियां दी गयी हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में 85 हजार से अधिक लोगों ने की सहभागिता

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित प्रथम चरण के शिविरों में 85 हजार 588 लोगों ने सहभागिता निभाई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इनमें 36 हजार 808 महिलाएं एवं 47 हजार 935 शामिल हैं। 16 से 23 दिसम्बर तक चले प्रथम चरण के शिविरों में अब तक 71 हाजर 338 लोगों ने विभिन्न माध्यमों से विकसित भारत का संकल्प दोहराया। इसके अलावा शिविरों में 5290 लोगों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के कार्ड जारी किए गए वहीं 20 हजार 998 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गई। शिविरों में 11 हजार 24 लोगों की टीबी तथा 6447 लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इसके अलावा 1809 लोगों को सुरक्षा बीमा तथा 1088 लोगों को जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ा गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए 1371 परिवारों का नवीन पंजीयन किया गया। 69 ग्राम पंचायतों में भूमि रिकार्ड का शत प्रतिशत डिजिटलाइनेशन सुनिश्चित किया गया। 1031 कृषकों का किसान क्रेडिट कार्ड के लिए पंजीयन हुआ। शिविरों में पंचायत क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान भी किया जा रहा है। अब तक के शिविरों में 562 महिलाओं, 738 विद्यार्थियों, 216 स्थानीय खिलाड़ियों तथा 273 स्थानीय कलाकारों का सम्मान किया गया।

# ईस्टर्न-पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर किसानों ने सिरसा टोल का किया घेराव

**कई सूत्रीय मांगों को लेकर किया हंगामा, अधिकारियों ने चार दिन में समाधान का दिया आश्वासन**

जेवर। जेवर में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर भाकियू भानू के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने सिरसा टोल का रविवार को घेराव किया। आंदोलन की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजब सिंह कसाना तथा संचालन मास्टर महकार नागर ने किया। इस दौरान किसानों ने अपनी मांगों को लेकर विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया। बाद में मौके पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने उनकी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन लेकर जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया है।



संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार नागर ने बताया कि कई वर्ष पहले ही ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे किसानों के खेत में बना था। जिसका किसानों को उचित मुआवजा भी नहीं दिया गया है। उसके बावजूद स्थानीय किसानों से टोल वसूला जाता है। जबकि अभी तक एक्सप्रेसवे का सर्विस रोड भी नहीं बनाया गया है। जिसके लिए किसानों के वाहनों को बिना टोल टैक्स के निकालने की भी अधिकारियों से कई बार शिकायत की है। लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

इसके साथ पेरिफेरल पर पेयजल व्यवस्था, टायलेट की सुविधा, गड्ढा मुक्त रोड समेत कई समस्याओं को लेकर उन्होंने रविवार को पूर्व योजना के तहत टोल पर पहुंचकर हंगामा किया। बाद में ईस्टर्न पेरिफेरल की तरफ से असिस्टेंट मैनेजर रविंद्र यादव तथा पुलिस प्रशासन के बीच भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों की वार्ता हुई। जिसमें तय हुआ कि चार दिन के अंदर मुख्य अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

आपसी सहमति के आधार पर सभी पदाधिकारियों व उपस्थित लोगों ने इस पर अपनी सहमति जाहिर की और आंदोलन को चार दिन के लिए स्थगित कर दिया।

चार दिन तक ईस्टर्न पेरिफेरल पर किसी भी टोल पर भारतीय किसान यूनियन भानू के किसी भी पदाधिकारी व सदस्यों तथा आसपास के किसानों से टोल नहीं वसूला जाएगा। यूनियन की आईडी व आसपास के गांवों की आईडी के आधार पर निकलने की सुविधा रहेगी।

इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव बेगराज गुर्जर राष्ट्रीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किरणपाल सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री रविंद्र भाटी, राष्ट्रीय सचिव सुभाष अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत अधाना, प्रदेश सचिव अशोक ठाकुर, कमल अवाना, योगेंद्र नागर, सतबीर मुखिया, राजवीर मुखिया, अनिल बैसोया, आनंद भाटी, सुभाष भाटी, धीरज वशिष्ठ, ओम प्रकाश अवाना, रहीसुद्दीन, प्रेमसिंह भाटी, परविंदर मावी, रिजवान पठान, सदाकत खान, गौरव भाटी, मोहनलाल शर्मा, अजीत शर्मा, सतीश कसाना, राम भाटी, उपेंद्र भाटी, आदर्श कुमार, विक्की कुमार, जितेंद्र भाटी,गौरव डबरा,सुखबीर नागर, राजेंद्र भाटी, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिमाचल में 500 लोगों को मिला ओपीएस का लाभ

धर्मशाला (तपोवन)। हिमाचल प्रदेश सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को छठे वेतन आयोग के सिफारिशों के अनुसार मिलने वाले बकाये के लिए दो वर्ष का इंतज़ार करना होगा। कर्मचारियों व पेंशनरों को शीघ्र बकाया राशि मिलने की आस धूमिल हो गई है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस प्रक्रिया में दो साल तक का समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सत्ता संभालते ही राज्य कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन प्रणाली (ओपीएस) को तुरंत बहाल कर दिया, जिससे 500 से अधिक सेवानिवृत्त लोगों को लाभ हुआ।

शनिवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बोलते हुए श्री सुक्खू ने कहा कि छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के तहत राज्य कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का 10,000 करोड़ रुपये बकाया है।

श्री सुक्खू ने खेद जताया कि पिछली भारतीय जनता पार्टी सरकार ने सिफारिशों को लागू किया था लेकिन बजट में धन आवंटित करने में विफल रही, जिससे राज्य को बोझ से जूझना पड़ा। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार से विरासत में मिली खराब वित्तीय स्थिति के कारण राज्य की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की चुनौतियों को स्वीकार किया। उन्होंने अनुमान लगाया कि बहुप्रतीक्षित बकाया राशि के भुगतान से पहले अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में एक से दो साल लगेंगे। उन्होंने कहा कि कहा कि पूर्व सरकार द्वारा दी गई बदहाल अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में एक से दो साल लगेंगे और इसके बाद ही एरियर का भुगतान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू तो कर दिया, लेकिन इसके लिए बजट का कोई प्रावधान नहीं किया। इससे पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के मूल सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के पेंशनभोगी कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग के अनुसार संशोधित पेंशन देने का मामला सरकार के विचाराधीन है।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनकी सरकार ने सत्ता संभालते ही राज्य कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन प्रणाली को तुरंत बहाल कर दिया, जिससे 500 से अधिक सेवानिवृत्त व्यक्तियों को लाभ हुआ।

# सीएम, मंत्रियों के आवासों की मरम्मत पर 4.30 करोड़ खर्च

एजेंसी

धर्मशाला (तपोवन)। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों को अलॉट किये गए सरकारी आवासों की मरम्मत पर साढ़े चार करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

नैनादेवी जी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक रणधीर शर्मा के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को सदन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने मंत्रियों के आवासों की मरम्मत पर 4,30,25, 678 करोड़ रुपए खर्च किये हैं। यह राशि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और सात मंत्रियों के आवासों पर खर्च किए गए। शर्मा ने सवाल उठाया कि एक ओर सरकार आर्थिक तंगी की बात कर रही है वहीं दूसरी तरफ सरकार फिजूलखर्ची कर रही है।

इस पर सुक्खू ने स्पष्ट किया कि इन आवासों पर खर्च करना एक रूटीन का कार्य है। सरकार कोई सता पक्ष की ही नहीं बल्कि विपक्ष के विधायकों के आवासों की मरम्मत पर भी राशि खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि विधायक अपने सरकारी आवासों को मरम्मत की मांग करते हैं और हर सरकार के समय नियमित तौर पर यह कार्य किया जाता है।

सीएम ने यह भी कहा कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में हुए विधायकों के आवासों की मरम्मत की 2.5 करोड़ की देनदारी है। प्रदेश के विभिन्न विभागों में स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों के बैकलॉग के 536 पद खाली है।

### मोहन यादव मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है सोमवार को

भोपाल। मध्यप्रदेश के नवगठित डॉ मोहन यादव मंत्रिमंडल का विस्तार सोमवार को दिन में हो सकता है। सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से इस संबंध में उच्च स्तर पर विचार विमर्श पूरा हो गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से विचार विमर्श हो गया है। सोमवार 25 दिसंबर को दिन में मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। डॉ यादव ने मुख्यमंत्री के रूप में 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण की थी। उनके साथ जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला ने भी उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की है। इसके बाद से ही राज्य में मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर अटकलें चल रही हैं।

**ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन मकान की छत ढही**

# मलबे में दबने से 2 बच्चियों की हुई मौत, 4 लोग हुए घायल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के समाधीपुर गांव में एक छत पर ईंट बिछाने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक से छत ढह गई। इस हादसे में दो बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं काम कर रहे मजदूर बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं, जिनका रेस्क्यू किया गया है। सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है।



दरसअल थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत समाधिपुर गांव में लाल सिंह अपने घर की छत पर ईट बिछ्वाकर कर छत की मरम्मत करा रहा था। ऊपर की छत पर ज्यादा वजन हो जाने के कारण अचानक ऊपर की छत बीच वाली छत पर गिर गई, जिससे बीच वाली छत नीचे गिर गई। जिस कारण नीचे लाल सिंह की पोती रीवा कुमारी (5) और जीवा कुमारी (3) र्ष खेल रही थी, जो मलबे में दबकर घायल हो गई, जिन्हें मलबे से निकलवा कर इलाज हेतु अस्पताल भिजवा दिया गया है। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वही मकान में काम करने के दौरान राजवीर (45), विनोद (43), संजीव (35) और पंकज (23) घायल हुए हैं। मकान के गिरते ही चारों तरफ चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकाला और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आनन-फानन में सभी को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल पहुंचाएगा गया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# हिन्दी पखवाड़े के विजेताओं को कुलपति ने पुरस्कृत किया

नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय , नालंदा के हिन्दी पखवाड़े , 2023 की कविता, निबंध, भाषण, अनुवाद व टंकण-प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों व गैर शैक्षणिक स्टाफ को कुलपति प्रो. राम नक्षत्र प्रसाद ने पुरस्कृत किया।



हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव 'परिचय दास', माननीय कुलपति प्रो. राम नक्षत्र प्रसाद , प्रो. हरेकृष्ण तिवारी।

इस अवसर पर प्रो प्रसाद ने कहा कि हिन्दी के आयोजनों में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी यह सुनिश्चित करती है कि भाषा, राजभाषा व साहित्य- संस्कृति में उनकी गहरी रुझान है तथा यह एक सुनहरे भविष्य का द्योतक है। विद्यार्थियों की भाषिक समृद्धि से उनके विचारों में गहराई , स्पष्टता व शैलीगत वैशिष्ट्य आता है। साथ ही, उनमें आत्म विश्वास भी आता है। हिन्दी पखवाड़े से उनको भारत की राजभाषा नीति से अवगत होने का भी अवसर मिलता है। अपने आरंभिक सम्बोधन में हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास ने कहा कि हिन्दी पखवाड़े को सर्जनात्मक ढंग से आयोजित किया गया। यह विद्यार्थियों व स्टाफ के भाषिक प्रशिक्षण का सुअवसर जैसा है। इसमें उन्हें भाषा की बारीक़ी के साथ बोलने , अनुवाद, टंकण , कविता रचने की तकनीक तथा कार्यालय-कार्य में हिन्दी के उपयोग का भी बोध होता है। भाषा विद्यार्थी व स्टाफ को अभिव्यक्ति की संसिद्धि देती है। उन्हें राजभाषा की उपयोगिता का भी पता चलता है। इस अवसर पर आये विद्वानों से मिलने व उनके विचार जानने का अवसर भी उन्हें मिलता है जो उनके जीवन की सांस्कृतिक महत्ता व अन्य क्षेत्रों में प्रगति के लिये आवश्यक है। धन्यवाद-ज्ञापन करते हुए प्रो. हरेकृष्ण तिवारी ने कहा कि पुरस्कृत होकर विद्यार्थी आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। हिन्दी आज गतिशील भाषा है। उसका वैश्विक मान है। हिन्दी पखवाड़े से अधिकारियों - कर्मचारियों - विद्यार्थियों को हिन्दी में हिन्दी में कार्य की प्रेरणा मिलती है। आरम्भ में कुलपति महोदय को प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास ने शॉल , पुस्तक तथा प्रो. हरेकृष्ण तिवारी ने मूर्ति देकर सम्मानित किया।

# त्रिपुरा में नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी युवक को 20 साल की सजा

अगरतला। त्रिपुरा मे धलाई जिले के कमालपुर की एक अदालत ने दिसंबर 2020 में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और उसका अपहरण करने के मामले में दोषी युवक को 20 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

अदालत ने शनिवार को उस युवक को पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के अंतर्गत दोषी पाया और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

रिपोर्ट के अनुसार, कमालपुर के हरेरखोला इलाके में रहले वाला 21 वर्षीय संजीत हृषिदास अपनी बीमार मां का इलाज कराने के लिए अगरतला के डुकली इलाके में एक रिश्तेदार के घर गया था। वह कुछ महीनों तक अपने रिश्तेदार की नाबालिग बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा और फिर उसका अपहरण कर लिया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने नाबालिग लड़की को कमालपुर से छुड़ाया। जांच के दौरान पता चला कि संजीत ने नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म किया और बाद में उसका अपहरण कर लिया। उसने लड़की को जबरन अपने घर में कैद कर लिया । बाद में पुलिस ने उसे बचाया। सुनवाई के दौरान साक्ष्य के अलावा अभियोजन पक्ष की ओर से 21 लोगों ने गवाही दी।

# चंपावत में ढाई किलोग्राम चरस के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**नैनीताल/चंपावत।** उत्तराखंड की चंपावत पुलिस ने तीन अलग-अलग घटनाओं में ऑपरेशन क्रैक डाउन के तहत ढाई किलोग्राम से अधिक चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात को चंपावत के लोहाघाट और टनकपुर पुलिस की ओर से ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत विशेष अभियान समूह (एसओजी) मादक द्रव्य निरोधक बल (एनटीएफ) की अगुवाई में ड्रग क तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था।

इसी दौरान लोहाघाट के बलाई और टनकपुर के इमली पड़ाव में दो युवकों को रोका गया उनकी जांच की गई तो उनके पास से 1.6 किलोग्राम चरस बरामद हुई।

आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। उनके खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत अमल में लाई जा रही है।

आरोपियों में सलीम सलीम निवासी वार्ड नंबर- 5, नई बस्ती, कोतवाली टनकपुर जनपद और जाकिर हुसैन निवासी लाल इमलीपड़ाव, वार्ड नंबर 07, कोतवाली टनकपुर, चम्पावत शामिल हैं। एक अन्य घटना में पाटी पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए दिल्ली के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

# गीता का बड़ा उपयोग हमारे जीवन में है : खट्टर

**हरिद्वार।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रविवार को कहा कि गीता का बड़ा उपयोग हमारे जीवन है इसीलिए हमने अपने राज्य के स्कूलों में उसे लागू किया।

खट्टर यहां जूना अखाड़े के आचा जीवीर्य महामंडलेश्वर पद पर 25 वर्ष पूर्ण होने पर स्वामी अवधेशानंद गिरी के हरिद्वार के हरिहर आश्रम में तीन दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव के पहले दिन सभा को संबोधित कर रहे थे।



इस समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत,योग गुरु स्वामी रामदेव,निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, सांसद राजीव प्रताप रूडी, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी,सांसद साध्वी निरंजन ज्योति, पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक एवं कई अन्य संतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद महाराज की नई पुस्तकों का भी विमोचन किया

हरियाणा में गीता को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर खट्टर ने कहा,गीता के जो सार हैं व गीता के जो उपदेश हैं वह समाज जीवन में यदि बचपन में ही बच्चों को प्रेरणा मिले तो उनके जीवन के अंदर एक आदर्श खड़ा होता हैं। साथ ही उनमें एक बदलाव आता है और समाज जीवन में अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा मिलती है जिसके कारण हमने गीता के श्लोको छठी से 12वीं तक पाठ्यक्रम में बच्चों को पढ़ाया जाना अनिवार्य कर दिया है। यह एक बहुत बड़ा उपयोग है इसीलिए हमने उसको स्कूलों में लागू किया है।

आध्यात्मिक महोत्सव में पहुंचे खट्टर ने कहा कि वह हरिहर आश्रम आया हूं तो निश्चित रूप से आज मेरे लिए अच्छा दिन है कि इतने सारे संतो का एक साथ दर्शन हो गया और संतों की वाणी से हमको बहुत लाभ होता है। संतो की वाणी सामाजिक जीवन में प्रेरणा का काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद के आचार्य पीठ पर 25 वर्ष पूरे हुए हैं इसलिए उनको शुभकामना देने के लिए मैं यहां पर आया हूं।

# 10वीं किड्स मैराथन में तीन हजार से अधिक बच्चों ने लिया भाग

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में एयू जयपुर मैराथन की ओर से रविवार को सुबह आयोजित 10वीं किड्स मैराथन में तीन हजार से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

इस दौरान गुलाबी नगर की गुलाबी ठंड और हल्के कोहरे के बीच बच्चों का जबरदस्त जोश देखने को मिला और इसमें तीन हजार से ज्यादा बच्चों ने दौड़ लगाई।

एयू जयपुर मैराथन और रेयान इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से आयोजित किड्स मैराथन की शुरुआत मानसरोवर स्थित विटी रोड से हुई। इसमें चार अलग-अलग कैटेगिरी में बच्चों ने भाग लिया। आयोजकों ने झंडी दिखाकर मैराथन की शुरुआत की।

इस मौके पर एयू जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि अगले वर्ष चार फरवरी को होने वाली देश की सबसे बड़ी मैराथन एयू जयपुर मैराथन के प्री-इवेंट के तहत इस किड्स मैराथन का आयोजन हुआ है जिसमें विभिन्न एनजीओ और विद्यालयों ने सहयोग दिया है। किड्स मैराथन में सभी बच्चों को आगामी एयू जयपुर मैराथन में फ्री एंट्री दी जायेगी।

### युवक को गोली मारकर घायल किया

छपरा। बिहार में सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने रविवार की सुबह एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ने बताया कि भैंसमारा गांव निवासी उत्सव सिंह अपने कार की सर्विसिंग कराने के लिए मेहियां फोरलेन के समीप आया था।इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे दो अपराधियों ने गोली मारकर उत्सव सिंह को घायल कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया है।

## शार्ट न्यूज

### अब एक घंटा ज्यादा खुलेंगी मदिरा की दुकान

नोएडा/ गाजियाबाद । (पीएमए) शराब का शौक रखने वालों के लिए ख़ास खबर है। नोएडा और गाजियाबाद समेत पूरे उत्तर प्रदेश में शराब की दुकान अब एक घंटा ज्यादा खुलेंगी। सरकार की तरफ से यह आदेश जारी किया गया है। यूपी के आबकारी आयुक्त ने आदेश में कहा है कि एक घंटा अधिक मदिरा की दुकान खोली जाएं। नोटिफिकेशन जारी किया गया है। रात के समय एक घंटा अतिरिक्त दुकान खोली जाएंगी। मदिरा की सभी फुटकर दुकानों पर यह आदेश लागू किया गया है। आदेश देशी और अंग्रेजी दोनों प्रकार की शराब बेचने वाली दुकानों पर लागू होगा। मदिरा पीने वालों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की खुशखबरी है। आबकारी आयुक्त सेंथियन पांडियन सी की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया गया है। आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए 24 दिसंबर और 31 दिसंबरको समस्त फुटकर दुकानों से बिक्री का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक करने की अनुमति दी है। आपको बता दें कि सामान्य दिनों में फुटकर दुकानों पर मदिरा की बिक्री का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहता है। मदिरा की फुटकर दुकानों पर बिक्री का समय एक घंटा अतिरिक्त किया गया है। 25 दिसंबर को क्रिसमस के अवसर पर 24 दिसंबर की रात 11 बजे तक मदिरा की बिक्री की जाएगी। जबकि 1 जनवरी नववर्ष के अवसर पर 31 दिसंबर की रात 11 बजे तक मदिरा बेची जा सकेगी। यह आदेश केवल दो दिनों 24 और 31 दिसंबर के लिए है।

### घर खरीददार आंदोलन की कोर टीम ने की बैठक

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एकमूर्ति पर लगातार 53 हफ़्ते आंदोलन की अगुवाई करने वाली टीम ने अहम बैठक की। बैठक में अलग-अलग सोसायटियों के कई घर ख़रीदार शामिल हुए। घर ख़रीदारों ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट के फ़ैसले की समीक्षा कर रहे हैं। अथॉरिटी के प्रस्ताव का इंतज़ार कर रहे हैं। वहीं घर ख़रीदारों ने कहा कि मेट्रो की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। नेफ़ोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि बिल्डरों को बड़ी छूट दी गई, लेकिन घर ख़रीदारों को बिल्डरों के बताये से घरों की रजिस्ट्री को अलग करने का इंतज़ार था। इस फ़ैसले में ऐसा कुछ भी नहीं आया है, इससे हम थोड़े निराश हैं। उम्मीद करते हैं कि इतनी ज़्यादा छूट के बाद अथॉरिटी अपने बकाये की वसूली में तेज़ी लाए और लोगों को घर मिलना शुरु हो, रजिस्ट्रियां शुरु हो सके। उन्होंने कहा कि मेट्रो को लेकर जंतर-मंतर से शुरु हुआ आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक मेट्रो के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिलती है। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे मिहिर गौतम ने कहा कि सरकार बड़ा दिल दिखाए और रजिस्ट्री को बिल्डरों से बकाये की वसूली से अलग कर दे, जिससे लाखों रजिस्ट्रियां तुरंत शुरु हो सके।

### जेवर में महिला की गोली मारकर हत्या

जेवर। ग्रेटर नोएडा में रविवार को यमुना नदी के बांध के पास रविवार को अज्ञात महिला का शव मिला। जिसके सीने में गोली के निशान भी मिले है। आशंका जताई जा रही है कि महिला की गोली मारकर हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा गुजरान का है। रविवार की दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली कि यमुना नदी के बांध के नजदीक एक महिला का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि महिला के सीने में गोली और शरीर के अन्य हिस्सों में निशान पाए गए हैं। सूचना मिलने के बाद मौके पर आसपास के गांवों के लोग भी पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि महिला के पास कोई भी डाक्यूमेंट्स नहीं मिला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, महिला की हत्या कर शव को फेंका गया है। पुलिस मामले की जांच कर जल्द ही खुलासा करने का दावा कर रही है। पुलिस का कहना कि जिस जगह पर यह शव मिला है। वहां हरियाणा और यूपी की सीमा है। इसलिए पुलिस का मानना है कि अपराधी हरियाणा से भी यहां आकर घटना को अंजाम दे सकते हैं।

### नोएडा में पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना सेक्टर 58 पुलिस की बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। वहीं उसके एक साथी बदमाश को भी पुलिस ने पकड़ लिया। यह लोग बड़े ही शातिर किस्म के मोबाइल लुटेरे हैं, जो बाइक पर सवार होकर लूटपाट किया करते थे। शनिवार रात को थाना सेक्टर 58 पुलिस थाना क्षेत्र के रेडिसन तिराहे के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान केटीएम मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। उन्हें पुलिस ने रुकने को कहा तो उन लोगों ने अपनी मोटरसाइकिल को दौड़ा दिया। पुलिस ने जब उन लोगों का पीछा किया तो उन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। इस बदमाश की पहचान दीपक उर्फ दीपू के रूप में हुई जो कि मूल रूप से गाजियाबाद के खोड़ा का रहने वाला है। वहीं उसके साथी बदमाश को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। दूसरे बदमाश की पहचान लोकेश के रूप में हुई। वह भी गाजियाबाद का ही रहने वाला है। मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा बदमाशों के कब्जे से चार मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

### स्वर्ण कारोबारी से लूट का एक और गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कवि नगर क्षेत्र में 5 दिसंबर को कारोबारी से हुई लूट के मामले में स्वाट क्राइम ब्रांच टीम में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी ने लूट करने वाले मुख्य बदमाश को अपने घर में पनाह दी थी। जिसके एवज में इसने 10 लाख रुपए लिए थे। पुलिस ने इसके कब्जे से 10 लाख रुपए बरामद किए हैं। लूट की वारदात को अंजाम देने वाले अब तक छह लोग पकड़े जा चुके हैं, वहीं 67 लाख रुपए बरामद हुए हैं। गाजियाबाद में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कवि नगर थाना क्षेत्र में 5 दिसंबर को स्वर्ण कारोबारी निशांत के साथ कुछ बदमाशों ने लूट की थी। इस मामले में गौतमबुद्धनगर निवासी सुखबीर सिंह भाटी को गिरफ्तार किया गया है। इसके कब्जे से पुलिस ने 10 लाख रुपए बरामद किए हैं। सुखबीर लूट करने वाले मुख्य आरोपी सुनील का जीजा है और वारदात के बाद इसने सुनील को अपने घर में पनाह दी थी। जिसके एवज में इसने 10 लाख रुपए लिए थे। अभिषेक श्रीवास्तव के मुताबिक अब तक इस मामले में दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए हैं। जिनका नाम चंद्रवीर और निशांत है। वहीं अन्य गिरफ्तार अभियुक्तों में सौरव सिरोही और सौरव शर्मा है। इसके अलावा मुख्य आरोपी सुनील कोर्ट में सरेंडर करके जेल चला गया है। अब तक आरोपियों से 67 लाख रुपए की बरामदगी हो चुकी है।

### ऑनर किलिंग की शिकार शीबा की नहीं मिली लाश

गाजियाबाद। गाजियाबाद में ऑनर किलिंग का शिकार हुई 18 साल की शीबा की लाश 8 दिन बाद भी नहीं मिल पाई है। हत्यारोपी भाइयों ने दावा किया था कि गला दबाकर हत्या करके लाश उन्होंने गंगनहर में फेंक दी थी। कई दिन सर्च ऑपरेशन चलाने के बावजूद लाश रिकवर नहीं हो पाई है। सामान्यतः डेडबॉडी पानी में तीन दिन बाद ऊपर आ जाती है, लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ। पुलिस को अब शक है कि आरोपी झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने लाश कहीं और छिपाई है। इसलिए पुलिस अब आरोपियों को जेल से रिमांड पर लेने की तैयारी में है। मुजफ्फरनगर में पुल बालियान निवासी अख्तर का परिवार फिलहाल उत्तराखंड के रुड़की में रहता है। अख्तर की बेटी शीबा (18) का दो साल पहले हिन्दू लड़के से प्रेम-प्रसंग हो गया था। परिवार को जब ये बात पता चली तो डेढ़ महीने पहले उन्होंने शीबा को चचेरे भाई मेहताब के पास शाहदरा (दिल्ली) में भेज दिया। अब शीबा अपने प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी हुई थी। 16 दिसंबर को सगा भाई सूफियान और चचेरा भाई मेहताब उसको घुमाने के बहाने ऑटो से दिल्ली से गाजियाबाद में मुरादनगर गंगनहर पर ले आए। यहां उन्होंने शीबा की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, दोनों हत्यारोपियों ने हत्या के बाद लाश को मुरादनगर गंगनहर में फेंकने की बात स्वीकार की थी।

# दूध, दुग्ध पदार्थों, तेलों, दवाईयों तक में मिलावट खुले आम जारी

## सरे आम राष्टीय चैनलों पर चल रही है ऑन लाइन ठगी की दुकानें, हर रोज ठगे जा रहे हैं भारत में उपभोक्ता: दयानंद वत्स

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस राष्ट्रीय उपभोक्ता जागरूकता दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री दयानंद वत्स ने कहा कि आजादी के 74 साल बाद भी समूचे भारत में हर क्षण उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है। दूध, दुग्ध पदार्थों, तेलों, दवाईयों तक में मिलावट खुले आम जारी है। पूरे पैसे खर्च करने के बावजूद उपभोक्ताओं को इस बात की गारंटी देने वाली कोई नियामक नियंत्रण ऐजेंसी नही है कि जो वस्तु वे खरीद रहे हैं वह मिलावटी नहीं है। बडे खाधान्न सामग्री बनाने वाले उत्पादन कर्ता, बडे वितरक और रिटेल वितरकों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों एवं पुनर्वास बस्तियों में फैले करोड़ों दुकानदारों का इतना संगठित तंत्र विकसित हो गया है कि वे क्षेत्र विशेष के अनुसार अपने उत्पादों को ग्रेडिंग के अनुसार बाजारों में खपा रहे हैं। पैकेजिंग, मूल्य, वजन सब समान होता है परन्तु पैकेट के अंदर की वस्तु की गुणवत्ता और ग्रेडिंग उस क्षेत्र विशेष की श्रेणी अनुसार हो रहा है। नई दिल्ली के वीआईपी पॉश एरिया में सप्लाई किए जाने वाला सामान सर्वोत्तम ए श्रेणी का तो जहांगीरपुरी में डी ग्रेड और गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों में ई यानि सबसे घटिया श्रेणी का सामान की पैकेजिंग भेजी जाती है। कंपनियों द्वारा दिए जाने वाले अधिक कमीशन के लालच में दुकानदार यह कुकृत्य कर मानवता के विरुद्ध जघन्यतम अपराध कर रहे हैं। जब कोई उपभोक्ता शिकायत करता है तो तत्काल नया पैकेट बदल देते हैं ताकि उपभोक्ता का विश्वास जीता जा सके। एक्सपायरी डेट के सामानों को पुरानी पैकिंग से निकाल कर नई पैकिंग में नयी डेट के साथ खपाया जा रहा है। उपभोक्ता इस गडबडझाले क् समझ ही नहीं पाता है.ओर.ठगा जाता है। श्री वत्स ने कहा कि मेरे गांव बरवाला और पडोस के



प्रहलादपुर बांगर गांव में सप्लाई होने वाले पैकेटबंद अमुल दूध की गुणवत्ता और.स्वाद में अंतर स्पष्ट दिखता है जैसे हम डिटरजेंट मिक्स दूध ही पी रहे हैं जो किसी दिन सफेद तो कभी पीलापन लिए रहता है।अमुल के कस्टमर केयर पर शिकायतों की कोई सुनवाई तक नहीं है। कंपनियों ने जो कस्टमर केयर नंबर दिए हैं वे खानापूर्ति के लिए ही हैं। जब शिक्षित लोग भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं तो अशिक्षित लोगों का शोषण होना तय है। ऑन लाइन तो करोड़ों उपभोक्ताओं को आसानी से ठगा जा रहा है। जोडों का दर्द, शूगर डायबिटीज, कामशक्ति वर्धन, तिल मस्सों को हटाने से लेकर हर मर्ज की दवा सरेआम राष्ट्रीय चैनलों पर आनलाइन बेचे जा रहे है और लोग इन शातिरों के चंगुल में फंस रहे हैं। यही हाल समाचार पत्रों में छपे भ्रामक विज्ञापनों का है। सोशल मीडिया पर चल रहे तमाम ऐप्स पर भी यह ठगी धडल्ले से जारी है।

उपभोक्ता का आज अर्थ हो गया है लुट पिट कर भी कुछ ना कर पाने वाला। लूटने वाले बेखौफ होकर अपने हर तरह के उत्पाद उपभोक्ताओं को बेच रहे हैं। आज कस्टमर का मतलब हो.गया है, कष्ट से जो मर जाए और कुछ ना कर पाए। वत्स ने कहा कि अब तो सरकारी अस्पतालों, डिस्पेंसरियों में लो क्वालिटी की दवाएं आम आदमियों को दी जा रही हैं। जबकि सभी दवाएं उच्च गुणवत्ता और मानकों पर खरी उतरनी चाहिए। सरकार में बैठे लोग कमीशन के लालच में घटिया दवाएं खरीदकर लाखों लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। शिकायत करने पर टिका सा जवाब मिलता है हमारे पास यही दवाएं आई है। हमें भी पता है कि यह खराब और घटिया गुणवत्ता की दवाएं हैं लेकिन हम कुछ कर नहीं सकते। हम अपने अफसरों के और घटिया दवाओं के बारे में लिख कर नहीं दे सकते सिर्फ बता सकते हैं। वत्स ने कहा कि वे दिल्ली सरकार से रिटायर्ड हैं और पैंशनर स्कीम के तहत दिल्ली के पैनल में शामिल अस्पताल से इलाज कराने के पात्र हैं। वहां के डाक्टर किसी बुजुर्ग को प्रोस्टेट की बीमारी के लिए यूरीमेक्स केप्सूल लिखता है तो वहां का सीएमओ और डिस्पैंसरी स्टाफ उसे यूरीमेक टेबलेट जबरन थमाते हैं। शिकायत करने पर वे लड़ने मरने को तैयार हो जाते हैं। सारी की सारी दवाई हर बार अलग अलग कंपनी की दी जाती हैं। उनसे आराम होने की बजाय बीमारी बढ़ जाती है। बुजुर्ग कैशलेश पैंशनर के प्रति दिल्ली सरकार की डिस्पैंसरियों के स्टाफ और उनके सीएमओ इंचार्ज का रवैया बेहद क्रूर और बेरहमी वाला है। उनका कहना है कि जब हम

अस्पतालों और सरकारी डिस्पेंसरियों का स्टाफ कहता है हम भी बाजार से दवा खरीद कर खा रहे हैं। जब हम लोग शिकायत करते हैं तो हमें भी बाजार से खरीद कर खाने को कहा जाता है। हम बाजार से खरीद कर ही दवा खाने पर मजबूर हैं क्योंकि सिस्टम को लकवा मार गया है। सिस्टम ससठ चुका है। सारी दिल्ली में अस्पतालों और सरकारी डिस्पेंसरियों और मोहल्ला क्लिनिकों में घटिया निम्न गुणवत्ता वाली दवाएं पिछले कई सालों से दिल्ली सरकार का इस दवा खरीद घोटाले में दिल्ली स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और दिल्ली सरकार कर्मचारी स्वास्थ्य योजना कड़कड़डूमा के उच्च अधिकारियों और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव की संलिप्तता की बात अस्पताल और डिस्पेंसरियों का स्टाफ कर रहा है।

# पति को सार्वजनिक रूप से परेशान-अपमानित करना अत्यधिक क्रूरता, तलाक का बनता है आधार : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली। (पीएमए) दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी व्यक्ति को उसके कार्यालय में झूठे आरोपों के साथ सार्वजनिक रूप से अपमानित करना अत्यधिक क्रूरता का काम है। हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी के कामों को अत्यधिक क्रूरता का आधार तलाक लिया जा सकता है।




दिल्ली हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को उसके कार्यालय में झूठे आरोपों के साथ सार्वजनिक रूप से अपमानित करना और उसे महिलावादी करार देना उसके प्रति अत्यधिक क्रूरता का कार्य है। हाईकोर्ट ने पत्नी के इस प्रकार की हरकतों को अत्यधिक क्रूरता का आधार बताते हुए एक विवाहित जोड़े को दिए गए तलाक को बरकरार रखते हुए यह फैसला सुनाया। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की खंडपीठ ने विवाह के मूलभूत स्तंभों के रूप में विश्वास, आस्था और सम्मान के महत्व पर जोर दिया।

### बदनाम, अपमानजनक और निराधार आरोपों से खराब हुई छवि

खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपने जीवनसाथी से इस तरह के अपमानजनक आचरण को सहन करने की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए, जरूरत के समय में उनकी छवि और प्रतिष्ठा के रक्षक के रूप में काम करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि एक पति या पत्नी द्वारा लगाए गए लापरवाह, बदनाम करने वाला, अपमानजनक और निराधार आरोपों से दूसरे की छवि खराब हुई और यह अत्यधिक क्रूरता के काम के समान है।

### पति को अपमानित करना अत्यधिक क्रूरता

कोर्ट ने कहा कि दुर्भाग्य से एक ऐसा मामला है जहां पति को उसकी पत्नी द्वारा सार्वजनिक रूप से परेशान, अपमानित और मौखिक रूप से हमला किया जा रहा है, जो अपने कार्यालय की बैठकों के दौरान अपने सभी कार्यालय कर्मचारियों/मेहमानों के सामने बेवफाई के आरोप लगाने थे। कोर्ट में कहा गया कि उसने अपने कार्यालय की महिला कर्मियों को भी परेशान करना शुरू कर दिया और कार्यालय में उसे एक महिलावादी करार दिया गया। यह व्यवहार पति के प्रति अत्यधिक क्रूरता का कार्य है।

### छह महीने पहले हुई थी शादी

उच्च न्यायालय ने पारिवारिक अदालत के आदेश के खिलाफ पत्नी की याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसने पति द्वारा दायर अपील में क्रूरता के आधार पर तलाक की मंजूरी दे दी थी। इस जोड़े ने छह महीने पहले शादी की थी। कोर्ट ने कहा कि कोई भी सफल शादी आपसी सम्मान और विश्वास पर टिकी होती है।

यदि किसी एक स्तर से समझौता किया जाता है, तो रिश्ते का अंत निश्चित है क्योंकि कोई भी रिश्ता आधे सच, आधे झूठ, आधे सम्मान और आधे विश्वास पर टिक नहीं सकता है।

# महिला कर्मी ने अस्पताल के अधिकारियों पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

नई दिल्ली। (पीएमए) दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने समाचार एजेंसी पी एम ए को बताया है कि एक महिला ने आरोप लगाया है कि बुराड़ी स्थित सरकारी अस्पताल में उसके कार्यस्थल पर दो अधिकारियों ने उसका यौन उत्पीड़न किया और उसे धमकी भी दी। महिला की शिकायत के बाद डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस और अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को नोटिस जारी कर एफआईआर और कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। महिला ने दावा किया है कि उसने कथित घटना के संबंध में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। अधिकारियों को दिए गए नोटिस में कहा गया है, हमें अपने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के संबंध में एक महिला से शिकायत मिली है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि वह बुराड़ी के सरकारी अस्पताल में हाउसकीपिंग (विभाग) में काम करती है।

उसका आरोप है कि 17 दिसंबर को उनके मैनेजर और सुपरवाइजरों ने उसके और एक अन्य महिला स्टाफ के साथ छेड़छाड़ की।शिकायतकर्ता ने कहा है कि 19 दिसंबर को उसके प्रबंधक और पर्यवेक्षकों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसे परेशान किया और उनकी अनुचित मांगों को नहीं मानने पर उसे ड्यूटी से हटाने की धमकी दी।

डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस से मामले में दर्ज एफआईआर की प्रति और गिरफ्तार आरोपियों का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है।

पुलिस को दिए गए नोटिस में कहा गया है, यदि किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, तो कृपया इसके कारण और मामले में विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट दें।

मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए कृपया 26 दिसंबर तक आयोग को मांगी गई जानकारी देंडीसीडब्ल्यू ने चिकित्सा अधीक्षक से इस मामले में पीड़ित कर्मचारियों से प्राप्त शिकायत की एक प्रति और उस पर की गई कार्रवाई का ब्योरा भी मांगा है।

# ग्रैंड कैलाश मैराथन 2023 का सफ्लतापूर्वक हुआ आयोजन



नोएडा । कैलाश अस्पताल समूह और वाईएसएस फाउंडेशन की ओर से रविवार, 24 दिसंबर 2023 को ग्रैंड कैलाश मैराथन 2023 का आयोजन हुआ। मैराथन में पंजीकरण के लिए नोएडा सैक्टर 71 स्थित कैलाश अस्पताल परिसर में रविवार सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया। "स्वस्थ समाज और स्वस्थ देश" निर्माण संकल्प के साथ दौड़ने के लिए एक हजार से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया। सुबह साढ़े पांच बजे से पंजीकरण शुरू हुआ और मैराथन में हिस्सा लेने वाले लोगों को अलग- अलग वर्गों में निर्धारित कर प्राणायाम करवाया गया। जिसके बाद प्रशिक्षितों द्वारा जुंबा और योग क्रियाएं कराई गई। जुंबा सेशन में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य क्षमता और शारीरिक दक्षता की अवस्था का अनुभव लिया और योग के माध्यम से उनके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर एवं एकाग्रता में वृद्धि के लिए अभ्यास करवाए गए। "न्यू भारत फिट भारत" उद्देश्य के साथ देश के अलग अलग हिस्सों से आये प्रतिभागियों से सुसज्जित मैराथन को कैलाश अस्पताल समूह की निदेशक डा. पल्लवी शर्मा और डा. श्रीकांत ने सुबह 06:30 हरी झंडी दिखाकर मैराथन और वाकथॉन को शुरू किया। 1, 3, 5 और 10 किलोमीटर की दौड़ में एक हजार से अधिक लोग दौड़े।

मैराथन में मुख्य रूप से साउथ दिल्ली रनिंग ग्रुप, एनसीआर रनिंग ग्रुप, नोएडा रनिंग ग्रुप और स्टूडेंट्स रनिंग ग्रुप के धावकों ने सबको प्रभावित किया। साथ ही नोएडा रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन, एनजीओ और स्कूली छात्र - छात्राओं ने प्रतिभागी बनकर मैराथन को सफ्ल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नए साल में जेवर एयरपोर्ट से भरेगी पहली उड़ान

नोएडा। (पीएमए) नया साल 2024 नयी उमंगों, उम्मीदों और नए जोश के साथ साथ नयी शुरूआत लेकर आ रहा है। नोएडा समेत पूरे एनसीआर के लिए 2024 कुछ खास होने जा रहा है। यह साल न सिर्फ नई विकास की गाथा लिखने जा रहा है बल्कि विश्व मानचित्र पर नोएडा जनपद गौतमबुद्ध नगर को एक नई पहचान भी देने जा रहा है। दरअसल, इस साल कई बड़ी और महत्वकांक्षी परियोजनाओं को क्षेत्रवासी अपने सामने धरातल पर उतरता देखेंगे। इसी कड़ी में देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट भी इसी वर्ष अपनी पहली उड़ान भरने जा रहा है।

### फरवरी में शुरू हो जाएगा ट्रायल रन

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेनेलमेन ने बताया कि कंपनी ने तिमाही आधार पर निर्माण से जुड़े लक्ष्य निर्धारित किए हैं। बड़ी बात यह है कि कंपनी निर्धारित वक्त से पहले लक्ष्य हासिल कर रही है। इसी रफ्तार से हवाईअड्डे का निर्माण चलता रहा तो फरवरी 2024 में ही हवाईअड्डे से ट्रायल रन शुरू किया जा सकता है। परियोजना से जुड़े आर्थिक पहलुओं पर पहले ही काम हो चुका है। आधुनिक तकनीक से युक्त यह डिजिटल एयरपोर्ट होगा। सांस्कृतिक धरोहर को समेटे इस एयरपोर्ट में बनारस के घाटों की झलक दिखेगी।

### एयरपोर्ट पर बनेंगे छह रनवे

पहले चरण का काम 1334 हेक्टेयर में चल रहा है। टर्मिनल बिल्डिंग, रनवे, एटीसी टावर (एयर कंट्रोल टावर) और अन्य कार्यों को समय से पूरा करने के लिए 400 से अधिक मशीनें और आठ हजार से अधिक श्रमिक लगे हैं। जो दिन रात काम करके प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपने को पूरा करने में लगे हैं। इस एयरपोर्ट पर छह रनवे बनाए जाएंगे। इसमें से एक रनवे एमआरओ (मेंटीनेंस, रिपेयरिंग एंड ओवरहालिंग) के लिए आरक्षित रहेगा। एमआरओ हब दूसरे चरण में विकसित होगा।

### नोएडा एयरपोर्ट को मिली पहचान

पूरी दुनियाभर में जितने भी एयरपोर्ट हैं। उनका एक कोड होता है, जिसको इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन देता है। नोएडा एयरपोर्ट को भी कोड आवंटित हो गया है। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मिलता-जुलता कोड नोएडा एयरपोर्ट को मिला है। इस एयरपोर्ट की पहचान डीएक्सएन से होगी। बता दें कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए तीन नाम भेजे गए थे। अगर आप फ्लाइट बुकिंग करते हैं तो आपको डीएक्सएन एयरपोर्ट से बुकिंग करनी होगी।

### इस एयरलाइन की मिलेगी पहली फ्लाइट

नये साल के सितंबर महीने तक एक रनवे के साथ एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स का संचालन शुरू हो जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट से पहले दिन से 65 फ्लाइट उड़ान भरेंगी। इसमें 62 घरेलू, दो अंतरराष्ट्रीय और एक कार्गो फ्लाइट शामिल है। शुरुआत में यहां से लोगों को इंडिगो एयरलाइन की सेवा मिलेगी। इसके लिए एमओयू साइन हो चुका है।

### 80 एकड़ में बनेगा कार्गो हब

एयरपोर्ट परिसर में 80 एकड़ में मल्टी मॉडल कार्गो हब विकसित किया जाएगा। यहां से दो लाख टन माल हर साल जा सकेगा। यह क्षमता 20 लाख टन सालाना तक की जाएगी। इसमें नई तकनीक का इस्तेमाल होगा। यहां कूलपोर्ट बनेगा, जिससे दवाओं आदि के लिए उचित तापमान मिल सकेगा। कोरियर टर्मिनल और ट्रकिंग सिस्टम भी बनाया जाएगा।

### दस एयर ब्रिज बनेंगे

एयरपोर्ट में दस एयर ब्रिज यात्रियों के सफर को आसान करेंगे। इससे यात्री विमान से सीधे टर्मिनल बिल्डिंग में आ-जा सकेंगे। एयरपोर्ट के संचालन के साथ ही एयर ब्रिज भी शुरू हो जाएंगे। बिना एयर ब्रिज के यात्रियों को बस से विमान तक ले जाया जाता है। फिर वहां सीढ़ी लगाकर उन्हें चढ़ाया जाता है। एयर ब्रिज के जरिये यात्री टर्मिनल बिल्डिंग से सीधे विमान तक पहुंच सकेंगे।

### दूसरे देशों पर निर्भरता होगी कम

दूसरे चरण में 1365 हेक्टेयर में एमआरओ (मेंटीनेंस, रिपेयरिंग एंड ओवरहालिंग) हब विकसित होगा। इसके लिए डेडीकेटेड रनवे बनेगा। अभी तक देश में एमआरओ का कोई बड़ा हब नहीं है। विमानों की मरम्मत के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी। यह काम एयर इंडिया और सैट्स का ज्वॉइंट वेंचर एयर इंडिया सैट्स (एआईएसएटीएस) करेगा। एआईएसएटीएस ने नोएडा कार्गो टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एसपीवी बनाकर काम शुरू कर दिया। इसमें 1200 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### तय समय पर पूरा होगा काम

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का संचालन अगले साल शुरू हो जाएगा।

# डीजेबी सदस्यों की नियुक्ति न होने पर आतिशी ने जताई नाराजगी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने रविवार को दिल्ली जल बोर्ड में दो महीने से अधिक समय से जल एवं ड्रेनेज (डीजेबी) सदस्यों की नियुक्ति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की।

आतिशी ने आरोप लगाया कि दो वरिष्ठतम तकनीकी सदस्यों की नियुक्ति की फाइलें दिल्ली जल बोर्ड, शहरी विकास विभाग और सेवा विभाग के बीच घूम रही हैं।



एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मंत्री ने मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सात कार्य दिवसों के भीतर डीजेबी में पूर्णकालिक सदस्य (जल, जल निकासी, वित्त) हों। मंत्री के पत्र के अनुसार,कई परियोजनाएं रुकी हुई हैं क्योंकि तकनीकी मंजूरी केवल इन तकनीकी सदस्यों द्वारा ही दी जा सकती है। पत्र में लिखा था,तीन महीने से अधिक समय तक कोई पूर्णकालिक वित्त सदस्य नहीं है।

आतिशी ने दावा किया,संबंधित मंत्रियों (जल एवं शहरी विकास) को इन नियुक्तियों के संबंध में कोई फाइल नहीं भेजी गई है, जिसमें दावा किया गया है कि यह 'सेवा' मामला है और इसलिए निर्वाचित सरकार के दायरे से बाहर है। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि यह डीजेबी को गतिरोध में लाने की एक साजिश है और यह दिल्ली के लोगों के प्रति सरासर संवेदनहीनता है। अगर डीजेबी को वरिष्ठ प्रशासकों के बिना रखा गया है तो वह दिल्ली के लोगों को पानी और सीवरेज सुविधाएं कैसे प्रदान करेगा?

### 16 दिन पहले लापता हुई छात्रा बरामद

मोदीनगर। मोदीनगर में कस्बा पतला की एक कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय बीए की छात्रा को अगवा कर पांच लाख रुपए फिरौती मांगने के मामले में नया मोड़ आया है। छात्रा को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया गया है। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने छात्रा को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि गत 7 सितम्बर को कस्बा पतला की एक कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय छात्रा बीए में स्कूल जाते समय संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई थी। इतना ही नहीं छात्रा के ताऊ को फोन करके अपहरण करने की जानकारी दी गई और पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। 16 दिसम्बर को छात्रा के पिता ने इस संबंध में ऑनलाइन शिकायत की थी। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा को बरामद करने के लिए पुलिस की कई टीमों का गठन किया।

## संपादकीय

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सबसे बड़ा उदाहरण एलन मस्क का स्टार्टअप न्यूरालिंक है, जिसका लक्ष्य साल 2030 तक बाइस हजार लोगों पर ब्रेन चिप इंप्लांट करना है। इस चिप की मदद से इंसानी दिमाग आसपास मौजूद लैपटॉप, टैबलेट और अन्य गैजेट तक वायरलेस कनेक्टिविटी के जरिए कोई भी कमांड दे सकेगा। कहने को तो न्यूरालिंक अपने चिप्स के ज़रिए अंधेपन से लेकर पेरालिसिस जैसी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश करेगा और कपंनी के अनुसार इसके ज़रिए शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए कंप्यूटर और मोबाइल का इस्तेमाल करना आसान बन सकता है, लेकिन इससे या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की असीम अच्छी और बुरी संभावनाओं पर बहस छिड़ गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल ही में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर कही गई ये बात बहुत ध्यान देने लायक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई का वर्तमान और भविष्य दोनों पीढ़ियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है। हमें अत्यधिक सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग पर अत्यंत सतर्क दृष्टिकोण का आग्रह करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में हुए ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के गहरे पहलुओं से उत्पन्न संभावित जोखिमों और चुनौतियों को रेखांकित किया था।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक विज्ञान है जिसमें मशीन्स को इंसानों की बुद्धिमत्ता का अनुकरण करने की क्षमता प्रदान की जाती है। इस लेख में, हम एआई के प्रभाव, उपयोग, चुनौतियां, और इसके भविष्य के परिप्रेक्ष्य में विचार करेंगे।

**उद्यमिता में सुधार :** एआई के सुधारमूलक प्रयोगों से उद्यमिता में वृद्धि हो रही है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में स्वागतपूर्ण परिणाम मिल रहे हैं।

**रोबोटिक्स और उद्योग 4.0 :** एआई के उपयोग से रोबोटिक्स में विकास हो रहा है और उद्योग 4.0 के साथ संबंधित क्षेत्रों में भी नए अवसर बन रहे हैं।

**स्वास्थ्य सेवाएं :** एआई का उपयोग रोगों के निदान और उपचार में सुधार के लिए हो रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक समृद्धि प्राप्त कर रही हैं।

**शिक्षा :** एआई के माध्यम से शिक्षा में नए तरीके आए हैं, जैसे कि अनुकरणात्मक शिक्षा और व्यक्तिगत पढ़ाई।

**नैतिकता और गोपनीयता :** एआई के उपयोग से उत्पन्न होने वाली नैतिक समस्याएं और गोपनीयता समस्याएं एक बड़ी चुनौती प्रदान कर रही हैं।

**नौकरी की हानि :** कुछ क्षेत्रों में एआई के प्रवाह के कारण कुछ परंपरागत नौकरियां हो सकती हैं।


एआई का भविष्य अद्भुत है और इसे सही दिशा में प्रगट होने के लिए सावधानीपूर्ण रूप से निर्धारित करना होगा। नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए और समाज के लाभ के लिए एआई का सही उपयोग करना महत्वपूर्ण है।




# देश हित को प्राथमिकता दे रहे मतदाता

इन दिनों प्रत्येक भारतीय हर चुनाव में खुलकर भागीदारी कर रहा है तथा अपने मुल्क के लिए हर सूबे में एक बड़े बहुमत के साथ सरकार चुन रहा है। अब वह चुनावों के आर्थिक बोझ को अपने आर्थिक विकास में एक बहुत बड़ी बाधा मानता है, इसी कारण खंडित जनादेश भारतीय लोकतंत्र से लगभग खत्म होता जा रहा है। वह अब आर्थिक विकास के नकली दंभ को बिल्कुल भी नहीं रखना चाहता। कारण एक ही है कि 75 वर्ष के इस आजाद मुल्क की तकरीबन तीन पीढ़ियों का आर्थिक संघर्ष उसके जीवन में आज भी है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जिस पर हमें गर्व है, पर यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि चुनावों के दौरान प्रत्येक मतदाता पर आने वाली लागत उसके प्रतिदिन के आर्थिक जीवन स्तर की लागत से तुलनात्मक रूप से दोगुनी रहती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान प्रति मतदाता लागत तकरीबन आठ डॉलर थी, जबकि उस चुनाव से चार वर्ष बाद भी देश में प्रति व्यक्ति आय प्रतिदिन के हिसाब से करीब तीन डॉलर या मात्र 250 रुपये के लगभग ही थी। यह आंकड़ा इस बात को स्पष्ट करता है कि भारतीय चुनाव बहुत महंगे होते जा रहे हैं और इनकी आर्थिक लागत अंततः वित्तीय संसाधनों की कमी के चलते आम नागरिक के विकास में बाधा के रूप में सामने आती है। अब समय आ गया है, जब इस बात पर भी गौर किया जाए कि यदि पिछले 75 वर्षों में एक आम भारतीय का जीवन आर्थिक रूप से बहुत अधिक समृद्ध नहीं हुआ है, तो इस संदर्भ में कुछ समस्याओं का जिक्र अमूमन होता है, मसलन, जनसंख्या में बढ़ोतरी, लगातार बेरोजगारी, बढ़ी हुई महंगाई, कृषि क्षेत्र पर अधिक निर्भरता व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी। पर अब, इन सब में देश के विभिन्न चुनावी खर्चों को भी क्यों न शामिल किया जाए? देश के पहले आम चुनाव में प्रति मतदाता चुनाव लागत 60 पैसे थी, जो वर्ष 2004 में 17 रुपये हो गई। यह लागत वर्ष 1985 तक दो रुपये प्रति मतदाता रही। यहां यह जिक्र करना भी आवश्यक है कि वर्ष 1952 के पहले आम चुनाव के दौरान देश में कुल मतदाताओं की संख्या तकरीबन 17 करोड़ के आसपास थी, जो 2019 के लोकसभा चुनाव में बढ़कर करीब 90 करोड़ हो गई। यानी आजादी के बाद से पिछले 17 आम चुनावों में मतदाताओं की संख्या पांच गुना से अधिक बढ़ी है, जबकि उन पर आने वाली चुनावी लागत उससे बहुत अधिक रही। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक, 2019 में हुए चुनाव पर कुल 55,000 करोड़ रुपये का खर्च आया था, जबकि वर्ष 1952 के पहले आम चुनाव में यह लागत करीब 11 करोड़ थी। हैरानी की बात यह भी है कि 2019 का आम चुनाव अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की लागत से भी ज्यादा महंगा था। बीते दिनों जब पांच राज्यों के चुनावों का परिणाम आया, तो यह बात एक बार फिर से देखने को मिली कि किसी भी राज्य में खंडित जनादेश नहीं था। दूसरी बात यह कि आम आदमी के विकास के संबंध में बनाई गई योजनाओं को, जिन्हें चाहे लोक-लुभावन योजनाएं या %रेवड़िया बांटने% जैसे मुहावरों से जोड़ा जाए, जनता का समर्थन मिला, तो इसका मतलब है कि आम व्यक्ति बुनियादी ढांचे के विकास के इतर भी अपने व्यक्तिगत जीवन में कुछ सुविधाएं चाहता है। चुनाव में मतदाता आर्थिक सोच से ही प्रभावित होता है, न कि किसी अन्य उद्देश्य या नैरेटिव से। इसमें भी दो राय नहीं है कि आर्थिक रूप से सजग रहने के बावजूद एक आम मतदाता चुनावों में हर बार धोखा खाता है। ऐसा न हो कि लगातार बढ़ रही जीडीपी को आम व्यक्ति अपने आर्थिक विकास का मुख्य आधार मानने लगे और अमीरी-गरीबों के बीच खाई लगातार बढ़ती चली जाए। यह बात और अधिक दर्द देती है, जब पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बावजूद प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के लिए हम 2047 तक की समय सीमा निश्चित करते हैं और यह सपना देखते हैं कि आजादी के सौवें वर्ष में तो हम विकसित मुल्क बन जाएंगे।

# मर्यादा एक मापदण्ड अनेक ?



**तनवीर जाफ़री**

बात का बतंगड़ कैसे बनाया जाता है यह हमारे देश के नेताओं से बेहतर भला और कौन जा सकता है ? भारतीय राजनीति में अक्सर ऐसे उदाहरण देखे जा सकते हैं जब बे बात की बात को इतना बढ़ा दिया गया कि जन सरोकारों से जुड़े वास्तविक मुद्दे पूरी तरह परिदृश्य से ग़ायब हो जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी तो ख़ास तौर पर तिल का ताड़ बनाने में काफ़ी महारत रखती है। इन दिनों ऐसा ही एक मुद्दा उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से जुड़ा हुआ चर्चा में है। पिछले दिनों नवनिर्मित संसद भवन में चल रही कार्रवाई के दौरान सुरक्षा में हुई भारी चूक को लेकर संसद के शीतकालीन सत्रावसान तक भारी हंगामा देखा गया। भारतीय संसदीय इतिहास में पहली बार लगभग 150 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इसी निलंबन को लेकर तथा संसद की सुरक्षा चूक की जांच की मांग को लेकर विपक्षी सांसद, संसद भवन के भीतर व बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच टीएमसी के एक सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति धनखड़ की नक़ल उतारते हुये राहुल गांधी सहित अनेक निलंबित सांसदों को संसद भवन के बाहर सीढ़ियों पर सम्बोधित किया। बस धनखड़ की उतारी गयी यही नक़ल भाजपा के लिये न केवल संसदीय गरिमा को धूल धूसरित करने का मुद्दा बन गयी बल्कि बड़ी चतुराई से इसे जाटों के स्वाभिमान से भी जोड़ने की कोशिश कर दी गयी। यहाँ यह कहने की ज़रुरत नहीं कि सरकारी व दरबारी मीडिया भी इस मुद्दे पर सरकार से जुगलबंदी में मसरूफ़ रहा।

जिस समय देश का मीडिया मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान बांटने के लिये उपराष्ट्रपति की मिमिक्री यानी जाटों का अपमान जैसा नरेटिव देश पर थोपने की कोशिश कर रहा था उसी समय भारतीय कुश्ती महासंघ का चुनाव हो रहा था। और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष व सांसद बृज भूषण सिंह के बेहद क़रीबी वाराणसी निवासी संजय सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद पर भारी बहुमत से निर्वाचित हो रहे थे। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष व सांसद बृज भूषण सिंह वही नेता हैं जिनपर कई महिला पहलवान खिलाडियों द्वारा उनका यौन शोषण करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले ने इतना तूल पकड़ा था कि सांसद बृज भूषण सिंह की गिरफ़्तारी की मांग करते हुए साक्षी मलिक, विनेश फ़ोगाट और बजरंग पुनिया सहित अनेक खिलाड़ियों द्वारा कई सप्ताह तक दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया गया था। इस प्रदर्शन में देश के तमाम जाने माने लोग भी समय समय पर शामिल हुये थे। यहां तक कि नव निर्मित संसद भवन के उद्घाटन के दिन इन प्रदर्शनकारी खिलाड़ियों की दिल्ली पुलिस के साथ हाथापाई भी हुई थी। यहां तक कि अपने अपमान से दुखी होकर इन खिलाड़ियों ने अपने मेडल गंगा में प्रवाहित करने की चेतावनी तक दे दी थी। इनमें भी अधिकांश पीड़ित महिला खिलाड़ी जाट समुदाय से थीं।



ऐसी ही एक खिलाड़ी साक्षी मलिक ने तो संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष निर्वाचन के बाद मीडिया के समक्ष रोते हुये कुश्ती खेलने से ही सन्यास ले लिया। क्या उस समय या आज किसी भांड मीडिया, भाजपा नेता या जाटों की स्मिता पर घड़ियाली आंसू बहाने वालों ने अपना मुंह खोला ? क्या स्वयं जगदीप धनकड़ ने उस समय देश का गौरव व सम्मान बढ़ाने वाली इन मेडल विजेता खिलाड़ियों का दुःख दर्द सांझा किया था ?

भाजपा नेताओं की चतुराई और तिल का ताड़ बनाने में इनकी महारत का अंदाज़ा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि यह शब्दों के अर्थ व उसके उपयोग को भी अपनी सुविधानुसार निर्धारित कर लेते हैं।

मिसाल के तौर पर 2014 में चुनाव पूर्व जब नरेंद्र मोदी ने अपनी आदत के अनुसार राजीव गांधी सहित पूरे नेहरू गांधी परिवार पर हमला किया तो जवाब में प्रियंका गांधी ने यह कह दिया कि - इन्होंने अमेठी की धरती पर मेरे शहीद पिता का अपमान किया है और ये लोग नीच राजनीति पर उतर आए हैं। बस, प्रियंका गांधी के मुंह से नीच राजनीति शब्द निकलने की देर थी कि नरेंद्र मोदी ने इस शब्द को भी अपने लिये आपदा में अवसर की तरह स्वीकार करते हुये इस मुद्दे पर ट्वीट की बारिश कर डाली। मोदी ने उस समय लिखा था कि - सामाजिक रूप से मैं निचले वर्ग से आया हूं, इसलिए मेरी राजनीति इन लोगों के लिए नीच राजनीति ही होगी। यानी इस शब्द संघर्ष में मोदी ने अपने पिछड़े वर्ग से आने का कार्ड खेल दिया। उसी समय उन्होंने आगे लिखा था- हो सकता है कि कुछ लोगों को यह नज़र नहीं आता हो, पर निचली जातियों के त्याग, बलिदान और पुरुषार्थ की देश को इस ऊंचाई तक पहुंचाने में अहम भूमिका है।

उन्होंने यह भी लिखा था कि - इसी नीच राजनीति की ऊंचाई पिछले 60 सालों के कुशासन और वोट बैंक की राजनीति से भारत को मुक्त कर...भारत मां के कोटि-कोटि जन के आंसू पोंछेगी। गोया मोदी ने देश का दशकों नेतृत्व करने व बड़ी से बड़ी अनेक कुर्बानियां देने वाले नेताओं का क्या अपमान किया वह कोई विषय नहीं परन्तु प्रियंका ने जवाब में नीच राजनीति शब्द का इस्तेमाल क्या कर दिया कि मोदी ने नीच शब्द को विभिन्न तरीक़ों से परिभाषित कर इस शब्द को ज़रूर तिल के ताड़ के रूप में पेश कर दिया।

यदि बात संसद की गरिमा की भी की जाये तो इसी नवनिर्मित संसद भवन का वह काला दिन भी देश नहीं भूला है जब भाजपा के सांसद रमेश विधुरी ने बसपा सांसद दानिश अली को संसद में बोलते हुये उन्हें न केवल धर्मसूचक गलियां दी थीं बल्कि उन्हें धमकी तक दी थी।

उस समय तो देश को संसदीय गरिमा व मर्यादा का पाठ पढ़ने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री संसद में ठहाका लगाकर हंस रहे थे ? कहाँ चली गयी थी उसे समय संसद की मर्यादा ?और कौन खड़ा हुआ था उस समय दानिश अली व उनके धर्म के लोगों को सांत्वना देने ? मीडिया जिसतरह आज सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री मात्र को संसद व जाटों की गरिमा से जोड़ रहा है उसे रमेश विधुरी के अपमानजनक, अशिष्ट व असंसदीय बयान में क्या संसदीय गरिमा या दानिश अली के समुदाय का अपमान जैसा कुछ सुझाई नहीं दिया ? हमारे देश में गांधी से बड़ा संवैधानिक व्यक्ति और कौन हो सकता है। संसदीय गरिमा की दुहाई देने वाले इन्हीं लोगों की जमात के तमाम नेता गांधी को फ़ैशन की तरह गली देते रहते हैं। उन्हें गोली मारने का कुकृत्य नाट्य रूपांतर की तरह दोहराते हैं ,उसके हत्यारे की मूर्तियां लगाते हैं ,उसे देशभक्त बताते हैं ,क्या यह सब संसदीय गरिमा के अनुरूप है ? पचास करोड़ की गर्ल फ़्रेंड, कांग्रेस की विधवा, इटली का चश्मा, कपड़ों से पहचाने जाते हैं, देश के गद्दारों को गोली मारो .... जैसी तमाम मर्यादा विहीन बातें करने वालों की तरफ़ से जब मर्यादा की बातें की जाएँ तो यही लगता है कि मर्यादा तो एक है परन्तु इसके मापदण्ड शायद अनेक हैं ?

# मजबूत वर्तमान सुनहरे भविष्य की आधारशिला

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 141 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और निसंदेह आशा, उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है।




# क्रिसमस का इतिहास और महत्व



**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 25 दिसम्बर को विश्वभर में मनाया जाने 'क्रिसमस' पर्व ईसाई समुदाय का सबसे बड़ा त्यौहार है और संभवतः सभी त्यौहारों में क्रिसमस ही एकमात्र ऐसा पर्व है, जो एक ही दिन दुनियाभर के हर कोने में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। क्रिसमस पर्व वास्तव में धार्मिक मायनों में केवल एक महत्वपूर्ण त्यौहार ही नहीं है बल्कि इसका एक सांस्कृतिक नजरिया भी है। यह पर्व केवल एक दिन का उत्सव नहीं है बल्कि यह पूरे 12 दिन का पर्व है, जो क्रिसमस की पूर्व संध्या से शुरू हो जाता है। हिन्दुओं में जो महत्व दीवाली का है, मुस्लिमों में जितना महत्व ईद का है, वही महत्व ईसाईयों में क्रिसमस का है। जिस प्रकार हिन्दुओं में दीवाली पर अपने घरों को सजाने की परम्परा है, उसी प्रकार ईसाई समुदाय के लोग क्रिसमस के अवसर पर अपने घरों को सजाते हैं। इस अवसर पर शंकु आकार के विशेष प्रकार के वृक्ष 'क्रिसमस ट्री' को सजाने की तो विशेष महत्ता होती है, जिसे रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है।

मान्यता है कि करीब दो हजार वर्ष पूर्व 25 दिसम्बर को ईसा मसीह ने समस्त मानव जाति का कल्याण करने के लिए पृथ्वी पर जन्म लिया था। तब पूरे रोम में धार्मिक आडम्बर चारों ओर फैले थे, रोम शासक यहूदियों पर अत्याचार करते थे, धनाढ्य वर्ग विलासितापूर्ण जीवन व्यतीत करता था जबकि गरीबों की हालत अत्यंत दयनीय थी। चारों ओर अशांति फैली थी, भाई-भाई का शत्रु बन गया था, धर्मस्थलों के पादरी अथवा पुजारी स्वार्थसिद्धि में लिप्त थे, छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, ऊंच-नीच के बीच भेदभाव की गहरी खाई बन चुकी थी। ऐसे विकट समय में पृथ्वी पर जन्म लिया था यीशु (ईसा मसीह) ने। ईसाई धर्म के लोग मानते हैं कि ईसा के जन्म के साथ ही समूचे विश्व में एक नए युग का शुभारंभ हुआ था, यही कारण है कि हजारों वर्ष बाद भी उनके प्रति लोगों का वही उत्साह, वही श्रद्धा बरकरार है और 25 दिसम्बर की मध्य रात्रि को गिरिजाघरों के घड़ियाल बजते ही 'हैप्पी क्रिसमस' के उद्घोष के साथ जनसैलाब उमड़ पड़ता है, लोग एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देते हैं और आतिशबाजी भी करते हैं। इस



अवसर पर लोग गिरिजाघरों के अलावा अपने घरों में भी खुशी और उल्लास से ऐसे गीत गाते हैं, जिनमें ईसा मसीह द्वारा दिए गए शांति, प्रेम एवं भाईचारे के संदेश की महत्ता स्पष्ट परिलक्षित होती है।

हालांकि इस बात का कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलता कि क्रिसमस का त्यौहार मनाने की परम्परा कब, कैसे और कहां से शुरू हुई थी लेकिन माना जाता है कि यह पर्व मनाने की शुरूआत रोमन सभ्यता के समय ईसा मसीह के शिष्यों ने ही की होगी। जिन ईसा मसीह की स्मृति में लोग क्रिसमस का त्यौहार मनाते हैं, उनका जन्म अत्यंत विकट परिस्थितियों में हुआ था। दिसम्बर के महीने की हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड में इसराइल के येरूसलम से 8 किलोमीटर दूर बेथलेहम नामक एक छोटे से गांव में आधी रात के वक्त खुले आसमान तले एक अस्तबल में एक गरीब यहूदी यूसुफ की पत्नी मरियम की कोख से जन्मे थे यीशु, जिनके जन्म की सूचना सबसे पहले हेरोद जैसे क्रूर सम्राट को नहीं बल्कि गरीब चरवाहों को मिली थी। माना जाता है कि ये चरवाहे उसी क्षेत्र में अपनी भेड़ों के झुंड के साथ रहा करते थे और जिस रात ईसा ने धरती पर जन्म लिया, उस समय ये लोग खेतों में भेड़ों के झुंड की रखवाली करते हुए आग ताप रहे थे। कहा जाता है कि मरियम जब गर्भवती थी तो एक रात गैबरियल नामक एक देवदूत मरियम के सामने प्रकट हुआ, जिसने मरियम को बताया कि उन्हें ईश्वर के बेटे की मां बनने के लिए चुना गया है। उन दिनों जनगणना का कार्य चल रहा था और तब यह प्रथा थी कि जनगणना के समय पूरा परिवार अपने पूर्वजों के नगर में एकत्रित होता था और वहीं परिवार के सभी सदस्यों का नाम रजिस्टर में दर्ज कराता था।

यूसुफ दाऊद के कुटुम्ब तथा देश का था, इसलिए गर्भवती मरियम को साथ लेकर वह भी नाम लिखवाने अपने पूर्वजों की भूमि बेथलेहम पहुंचा। जनगणना की वजह से बेथलेहम में उस समय बहुत भीड़ थी। वहां पहुंचकर युसूफ ने एक सराय के मालिक से रूकने के लिए जगह मांगी लेकिन सराय में बहुत भीड़ होने के कारण उन्हें जगह नहीं मिली। मरियम को गर्भवती देख सराय के मालिक को उस पर दया आई और उसने उन्हें घोड़ों के अस्तबल में ठहरा दिया। वहीं आधी रात के समय मरियम ने एक अति तेजस्वी पुत्र को जन्म दिया, जिसका 7 दिन बाद नामकरण संस्कार हुआ। बालक का नाम रखा गया 'जीजस', जिसे यीशु के नाम से भी जाना गया। यहूदियों के इस देश में उस समय रोमन सम्राट हेरोद का शासन था, जो बहुत पापी और अत्याचारी था। हेरोद को जीजस के जन्म की सूचना मिली तो वह बहुत घबराया क्योंकि भविष्यवक्ताओं ने भविष्यवाणी की थी कि यहूदियों का राजा इसी वर्ष पैदा होगा और उसके बाद हेरोद राजा नहीं रह सकेगा। हेरोद ने जीजस की खोज में अपने सैनिकों की टुकड़ियां भेजी लेकिन वे जीजस के बारे में कुछ पता नहीं लगा सके। घोर गरीबी के कारण जीजस की पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था तो नहीं हो पाई पर उन्हें बाल्यकाल से ही ज्ञान प्राप्त था। गरीबों, दुखियों व रोगियों की सेवा करना उन्हें बहुत अच्छा लगता था। इतना ही नहीं, बड़े-बड़े धार्मिक नेता भी उनके सवाल-जवाबों से अक्सर चकित हो जाते थे। उन दिनों लोग मूर्तिपूजा किया करते थे और सर्वत्र धर्म के नाम पर आडम्बर फैला था। यीशु ने मूर्तिपूजा के स्थान पर एक निराकार ईश्वर की पूजा का मार्ग लोगों को बताया और उन्हें अपने हृदय में आविर्भूत ईश्वरीय ज्ञान का संदेश सुनाया। उनके उपदेशों से प्रभावित होकर उनके शिष्यों की संख्या दिनोंदिन बढ़ने लगी तथा उनकी दयालुता और परोपकारिता की प्रशंसा सर्वत्र फैल गई, जिससे यहूदियों के पुजारी और धर्म गुरू उनके घोर शत्रु बन गए।

एक बार यीशु प्रार्थना कर रहे थे तो उन्हें अपना शत्रु मान चुके यहूदियों के पुजारी व धर्मगुरू उनको पकड़कर ले गए। जब उन्हें न्यायालय में उपस्थित किया गया तो न्यायाधीश ने राजा और धर्मगुरूओं के दबाव में यीशु को प्राणदंड की सजा सुना दी। यहूदियों ने यीशु को कांटों का ताज पहनाया और फटे कपड़े पहनाकर कोड़े मारते हुए उन्हें पूरे नगर में घुमाया। फिर उनके हाथ-पांवों में कीलें ठोंककर उन्हें 'क्रॉस' पर लटका दिया गया लेकिन यह यीशु की महानता ही थी कि इतनी भीषण यातनाएं झेलने के बाद भी उन्होंने ईश्वर से उन लोगों के लिए क्षमायाचना ही की। सूली पर लटके हुए भी उनके मुंह से यही शब्द निकले, ''हे ईश्वर! इन लोगों को माफ करना क्योंकि इन्हें नहीं पता कि ये क्या कर रहे हैं? ये अज्ञानवश ही ऐसा कर रहे हैं।''

## शार्ट न्यूज

### आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर का हार्ट अटैक से निधन, मंच पर ही ली अंतिम सांस

जयपुर/ कानपुर। (पीएमए) आईआईटी-कानपुर के डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रोफेसर समीर खंडेकर का निधन हो गया है। दुख की बात यह है कि उनका निधन एक पूर्व छात्र सम्मेलन में मंच पर भाषण देते हुए हुआ, जो दिल से जुड़े विषय पर था। जिसके बाद वे मंच पर ही गिर पड़े। उन्हें आनन-फानन लक्ष्मीपत सिंघानिया इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी ले जाया गया, जहां उन्हें डेड अपॉन अराइवल घोषित कर दिया गया। आईआईटी-के सूत्रों के अनुसार, प्रोफेसर 2019 से ही दिल की समस्याओं से जूझ रहे थे। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि जब तक मरीज़ को अस्पताल लाया गया, तब तक वह पहले ही दम तोड़ चुके थे। उन्होंने आगे कहा, उनकी मृत्यु दिल के दौरे या दिल के ब्लॉक से हुई है। आईआईटी-कानपुर के निदेशक प्रोफेसर एस. गणेश ने सोशल मीडिया पर इस दुखद खबर को साझा करते हुए कहा कि संस्थान एक विनम्र आत्मा के खोने का शोक मना रहा है। प्रोफेसर खंडेकर अपने माता-पिता, पत्नी प्रादन्या और एक बेटे को पीछे छोड़ गए हैं।

### श्री राम के ससुराल वाले भी आएंगे अयोध्या

अयोध्या। (पीएमए) रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मिथिला निमंत्रण भेज दिया गया है। वहां पर वैदिक संस्कृति का पालन करते हुए 'भार' लाने की तैयारी की जा रही है। राम मंदिर के उद्घाटन की तैयारियां जोरो-शोरो से हो रही है। लोगों को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा जाने लगा है। 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकंड का मुहूर्त निकाला गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भगवान श्री राम की ससुराल नेपाल में जनकपुर स्थित जानकी मंदिर के महंत को भी अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया है। मीडिया से बातचीत में जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी राम रोशन दास के अनुसार उनको मंदिर के महंत का निमंत्रण मिला। न्योता मिलने के बाद वैदिक संस्कृति का पालन करते हुए तैयारियां की जा रही हैं। दास ने कहा कि मिथिला और अयोध्या का अनोखा रिश्ता है। हम वहां जाने की तैयारियों में लग गए हैं। हम 'भार' को भी अयोध्या ले जाएंगे।

### सद्भावना एक्सप्रेस के कोच में लगी आग

सुलतानपुर। सुल्तानपुर से वाया लखनऊ होकर दिल्ली जा रही सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी में आग लगने से हड़कंप मच गया। रेल कर्मचारियों की सूझ-बुझ से बड़ा हादसा टल गया है। घटना शिवनगर रेलवे स्टेशन के पास की है। आग लगने के बाद बोगियों पर सवार यात्री बोगियों से उतर कर भागे। जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। रविवार को सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन सुल्तानपुर से दिल्ली के लिए रवाना हुई। ट्रेन वाराणसी-लखनऊ ट्रैक पर करीब 20 किमी शिव नगर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची थी कि एकाएक पैंट्री कार में आग लग गई। ऐसे में ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लिया और ट्रेन को रोका। कोच में रखे सिलेंडर से जैसे तैसे आग बुझाई गई। इस बीच ट्रेन में मौजूद यात्री दहशत में आ गए। रेल ट्रैक के पास यात्रियों में अफरातफरी का माहौल देखा गया। थानाध्यक्ष जीआरपी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि मौके पर पहुंचकर स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

### हत्या के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़। ईट भट्टे पर शराब के नशे में मजदूर की ईंट से मारकर हत्या मामले मे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके बाद जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। रानीगंज थाना क्षेत्र के चौहरजन मार्ग पर लच्छीपुर में स्थित ईंट भट्ठे पर झारखंड के लोहरददा के मजदूर काम कर रहे हैं। शुक्रवार रात करीब 8 बजे मजदूरों में विवाद के बाद ईंट से मारपीट होने लगी। एक मजदूर बिहारी (50) सिर पर ईंट के प्रहार से गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच बचाव में भांगड़ा (46) घायल हो गया।दोनों को रात में ही सीएचसी लाया गया। इलाज के दौरान बिहारी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारपीट करने वाले कई मजदूरों को हिरासत में ले लिया। साथ रहने वाले परिवार के ही मजदूर मंगल की तहरीर पर विनोद कुमार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर ले जाया गया। बिहारी के परिवार के मंगल की तहरीर पर एक अन्य मजदूर विनोद कुमार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। थाने के एसआई दीपक कुमार ने विनोद को भट्ठे के पास से गिरफ्तार कर लिया उसके बाद जेल भेज दिया गया।एसओ आदित्य सिंह ने बताया कि मजदूरों ने शराब के नशे में मारपीट की।

### रायबरेली: पिकअप पलटी, मजदूर की मौत

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के हरचंदपुर इलाके में रविवार सुबह तड़के पोल्ट्री फार्म की पिकअप के पलटने से एक श्रमिक की उसके नीचे दबकर मौत हो गई । पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 6 बजे हरचंदपुर के प्यारे पुर इलाके में पोल्ट्री फार्म की पिकअप जिसमे मुर्गा मुर्गी लदे थे, उसका टायर फट जाने से एक श्रमिक लवकुश (19) की उसके नीचे दबकर मौत हो गयी। बताया गया कि सुबह प्यारेपुर इलाके में पिकअप का अचानक टायर फट गया जिससे गाड़ी असंतुलित हो गयी और पलट गई। पिकअप में ड्राइवर समेत दो अन्य लोग बैठे थे। चलती गाड़ी का जब टायर फट गया और तब उसमें बैठा लवकुश असंतुलित गाड़ी के पलटने के पहले अचानक खिड़की से कूद कर बाहर निकल कर भागने की कोशिश करने लगा। इतने में ही गाड़ी पलट गई और लवकुश उसके नीचे दब गया। चलती गाड़ी का सारा वजन लवकुश पर पड़ा आ उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। लवकुश के साथ बैठे बाकी दो अन्य पिकअप सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है। इस सड़क हादसे में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### वाहन चोरी करने वाले गैंग का खुलासा

बलरामपुर। बलरामपुर में देहात थाना पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने अंतर्जनपदीय वाहन चोरी करने वाले गैंग का खुलासा किया है। साथ ही गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरोह के सदस्यों के पास से कार एवं सिसई गांव के पास से 5 दिसंबर को चोरी हुए ट्रक की बॉडी को बरामद किया है। सीओ बृजनंद राय ने बताया कि 5 दिसंबर को विशेश्वरगंज जिला बहराइच निवासी चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने देहात कोतवाली के सिसई में खड़ी ट्रक चोरी होने की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू की और सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरी के ट्रक को ट्रेस किया। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपी विनोद सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पता लगा कि उसने ट्रक को अपने साथी पप्पू उर्फ अमरेश बहादुर वर्मा के साथ मिलकर चुराया था। 9 दिसंबर को ट्रक मनोज कुमार व अमेरिका प्रसाद के हाथों बेच दिया था। इसके बाद अमेरिका प्रसाद , राहुल एवं नवीन के साथ मिलकर सभी ने ट्रक को काटकर कबाड़ियों के हाथ साढ़े तीन लाख रुपए में बेच दिया था।

### प्रधानाचार्य ने 12वीं के छात्र को घसीट कर पीटा

उन्नाव। उन्नाव की सदर कोतवाली क्षेत्र के किला चौकी के अंतर्गत एक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र के परिजनों ने प्रिंसिपल पर मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि पिटाई से आहत होकर छात्र ने नशीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन डॉक्टरों ने कानपुर हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बेहतर उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में उसे भर्ती कराया है। इसके साथ ही थाना कोतवाली में प्रिंसिपल के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दही थाना क्षेत्र के बजरहा खेड़ा दुआ गांव के रहने वाले रमेश पुत्र कुबेर ने बताया कि उनका 17 वर्षीय बेटा आकाश शहर कोतवाली क्षेत्र के एक निजी स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र है। सदर कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि बेटा आकाश शनिवार को सुबह साढ़े दस बजे कक्षा में पढ़ रहा था। इसी दौरान नागरिक शास्त्र के विषय आते ही प्रधानाचार्य एम एल गौतम देरी से आए।

# योगी सरकार के विशेष अभियान में निजी अस्पताल के 8671 टीबी मरीज नोटिफाई

**योगी सरकार ने इस साल निजी अस्पताल के जरिये 2.24 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का रखा है लक्ष्य**

लखनऊ। योगी सरकार ने निजी अस्पताल से इलाज करा रहे टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन सुनिश्चित कराने के लिए प्रदेश में सात से 14 दिसम्बर तक चलाये गए विशेष अभियान में 8671 टीबी मरीज नोटिफाई किये हैं।

मालूम हो कि योगी सरकार ने इस वर्ष निजी अस्पताल के नोटिफिकेशन का लक्ष्य दो लाख 24 हजार 300 तय किया था, जिसमें छह दिसम्बर तक 1,95,050 टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन किया जा चुका था। वहीं अभियान के माध्यम से यह संख्या बढ़कर दो लाख तीन हजार 721 पर पहुंच गई है। संयुक्त निदेशक (क्षय)/राज्य क्षय नियन्त्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं।



डॉ. भटनागर का कहना है कि योगी सरकार का पूरा ध्यान टीबी की स्क्रीनिंग बढ़ाने और शीघ्र जांच कर टीबी की पुष्टि वाले मरीजों का शीघ्र इलाज शुरू करने पर है।

इसके अलावा निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान बैंक खाते में प्रति माह 500 रुपये दिए जा रहे हैं, ताकि टीबी के शुरुआती इलाज के साथ-साथ इलाज के दौरान उचित पोषण भी सुनिश्चित किया जा सके। निजी अस्पताल के टीबी मरीजों का निक्षय पोर्टल पर नोटिफिकेशन होने से उन्हें निक्षय पोषण योजना का लाभ पहुंचाने और निक्षय मित्रों से जोड़ने में आसानी होगी। इससे सही पोषण के साथ भावनात्मक सहयोग भी उन्हें मिल सकेगा, जिससे वह जल्दी स्वस्थ हो सकते हैं। मालूम हो कि महानिदेशक-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें डॉ. दीपा त्यागी ने विशेष अभियान को लेकर प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और जिला क्षय रोग अधिकारियों को निर्देशित किया था कि नोटिफिकेशन बढ़ाने के साथ ही छूटे हुए मरीजों को निक्षय पोर्टल पर नोटिफाई कराना सुनिश्चित किया जाए।

#### कानपुर नगर में अभियान के दौरान सबसे अधिक नोटिफिकेशन

एक हफ्ते के विशेष अभियान के दौरान कानपुर नगर में सबसे अधिक 829, लखनऊ में 597, गाजियाबाद में 551, आगरा में 519 और मथुरा में 309 टीबी मरीज निजी अस्पताल के जरिये नोटिफाई किये गए। इन जिलों में निजी अस्पताल के नोटिफिकेशन को बढ़ाने में स्वयंसेवी संस्था एचएलएफपीपीटी और डॉक्टर्स फॉर यू की भी मदद ली जा रही है।

# प्रयागराज में बड़े हनुमान मंदिर का होगा कायाकल्प

**मेला क्षेत्र में स्थित लेटे हनुमान मंदिर की है पौराणिक महत्ता**

एजेंसी

**लखनऊ।** योगी सरकार 2025 में होने वाले महाकुंभ के अयोजन को यादगार बनाने में जुटी है। प्रयागराज में व्यापक स्तर पर परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

इसी क्रम में महाकुंभ मेला क्षेत्र में स्थित बड़े हनुमान मंदिर के कायाकल्प का भी प्रस्ताव है। बड़े हनुमान मंदिर को लेटे हनुमान का मंदिर भी कहा जाता है।

स्थानीय लोगों के साथ ही हर वर्ष देश और विदेश से लाखों लोग यहां हनुमान जी की विस्मित कर देने वाली छटा के दर्शन करने आते हैं। अधिक भीड़ होने पर यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसलिए योगी सरकार ने महाकुंभ से पहले करीब 40 करोड़ की लागत से बड़े हनुमान मंदिर परिसर के कायाकल्प की योजना बनाई है। इसमें आसपास की जमीन को लीज पर लेकर मंदिर का विस्तार किया जाएगा। साथ ही पर्यटक सुविधाओं में भी इजाफा होगा।

योगी सरकार महाकुंभ के रूप में दुनिया के सबसे बड़े मेले के अयोजन की मेजबानी करने जा रही है। सरकार की मंशा है की यह आयोजन इतना दिव्य और भव्य हो कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह यादगार बन जाए।

इसी क्रम में महाकुंभ की तैयारियों के साथ ही आसपास के धार्मिक स्थलों और पर्यटक स्थलों का भी विकास किया जा रहा है। लेटे हनुमान मंदिर के एक्जिक्यूशन प्लान को प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीडीए) के तहत इंप्लीमेंट किया जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए हाई कोर्ट के रिटायर जस्टिस से लीगल ओपिनियन भी लिया गया है।

योजना के तहत प्रयागराज मेला अथॉरिटी आसपास के इनक्रोच्ड एरिया को डिफेंस अथॉरिटी और कैंटोनमेंट बोर्ड से लॉन्ग टर्म के लिए लीज पर ले सकती है। इनक्रोच्ड एरिया का यूपी प्रयागराज मेला अथॉरिटी इलाहाबाद एक्ट 2017 के तहत उपयोग किया जा सकता है।

### गोण्डा : नील गोलीकांड के चार आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के नगर कोतवाली इलाके में हुए चर्चित नील गोलीकांड के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल नें रविवार को पत्रकारों को बताया कि गत 21 दिसम्बर को अवध केसरी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमर पाल सिंह उर्फ नील ठाकुर को नगर कोतवाली क्षेत्र के सोनी गुमटी रेलवे क्रॉसिंग के पास क्षतिग्रस्त वाहन के पास घायलावस्था में पड़ा पाया था। गश्त कर रही पुलिस टीम नें घायल नील को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों नें गंभीर अवस्था में उसे लखनऊ स्थानांतरित कर दिया। उन्होंने बताया कि घायल की हालत स्थिर बतायी गयी है। जायसवाल नें बताया कि नील ठाकुर और मुख्य आरोपी समर के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। इसको लेकर समर ने घटना को अंजाम दिया। एसपी नें बताया कि घटना के सिलसिले में दो नामित समेत चार आरोपियों को नगर कोतवाली इलाके के गायत्रीपुरम चौराहे के पास से आज सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा नामित आरोपियों के साथ घटना में प्रकाश में आये अन्य पांच आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी में जुटी है। उन्होंने बंदियों के नाम समर ,महेश,कृष्ण कुमार और मोहम्मद खैरुद्दीन उर्फ दारा बताया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से असलहा,कारतूस और दो वाहन बरामद किया गया है।

# मुख्तार के करीबी पर बड़ा एक्शन, एफआई हॉस्पिटल सील

**लखनऊ में एलडीए ने 8 मंजिला एफआई टावर बिल्डिंग की पार्किंग तोड़ी; 2 फ्लोर गिराया जाएगा**

लखनऊ। लखनऊ में मुख्तार के करीबी बिल्डर पर बड़ा एक्शन हुआ है। रविवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सिराज अहमद के स्त्रद्व हॉस्पिटल को सील कर दिया है। इसके साथ ही हॉस्पिटल के बगल में बने 8 मंजिला एफआई टावर की पार्किंग तोड़ दी है। साथ ही 7वें और 8वें फ्लोर को अवैध घोषित कर दिया गया है।




एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया, जल्द ही हॉस्पिटल की बिल्डिंग भी तोड़ी जाएगी। 5 दिसंबर को हॉस्पिटल को नोटिस दिया गया था। उन्होंने कहा, एफआई टावर के लिए बिल्डर ने 6 मंजिला बिल्डिंग का नक्शा पास कराया था और 8 मंजिला बिल्डिंग बना दी थी। इसके अलावा पार्किंग में भी दुकानें बनाकर कॉमर्शियल करके बेचा गया था। सारी पार्किंग तोड़ी जा रही है।

दरअसल, इससे पहले एलडीए ने 29 नवम्बर को मानचित्र के विपरीत निर्माण करने के आरोप में एफआई बिल्डर के निदेशक व करीबी बिल्डर शोएब इकबाल, मोनिस इकबाल, सिराज अहमद और माइकल के खिलाफ कैसरबाग कोतवाली में धोखाधड़ी और जाली दस्तावेज तैयार करने का मुकदमा दर्ज करवाया हैं।

एलडीए ने 5 दिसंबर को बर्लिंग्टन चौराहे स्थित एफआई टावर के ध्वस्तीकरण का आदेश जारी कर दिया।

अफसरों ने बिल्डर से जुडी अन्य प्रापर्टी की भी फाइल खोल दी है।

विभाग के जेई इम्तियाज अहमद का कहना है कि 18 फरवरी 1997 में एफआई बिल्डर निदेशक मोनिस इकबाल, उसके भाई सिराज और सहयोगी माइकल ने 23 हजार वर्गमीटर जमीन पर निर्माण की स्वीकृति मांगी थी।

# बुलंदशहर : ग्राम पंचायत सहायक ने खाया जहरीला पदार्थ , भर्ती

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर में उत्पीड़न से परेशान ग्राम पंचायत पंचायत सहायक ने मानदेय न मिलने पर ब्लॉक परिसर में जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या का प्रयास किया हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

घटना के बाद डीपीआरओ ने पंचायत सचिव को निलम्बित कर दिया तथा ग्राम प्रधान एवं बीडीओ को नोटिस दिया है।

परिजनों के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव खादमोहननगर निवासी शिव कुमार शर्मा(29) गांव में ही ग्राम पंचायत सहायक के पद पर तैनात है। आठ माह पूर्व शिवकुमार की ड्यूटी खंड विकास अधिकारी सहेंद्र कुमार की सरकारी गाडी चालक के रूप में लगाई गई थी। पीड़ित ने कई बार उच्चाधिकारियों से वेतन जारी करने की मांग की लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा वेतन जारी नहीं किया गया।

11 माह तक वेतन नहीं मिलने से आहत होकर शिव कुमार ने ब्लॉक परिसर में जहरीला पदार्थ पी लिया। आनन फानन में ब्लॉक कर्मचारियों ने शिव कुमार को सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर किया है। फिलहाल शिव कुमार का इलाज मेरठ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। उधर ग्राम खड़ मोहन नगर की ग्राम प्रधान रेनू दहिया का कहना है कि ग्राम पंचायत सहायक लगातार गैर हाजिर चल रहा था इस कारण उसका वेतन देना संभव नहीं था साथ ही ग्राम सचिव सौरव यादव का कहना है कि अनिमितताओं की शिकायत पर करीब 11 माह पूर्व हुई बैठक में प्रस्ताव लिखकर शिव कुमार को नोटिस जारी किया गया था लेकिन नोटिस के बाद से वह लगातार गैरहाजिर था।

### अवैध शराब ठिकाने पर पुलिस का छापा, 500 लीटर लहन किया गया नष्ट

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले की सैनी पुलिस ने आबकारी टीम के साथ रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा के नेतृत्व में खरगापुर मजरा धुमाई में अवैध शराब बनाने के ठिकाने में छापा मारकर 500 लीटर शराब का लहन नष्ट किया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की खरगापुर गांव के बाहर कुछ लोग शराब बना रहे हैं जिस पर आबकारी टीम के साथ सैनी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही शराब बना रहे लोग मौके से भाग निकले। छापामारी में मिला लहन पुलिस ने नष्ट कर दिया है। पुलिस के अनुसार इस धंधे में लिप्त लोगों की तलाश की जा रही है।

# टोल प्लाजा पर खड़ी कार से भिड़ा ट्रक, पुत्र की मौत पिता घायल

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की गोपीगंज कोतवाली के लाला नगर टोल प्लाजा पर रीचार्ज के लिए खड़ी कार में ट्रक ने टक्कर मार दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोपीगंज कोतवाली के लाला नगर टोल प्लाजा पर आज सुबह फास्टैग रिचार्ज करते समय कार में ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे कार सवार पुत्र की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि कानपुर के स्वरूप नगर निवासी रविराज गांधी अपने पिता स्वर्णजीत सिंह के साथ ग्लास्टर एमजी कार से बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए वाराणसी जा रहे थे। कार लाला नगर टोल प्लाजा पर पहुंची थी। फास्टैग रिचार्ज न होने के कारण पुत्र रवि राज गांधी (29 वर्ष) कार से नीचे उतरकर फास्टैग रिचार्ज कर रहा था। इस दौरान प्रयागराज से वाराणसी की तरफ आलू लाद कर तेज गति से आ रहे ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार के बगल में खड़ा युवक ट्रक के नीचे आ गया जिससे मौके पर ही युवक की जहां मौत हो गई वहीं कार में सवार पिता स्वर्णजीत सिंह (50 वर्ष) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। टक्कर से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। भाग रहे ट्रक चालक को टोलकर्मियों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# पुलिस ने मुठभेड़ में एक हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुरहन गांव में एक दिन पूर्व किशोरी की चाकू से हत्या के मामले में एक आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। एक दिन पूर्व दीदारगंज थाना क्षेत्र में चाकू से मारकर युवती शबनम राजभर ( 21) की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतका के परिजनों ने गांव के ही दो आरोपियों नवनीत सिंह उर्फ गांगुली और शुभम गौतम के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में 24 घंटे के भीतर दीदारगंज थाने की पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपी शुभम गौतम को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिले के एसपी अनुराग आर्य मौका-मुयायना करते हुए घटना के खुलासे के लिए पांच टीमों का गठन किया था जो आरोपियों की तलाश में लगी हुई हैं।

#### फरार आरोपी पर 25 हजार का इनाम

इस मामले का खुलासा करते हुए जिले के एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि घटना में शामिल एक आरोपी शुभम गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि इस घटना के मुख्य आरोपी नवनीत सिंह उर्फ गांगुली की तलाश में पांच टीमें लगी हुई हैं। इसके साथ ही फरार आरोपी नवनीत सिंह उर्फ गांगुली पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया है। इस बारे में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में यह भी बात सामने आई कि मृतका नवनीत सिंह से बात करती थी। आरोपी मृतका को भगाकर शादी भी करना चाहता था पर बात नहीं बनी।

# शामली में अलग-अलग हादसों में 5 लोगों की मौत

**घने कोहरे में ट्रैक्टर ट्रॉली से बाइक टकराई, बुग्गी में पीछे से टक्कर लगने से हुए हादसे**

शामली। शामली के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई। जहां पुलिस द्वारा सभी मृतक के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। साथ ही हादसों की जांच पड़ताल में पुलिस जुट गई है। हादसों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसों में जहां अलग-अलग कारण है। वहीं जनपद के नेशनल हाइवे पर सर्दी के मौसम में धुंध होना ओर काफी लंबे मार्ग पर रोशनी के बंदोबस्त न होना भी बताया जा रहा है। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हुई है। जहां सदर कोतवाली क्षेत्र के विजय चौक पर गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार एक युवक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। जिसकी ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ जाने के कारण मौत हो गई।




जिसका नाम विशाल चौहान निवासी गांव कड़ेला थाना कोतवाली बताया जा रहा है।

#### दूसरा हादसा

वहीं दूसरा हादसा देर रात ही उसे वक्त हुआ गांव बलवा निवासी अमित दिल्ली से बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह कांधला थाना क्षेत्र के दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे स्थित खंदावली चौकी के समीप पहुंचा तो उसकी बाइक अचानक स्लिप हो गई। घायल को पुलिस द्वारा शहर के सरकारी अस्पताल में लाया गया। जहा चिकित्सकों ने बाईक सवार युवक को मृतक घोषित कर दिया।

#### तीसरा हादसा

तीसरा हादसा कैराना थाना क्षेत्र के पावटी कला में हुआ। जहां अपनी गली में खड़े होकर अन्य लोगों से बात कर रही साइकिल सवार तासीम को तेज गति से आ रही एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी।

जहां साइकिल सवार ने कैराना सीएचसी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। साइकिल सवार को टक्कर मारने वाले भी बाइक सवार पास के गांव के बताए जा रहे हैं।

#### चौथा सड़क हादसा

चौथा सड़क हादसा झिंझाना थाना क्षेत्र के ऊन रोड पर हुआ है। गांव गागोर निवासी सनुज उर्फ गोलू बाइक पर सवार ऊन से अपने गांव लौट रहा था। तभी सड़क से गुजर रही भैंसा-बुग्गी से उसकी बाइक टकरा गई। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।जब युवक को पास के अस्पताल में भर्ती कराया।जहां उपचार के दौरान चिकित्साको ने युवक मृतक घोषित कर दिया।

#### पांचवा हादसा

पांचवा हादसा बाबरी थाना क्षेत्र के बाबरी- हिंड लिंक रोड पर होना बताया गया है। जहां नरेश निवासी गांव भदोंडा बाइक पर सवार होकर सड़क पर स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाकर वापस बाबरी की और जा रहे थे। जैसे ही वह लिंक रोड पर पहुंचा तो पीछे से आए ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार सड़क पर गिर कर गंभीर घायल हो गया।

# बाराबंकी डकैती मामले में दो बदमाश और दबोचे गए

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में बीते दिनों बर्तन व्यापारी के घर डकैती की वारदात करने वाले 25-25 हजार के इनामिया दो और बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोच लिया है। इन दो में से एक बदमाश ने डकैती का माल बरामद कराने के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसकी जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पैर में गोली मारकर उसे लंगड़ा बना दिया।

आपको बता दें कि इस मामले में सात आरोपियों को पुलिस और यूपी एसटीएफ की टीम ने पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। यानी इस वारदात के कुल नौ आरोपी अब तक दबोचे जा चुके हैं। जबकि तीन बदमाश अभी फरार हैं। पूरा मामला बाराबंकी जिले में कुर्सी थाना क्षेत्र के टिकैतगंज कस्बे से जुड़ा हुआ है। जहां के निवासी बर्तन व्यापारी शिव कुमार निगम के घर पर बीती 19 दिसंबर को हथियारबंद बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। डकैती के मामले में पुलिस अब तक कुल सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी थी। इसी मामले में फरार चल रहे 25-25 हजार रुपए के इनामी दो और बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 17 किलो चांदी और 52 ग्राम सोना बरामद किया है।

### जौनपुर : 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आकर डीसीएम चालक की मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में सुजानगंज थाना क्षेत्र के कुराव यादव बस्ती के पास लटकते 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार से डीसीएम गाड़ी स्पर्श होने पर लगी आग में देखते ही देखते चालक सहित डीसीएम जलकर खाक हो गई। पुलिस के अनुसार जिले में मछली शहर पावर हाउस से 11 हजार वोल्ट की लाइन मुस्तफाबाद सब स्टेशन पर गई है, लाइन का तार काफी नीचे होने के कारण मुर्गी का चारा लेकर जा रही डीसीएम गाड़ी उसमें स्पर्श कर गई, जिससे लगी आग के कारण चालक सहित डीसीएम जलकर खाक हो गई।

## शार्ट न्यूज

### भारत के आर्थिक विकास से उद्योग जगत में मांग बढ़ेगी, रेटिंग एजेंसी फिच ने जताई उम्मीद

नई दिल्ली। शीर्ष क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने उम्मीद जताई है कि भारत में आर्थिक विकास की वजह से उद्योग जगत में मांग बढ़ेगी। बता दें कि फिच ने एक नई रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट का शीर्ष इंडिया कॉरपोरेट्स-सेक्टर ट्रेंड्स 2024 है। फिच ने कहा है कि साल 2023 में उद्योग जगत का प्रदर्शन बढ़िया रहा और यह अहम ओवरसीज मार्केट की धीमी रफ्तार से भी उबरने में सक्षम होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि मांग बढ़ने से लागत का दबाव भी कम होगा और अगले वित्तीय वर्ष में इससे उद्योगों का लाभ भी बढ़ेगा। भारत में घरेलू स्तर पर मजबूत मांग है और उम्मीद है कि भारत दुनिया का सबसे तेजी से विकास करने वाला देश बनेगा। फिच ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। बता दें कि यह अनुमान तब है जब वैश्विक परिदृश्य पर कई चुनौतियां हैं। फिच की रिपोर्ट के अनुसार, सीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी और पेट्रोलियम उत्पादों की मजबूत मांग बढ़ेगी और यह कोरोना से पूर्व वाले मांग स्तर से भी ज्यादा रहेगी। भारत में आधारभूत ढांचे में हो रहे विकास के चलते स्टील की मांग भी बढ़ेगी।

### केंद्र से राज्यों को मिले अतिरिक्त कर के हिस्से के रूप में 72,961 करोड़

नई दिल्ली। केंद्र ने राज्यों को अतिरिक्त कर हिस्से के रूप में कुल 72,961.21 करोड़ रुपये जारी किये हैं। इसमें उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक 13,088.51 करोड़ रुपये मिले हैं। केंद्र और पश्चिम बंगाल में केंद्रीय करों के हिस्से के बकाए को लेकर प.बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात भी की थी। वित्त मंत्रालय ने बताया कि राज्यों को ये रकम आगामी त्योहारों और नए साल के मद्देनजर सामाजिक कल्याण के कार्यों और बुनियादी ढांचा विकास के लिए जारी की गई है। नियमों के अनुसार, राज्यों के केंद्रीय भंडार से मिलने वाले टैक्स का हस्तांतरण 14 किस्तों में होता है। 11 किस्तें 11 महीने तक हर महीने जारी की जाती हैं, जबकि 3 किस्त मार्च में जारी होती है। मंत्रालय ने कहा कि अतिरिक्त किस्त 10 जनवरी, 2024 को राज्यों को देय कर हस्तांतरण और इस साल 11 दिसंबर को जारी 72,961.21 करोड़ के अतिरिक्त है। यूपी के अलावा बिहार को 7,338 करोड़, मप्र को 5,727.44, प.बंगाल को 5,488.88, महाराष्ट्र को 4,608.96, राजस्थान को 4,396.64 और ओडिशा को 3303.69 करोड़ का भुगतान किया गया है। वहीं, सबसे कम सिक्किम को 283 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

### इंफोसिस से वैश्विक कंपनी ने 12,500 करोड़ का करार तोड़ा, 15 साल के लिए किया था समझौता

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी इंफोसिस ने शनिवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) समाधानों पर केंद्रित एक वैश्विक कंपनी के साथ उसका 1.5 अरब डॉलर (12,500 करोड़ रुपये) का करार खत्म हो गया है। इंफोसिस ने कंपनी का नाम और करार खत्म करने के कारणों के बारे में कुछ नहीं बताया है। आईटी सेवा प्रदाता कंपनी ने 15 साल की अवधि के लिए इस समझौते पर सितंबर में हस्ताक्षर किया था। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया है कि वैश्विक कंपनी ने अब समझौते को समाप्त करने का फैसला किया है और दोनों पक्ष यानी कंपनियां मास्टर एग्रीमेंट को आगे नहीं बढ़ाएंगी। यह करार डिजिटल अनुभव मुहैया कराने के मकसद से किया गया था। इसके साथ ही कारोबार के ऑपरेशन को आधुनिकीकरण करना भी करार में शामिल था। बंगलूरू स्थित कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नीलांजन रॉय के इस्तीफा देने के दो सप्ताह के भीतर ही यह समझौता समाप्त हुआ है। इंफोसिस में लगभग छह साल तक रहने के बाद रॉय ने अचानक इस्तीफा दे दिया था। इस समझौते का खत्म होना भारत में इंफोसिस और अन्य आईटी कंपनियों पर पिछली तीन से चार तिमाहियों में सुस्त कारोबार के कारण दबाव बढ़ने का संकेत देता है।

### रिकॉर्ड बिक्री के बाद वाहन उद्योग नए साल में तेजी बनाए रखने की तैयारी में जुटा

वर्ष 2023 में रिकॉर्डतोड़ बिक्री दर्ज करने वाला घरेलू वाहन उद्योग आने वाले साल में बिक्री वृद्धि नरम पड़ने की संभावना के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में जोर-शोर से लगा हुआ है। अगले कुछ दिनों में खत्म होने वाले वर्ष 2023 में यात्री वाहनों की बिक्री के 40 लाख यूनिट का आंकड़ा पार कर जाने की उम्मीद है। लेकिन नए साल की शुरुआत में ही वाहन विनिर्माताओं ने अपनी गाड़ियों के दाम बढ़ाने की घोषणा कर रखी है। इसका असर वाहनों की बिक्री वृद्धि पर पड़ सकता है। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर सी भार्गव ने कहा कि गुजरते साल की तुलना में अगले साल बिक्री नरम पड़ने की संभावना है। ऐसे में वाहन बिक्री की रफ्तार बनाए रखने के लिए छोटी कारों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। छोटी कारों की कुल वाहन बिक्री में हिस्सेदारी इस साल अप्रैल-अक्टूबर के दौरान करीब चार प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2018-19 में यह अनुपात करीब 14 प्रतिशत था। भार्गव ने कहा, जहां तक मारुति सुजुकी का सवाल है तो हमें उद्योग जगत से अधिक वृद्धि करने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में भी सकारात्मक तेजी रहेगी। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि अगले साल वाहन उद्योग के लिए बिक्री परिदृश्य सकारात्मक ही बने रहने की उम्मीद है।

### इंफोसिस को लगा बड़ा झटका, ग्लोबल क्लाइंट ने रद्द की इतने अरब डॉलर की डील

आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनी इंफोसिस को 1.5 अरब डॉलर का शॉक लगा है। कंपनी ने शनिवार यानी 23 दिसंबर को इसकी सूचना दी। हालांकि आईटी दिग्गज ने डील कैंसिल करने वाली उस विदेशी कंपनी का नाम उजागर नहीं किया। दरअसल इस साल सितंबर में, भारत की दूसरी सबसे बड़ी ढ्ढञ्ज सर्विस कंपनी, इंफोसिस ने इंफोसिस प्लेटफॉर्म और ढ्ढ सॉल्यूशन का लाभ उठाते हुए आधुनिकीकरण और बिजनेस ऑपरेशन सर्विस के साथ बेहतर डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए एक वैश्विक कंपनी (जिसका उन्होंने नाम नहीं लिया था) के साथ 1.5 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की थी। यह डील 15 साल की अवधि के लिए थी। एक एक्सचेंज फाइलिंग में इंफोसिस ने कहा, ग्लोबल कंपनी ने अब समझौता ज्ञापन को समाप्त करने का फैसला किया है और दोनों कंपनियां मास्टर समझौते का पालन नहीं करेंगी। यह एक ग्लोबल कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन के संबंध में कंपनी अपडेट शीर्षक वाले 14 सितंबर, 2023 के पत्र के माध्यम से इंफोसिस द्वारा किए गए खुलासे के क्रम में है, जो एक मास्टर समझौते में प्रवेश करने वाले पक्षों के अधीन था। हालांकि फाइलिंग में डील रद्द करने की वजह का जिक्र नहीं किया गया है।

### सिडबी ने ईटीओ मोटर्स को 300 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनो के लिए 12.45 करोड़ रुपये दिए

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के लिए ईटीओ मोटर्स को 12.45 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस वित्तीय सहायता से कंपनी यात्रियों को अंतिम छोर तक सुविधा प्रदान करने के मकसद से दिल्ली और हैदराबाद में 300 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों का परिचालन करेगी। ईटीओ मोटर्स ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि कंपनी वित्तीय सहायता के तहत हैदराबाद और दिल्ली में 300 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के परिचालन को बढ़ावा देने के लिए ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचा भी स्थापित करेगी। इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र की कंपनी ईटीओ मोटर्स को वित्तीय सहायता सिडबी के मिशन 50,000-ईवी4इको के तहत दी गयी है। इसका उद्देश्य देश में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) परिवेश को मजबूत करना है। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए किफायती वित्तपोषण तक पहुंच प्रदान करना और बैटरी अदला-बदली सहित चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विकास करना है। इस वित्तपोषण से ईटीओ मोटर्स दिल्ली और हैदराबाद में अगले तीन महीनों में 300 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों का परिचालन करेगी।

# कोरोना और एफआईआई के रुख का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच ऊंचे भाव पर हुई मुनाफवासूली के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से तक गिरे शेयर बाजार पर अगले सप्ताह कोरोना के नई वेरिएंट जेएन-1 के प्रसार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह, कच्चे तेल की कीमत और डॉलर सूचकांक के रुख का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 376.79 अंक अर्थात 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 71106.96 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 107.25 अंक यानी 0.5 प्रतिशत टूटकर 21349.40 अंक रह गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 315.67 अंक अर्थात 0.9 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 35882.68 अंक और स्मॉलकैप 81.46 अंक यानी 0.2 प्रतिशत कमजोर होकर 42001.75 पर आ गया। अगले सप्ताह सोमवार को क्रिसमस पर अवकाश के कारण सेंसेक्स और निफ्टी में चार दिन ही कारोबार होगा।

विश्लेषकों के अनुसार, देश में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन 1 से संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले चौबीस घंटे में 752 संक्रमितों की पहचान हुई है। साथ ही इसके संक्रमण से देश में चार लोगों की मौत हो चुकी है। इससे निवेशक सहमे हुए हैं। इसका असर अगले सप्ताह बाजार पर देखा जा सकता है।

इसके अलावा अगले सप्ताह घरेलू बाजार पर एफआईआई के निवेश प्रवाह, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे




तेल की कीमत और डॉलर सूचकांक के रुख का असर रहेगा। एफआईआई ने इस वर्ष पिछले लगातार तीन महीने अगस्त, सिंतबर और अक्टूबर में जबरदस्त बिकवाली के बाद नवंबर में 5,795.05 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की है। साथ ही दिसंबर में अबतक बाजार में उनका शुद्ध निवेश 23,310.82 करोड़ रुपये का रहा है।

अगर एफआईआई का रुख इसी तरह सकारात्मक बना रहा तो बाजार में तेजी कायम रह सकती है।

अगले सप्ताह क्रिसमस की छुट्टियों को लेकर दुनिया के अधिकांश खासकर यूरोपीय बाजारों में कारोबार नहीं होगा। इसका असर स्थानीय स्तर पर रह सकता है।

बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति पर आने वाले निर्णय से पहले विदेशी बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर बैंकिंग, रियल्टी, आईटी और टेक समेत नौ समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 168.66 अंक लुढ़ककर 71315.09 और निफ्टी 38.00 अंक की गिरावट लेकर 21418.65 अंक रह गया।

विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, यूटिलिटीज और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई लिवाली से मंगलवार सेंसेक्स 122.10 अंक उछलकर 71437.19 अंक और निफ्टी 34.45 अंक चढ़कर 21453.10 अंक पर पहुंच गया।

देश में कोरोना के ने वेरिएंट से संक्रमण के बढ़ते मामलों के साथ ही ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से बुधवार को शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। सूचकांक सेंसेक्स 930.88 अंक की भारी गिरावट के साथ 70,506.31 अंक और निफ्टी 302.95 अंक का गोता लगाकर 21,150.15 अंक पर आ गया।

वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर यूटिलिटी, पावर, एनर्जी और तेल एवं गैस सहित लगभग चौतरफा लिवाली के बल पर शेयर बाजार तीव्र गिरावट से उबरते हुये गुरुवार को सेंसेक्स 358.79 अंकों की तेजी लेकर 70865.10 अंक और निफ्टी 104.90 अंक उछलकर 21255.05 अंक पर पहुंच गया।

विश्व बाजार के मिलेजुले रूख के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, आईटी, टेक और धातु समेत अठारह समूहों में हुई लिवाली कि बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 241.86 अंक की तेजी के साथ 71,106.96 अंक और निफ्टी 94.35 अंक चढ़कर 21,349.40 अंक हो गया।

# पटेल ने 'न्यूरो अपडेट 2023' सम्मेलन का किया उद्घाटन

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार को यहां 20वें 'न्यूरो अपडेट 2023' सम्मेलन का उद्घाटन किया।

पटेल ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज विकास की राजनीति से देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचा है। पहले जनसाधारण के लिए किसी निजी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करना आर्थिक दृष्टि से बहुत मुश्किल था।

उन्होंने कहा कि मोदी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य लाभ योजना बन गई है। देश के गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए स्वास्थ्य कवच प्रदान करने वाली यह योजना सच्चे अर्थ में स्वास्थ्य क्षेत्र में उनकी स्वास्थ्य गारंटी बन गई है। वाइब्रेंट गुजरात समिट और न्यूरोलॉजी सम्मेलन के संदर्भ में बात




करते हुए उन्होंने कहा , तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं हमारे मौजूदा प्रधानमंत्री ने गुजरात में सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास के लक्ष्य के साथ 20 वर्ष पहले वाइब्रेंट गुजरात समिट की शुरुआत की थी। आज हम स्वास्थ्य, फार्मा और केमिकल सहित प्रत्येक क्षेत्र में इस ग्लोबल समिट का फल प्राप्त कर रहे हैं। अब हम आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुके हैं। प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प किया है। इस संकल्प को साकार करने की दिशा में अभी पूरे देश में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा के अंतर्गत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लाभार्थियों की दहलीज तक पहुंच रही हैं और हर एक पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ हाथों-हाथ मिल रहा है। इस तरह प्रत्येक नागरिक देश की विकास यात्रा से जुड़ेगा, सभी का सर्वांगीण विकास होगा और हम विकसित भारत के अपने संकल्प को साकार कर पाएंगे। मुख्यमंत्री ने उम्मीद व्यक्त की कि आज इस सम्मेलन में होने वाला चिंतन, मनन और सकारात्मक विचार-विमर्श न्यूरोलॉजी और मेडिकल क्षेत्र के लिए निश्चित रूप से मददगार साबित होगा। इतना ही नहीं, ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से सरकार को कई बार नीति निर्माण के लिए सकारात्मक सुझाव भी मिलते हैं।

सम्मेलन के अंतर्गत 'प्रैग्मेटिक अप्रोच इन न्यूरोलॉजी' (न्यूरोलॉजी में व्यावहारिक दृष्टिकोण) विषय पर न्यूरोलॉजी से जुड़े देश के प्रसिद्ध डॉक्टरों के व्याख्यान और परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एनएचएल मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. चेरी शाह, महानगर के जाने-माने न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुधीर शाह, अहमदाबाद एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन के सदस्य डॉक्टर तथा अहमदाबाद सहित देश भर से आए प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट, प्रोफेसर और न्यूरोलॉजी से जुड़े प्रोफेशनलों ने हिस्सा लिया।

## सर्राफा बाजार : सोना तथा चांदी में मजबूती

इंदौर। सप्ताहांत सोना तथा चांदी में तेजी दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 450 रुपये तथा चांदी 400 रुपये ऊंची होकर बिकी। कारोबार की शुरुआत में सोना 62550 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 63000 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 74200 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 74600 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 63000 नीचे में 62350 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 74600 तथा नीचे 74100 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 2052 डॉलर तथा चांदी 2417 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

## इन्दौर. खाद्य तेल: मूंगफली तेल महंगा,

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में पूछपरख से मूंगफली तेल महंगा बिका। इस बीच सोयाबीन रिफाइंड तथा पाम तेल के भाव घटे। आवक कमी से तिलहनों में भाव ऊपर नीचे हुए। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1610 से 1630 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1625 से 1650 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 890 से 895 रुपये पर खुलकर 875 से 880 रुपये बिका। पाम तेल 875 से 880 रुपये खुलकर 870 से 875 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव मजबूती लिए बताए गए। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली रही। इससे बाल ऊंचे बोले गए।

## दलहनों में तेजी के साथ दालों में घट-बढ़

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन कामकाज तेजी लिए रहा। मांग सुस्ती से चना कांटा, तुअर के भाव ऊंचे बोले गए। दालों के भाव ऊपर नीचे हुए। चावल में उठाव सुधार लिए रहा। सप्ताहांत चना कांटा 5700 से 5750 रुपये खुलने के बाद 5750 से 5800 रुपये होकर थमा। मूंग 8500 से 9600 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7000 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 8500 से 9600 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 8000 से 10000 रुपये खुलने के बाद ऊपर नीचे होते हुए 8000 से 10400 रुपये होकर थमी। उड़द 8200 से 8700 खुलने के बाद 8200 से 8700, मसूर 5800 से 5850 खुलकर 5850 से 5900 रुपये होकर बंद हुई।

## शक्कर सस्ती, खोपरा बूरा, साबूदाना में उठाव कमजोर

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर के भाव कम हुए। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव सुधार लिए रहा जिससे भाव मजबूत रहे। खोपरा बूरा तथा साबूदाना में उठाव कमजोर बताया गया। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 3980 से 4020 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3940 से 3980 रुपये के स्तर पर थमी। शक्कर की दैनिक आवक 03 से 04 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 95 से 125 रुपये खुलकर इसी स्तर पर थमा। हल्दी में पूछपरख सुधार लिए बताई गई। इसमें 140 से 270 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा के दामों में मजबूती दर्ज की गई। सप्ताहांत खोपरा बूरा में कामकाज 2350 से 4000 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद इसी स्तर पर जमा। साबूदाना में लिवाली घटी हुई बताई गई इससे भाव नीचे रहे।

# विदेशी मुद्रा भंडार 9.11 अरब डॉलर बढ़कर 615.97 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ता हुआ 9.11 अरब डॉलर बढ़कर 615.97 अरब डॉलर हो गया।

इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.82 अरब डॉलर बढ़कर 606.9 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 8.35 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 545.05 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 44.6 करोड़ डॉलर के इजाफे के साथ 47.58 अरब डॉलर हो गया।

इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 13.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.32 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 18.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.02 अरब डॉलर हो गई।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नयी दिल्ली । अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## घरेलू स्टील उत्पादन नवंबर में 11 प्रतिशत बढ़कर इतने करोड़ टन रहा

भारत में कच्चे इस्पात का उत्पादन इस साल नवंबर में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.17 करोड़ टन रहा है। विश्व इस्पात संघ (वर्ल्डस्टील) ने एक बयान में यह जानकारी दी है।

वर्ल्डस्टील की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से नवंबर तक देश का इस्पात उत्पादन 12.1 प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ 12.82 करोड़ टन रहा है। वर्ल्डस्टील ने कहा कि नवंबर में वैश्विक इस्पात उत्पादन 14.55 करोड़ टन था, जो पिछले साल के समान महीने से 3.3 प्रतिशत अधिक है। जनवरी से नवंबर तक वैश्विक उत्पादन सिर्फ 0.5 प्रतिशत बढ़कर 171.51 करोड़ टन हो गया। चीन में इस्पात उत्पादन नवंबर में 7.61 करोड़ टन हुआ, जो पिछले साल की समान अवधि से 0.4 प्रतिशत ज्यादा है। उसने जनवरी से नवंबर तक 95.21 करोड़ टन इस्पात उत्पादन किया जो एक साल पहले की समान अवधि से 1.5 प्रतिशत अधिक है।

जापान का इस्पात उत्पादन नवंबर में 0.9 प्रतिशत गिरकर 71 लाख टन रहा, वहीं इस दौरान जनवरी से नवंबर तक कुल उत्पादन 2.8 प्रतिशत गिरकर आठ करोड़ टन रह गया।

# सैन्य हवाई क्षेत्र के प्रयोग से एयरलाइंस को होगा लाभ

## सरकार का दावा- 1000 करोड़ का होगा फायदा

नई दिल्ली। हवाई क्षेत्र के उपयोग से एयरलाइंस को सालाना एक हजार करोड़ रुपये की बचत होगी, जो उड़ान के समय ईंधन के उपयोग और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करता है। शनिवार को विमानन क्षेत्र की समीक्षा में मंत्रालय ने यह कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा इस वर्ष 18 दिसंबर तक 1562 वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस जारी किए गए हैं।

मंत्रालय ने कहा कि हवाई अड्डों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए टर्मिनल बुनियादी ढांचे का पुनर्गठन करके कई हवाई अड्डों पर अतिरिक्त जगह बनाई गई है। इस बीच, मंत्रालय ने कहा कि पहले लगभग 40 प्रतिशत हवाई क्षेत्र नागरिक उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं था, जिसके चलते विमान अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घुमावदार मार्गों को अपनाते थे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारतीय वायु सेना राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र के 30 प्रतिशत हिस्से को नियंत्रित करती है और इसमें से 30 प्रतिशत को हवाई क्षेत्र के उपयोग के तहत ऊपरी हवाई क्षेत्र के रूप में जारी किया गया है।

### घरेलू हवाई यातायात में बढ़ोतरी

मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायुसेना नागरिक उपयोग के लिए हवाई क्षेत्र के इन हिस्सों को छोड़ने पर सहमत हो गई है। साथ ही 129 सशर्त मार्गों की घोषणा की गई है। इससे उड़ान के समय, ईंधन के उपयोग में महत्वपूर्ण बचत होगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। विज्ञप्ति में कहा गया कि एयरलाइंस को प्रति वर्ष 1,000 करोड़ रुपये की संभावित बचत होगी। अगस्त 2020 से अब तक कुल बचत - 640.7 करोड़ रुपये और कुल सीओ2 में कमी 1.37 लाख टन है। साथ ही कहा कि घरेलू हवाई यातायात में बढ़ोतरी हुई है। विज्ञप्ति में कहा गया है, इस साल 19 नवंबर को भारत में एयरलाइंस ने 4,56,910 घरेलू यात्रियों को उड़ाया।

यह महामारी की चपेट में आने के बाद से सबसे अधिक एकल दिवसीय हवाई यातायात था, जो पूर्व-कोविड औसत से 7.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है।

# तेल आयात पर रुपये में भुगतान लेने को कोई नहीं तैयार

कच्चे तेल के आयात पर रुपये में भुगतान करने की भारत की पहल को अब तक खास कामयाबी नहीं मिल पाई है। तेल मंत्रालय ने संसद की एक स्थायी समिति को यह जानकारी देते हुए कहा है कि आपूर्तिकर्ताओं ने धन के प्रत्यावर्तन और लेनदेन की ऊंची लागत को लेकर चिंता जताई है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार परंपरा के तहत कच्चे तेल के आयात के सभी अनुबंधों के भुगतान की प्रचलित मुद्रा अमेरिकी डॉलर है। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय मुद्रा का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के लिए 11 जुलाई, 2022 को आयातकों और निर्यातकों को रुपये में लेनदेन करने की अनुमति दी थी। इस पहल के तहत कुछ चुनिंदा देशों के



साथ गैर-तेल व्यापार में कुछ सफलता मिली है, लेकिन तेल निर्यातकों की रुपये से दूरी जारी है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने विभाग से संबंधित संसदीय समिति को बताया है कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनियों ने कच्चे तेल के आयात के लिए कोई भी भुगतान भारतीय रुपये में नहीं किया। कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाले देशों ने धन को पसंदीदा मुद्रा में बदलने, इससे जुड़ी उच्च लेनदेन लागत और विनिमय दर के जोखिमों पर अपनी चिंता जताई है।

पिछले सप्ताह संसद में पेश की गई समिति की रिपोर्ट में मंत्रालय के इस पक्ष का उल्लेख है। इसके मुताबिक सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने कहा है कि उसे उच्च लेनदेन लागत का सामना करना पड़ा है, क्योंकि कच्चे तेल के आपूर्तिकर्ता अतिरिक्त लेनदेन लागत का भार IOC पर डालते हैं।

मंत्रालय ने कहा, कच्चे तेल के लिए भुगतान भारतीय रुपये में किया जा सकता है, बशर्ते आपूर्तिकर्ता इस संबंध में नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन करें। मंत्रालय ने कहा है कि इस समय रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारतीय मुद्रा में खरीदारी करने के लिए कोई भी समझौता नहीं किया है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और अपनी अधिकांश जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है।

मंत्रालय ने समिति को बताया, भारत की खपत लगभग 55-56 लाख बैरल प्रति दिन है। इसमें से हम प्रति दिन लगभग 46 लाख बैरल तेल का आयात करते हैं, जो दुनिया में कुल तेल व्यापार का लगभग 10 प्रतिशत है।

## म्यूचुअल फंड उद्योग पटरी पर लौटा, संपत्ति आधार नौ लाख करोड़ रुपये बढ़ा

म्यूचुअल फंड उद्योग ने पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरते हुए इस साल जोरदार वापसी की है और इसके परिसंपत्ति आधार में नौ लाख करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि एक उत्साही शेयर बाजार, स्थिर ब्याज दरों और मजबूत आर्थिक विस्तार से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक गति अगले वर्ष भी जारी रहनी चाहिए। म्यूचुअल फंड निकाय एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, पर्याप्त वृद्धि के साथ इस वर्ष कुल निवेश 3.15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, साथ ही निवेशकों की संख्या में दो करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई है। इसे व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) की बढ़ती लोकप्रियता से समर्थन मिला, जिसमें 1.66 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से पता चलता है कि इस प्रवाह ने 2023 में म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन-अधीन संपत्ति को 23 प्रतिशत यानी नौ लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया है। यह 2022 के दौरान एयूएम में देखी गई सात प्रतिशत वृद्धि और 2.65 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ-साथ 2021 में परिसंपत्ति आधार में लगभग 22 प्रतिशत वृद्धि और लगभग सात लाख करोड़ रुपये की वृद्धि से कहीं अधिक थी।

## शार्ट न्यूज

### पूल ए में सुदेवा शीर्ष पर और गढ़वाल दूसरे स्थान पर

नयी दिल्ली। दिल्ली फ्यूचर स्टार यूथ लीग में खेले गए मैचों में सुदेवा फुटबॉल क्लब पूल ए के सभी दस मैचों में जीत हासिल कर 30 अंक के साथ शीर्ष पर और गढ़वाल हीरोज ने 25 अंक के साथ दूसरे स्थान हैं। वहीं पूल बी में जुबा संघा और ईमी हीरोज क्रमशः नौ-नौ मैच जीत कर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। देर शाम खेले गए एकतरफा मुकाबले में उत्तराखंड ने अनुराग की दोहरी तिकड़ी की मदद से फिसड्डी सीमापुरी को 11-0 से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में गढ़वाल फुटबॉल क्लब ने हॉप्स को 5-2 से पीटा। विजेता टीम के लिए मृगांक महादेवन ने तिकड़ी बनाई। ग्रुप बी में शानदार प्रदर्शन करने वाले ईमी फुटबॉल क्लब ने स्टीवन के दो गोल की मदद से ग्रोइंग स्टार को 5-0 से करारी शिकस्त दी। फ्यूचर स्टार लीग में सुदेवा, गढ़वाल, जुबा संघा और ईमी ने अन्य टीमों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। लेकिन सीमापुरी, ग्रोइंग स्टार, 90 मिनट्स और ग्लोरियस क्लब का शर्मनाक प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है।

### एफसी गोवा ने मोहन बागान को 4-1 से हराया

कोलकाता। एफसी गोवा ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट को 4-1 से हरा दिया है। शनिवार को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। एफसी गोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मोहन बागान को 4-1 से हराया। सदाउई ने मैच के 10वें मिनट में गोल दागकर एफसी गोवा को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद स्पेनिश मिडफील्डर रोड्रिग्ज ने 42वें मिनट में गोल कर बढ़त दोगुना कर दिया। मोहन बागान के दिमित्रियोस पेट्राटोस ने पहले हाफ के अतिरिक्त समय में एक शानदार गोल दागकर उसे राहत प्रदान की। हालांकि, एक गोल खाने के बाद एफसी गोवा दूसरे हाफ में दबदबा बनाने से नहीं चूकी। खेल के 91 मिनट में कार्लोस मार्टिनेज ने पेनल्टी किक को गोल में तब्दीलकर गोवा को 4-1 से जीत दिला दी। यह केवल दूसरा मुकाबला है जब मोहन बागान सुपर जाइंट ने आईएसएल मैच में चार गोल खाए। एफसी गोवा का अगला मुकाबला 29 दिसंबर को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से है, जबकि मोहन बागान सुपर जाइंट 26 दिसंबर को केरला ब्लास्टर्स एफसी से भिड़ेगा।

### सुमित और शीतल स्पोर्ट्स अवार्ड्स से सम्मानित

नई दिल्ली। विश्व चैंपियन और 2020 पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी सुमित एंटिल और हाल ही में अर्जुन पुरस्कार विजेता और डबल एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज शीतल देवी ने प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला का पुरस्कार जीता। शनिवार दोपहर यहां सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित प्रथम रेडियंट डिफरेंटली एबल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में एथलीट को ताज पहनाया गया। हाल ही में चीन के हांगझू में हुए एशियाई पैरा खेलों में अपने विश्व रिकॉर्ड के लिए 73.29 मीटर भाला फेंकने वाले सुमित और कंपाउंड तीरंदाजी में उसी खेल में दो स्वर्ण और एक रजत जीतने वाली शीतल देवी का सम्मान किया गया। भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता और फ्रीस्टाइल तैराक मुरलीकांत पेटकर, जिन्होंने 1972 पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था, को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हांगझाउ पैरा खेलों में स्वर्ण और कई पदक जीतने वाली भारतीय ब्लाइंड शतरंज टीम ने पूर्व हॉकी विश्व कप विजेता अशोक ध्यानचंद द्वारा प्रस्तुत मेजर ध्यानचंद टीम ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता। अशोक ध्यानचंद ने कहा, हमारे विशेष एथलीटों को सम्मानित करने के लिए आज के यादगार कार्यक्रम का हिस्सा बनकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

### भारतीय कुश्ती संघ पर निलंबन के बाद बृजभूषण ने कही संन्यास की बात

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय द्वारा रविवार (24 दिसंबर) को भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) पर निलंबन को लेकर पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि वह कुश्ती से संन्यास ले चुके हैं और उनका पूरा ध्यान आगामी लोकसभा चुनाव पर है। पहलवानों ने इस साल जनवरी में बृजभूषण के खिलाफ ही धरना-प्रदर्शन किया था। उसके बाद उन्हें पद से हटना पड़ा था। बृजभूषण सिंह के हटने के बाद चुनाव कराए गए थे। 21 दिसंबर को हुए डब्ल्यूएफआई चुनाव में उनके करीबी संजय सिंह चुनाव जीत गए। इतना ही नहीं अधिकांश पदों पर बृजभूषण के साथी ही चुनकर सामने आए। इसके बाद ओलंपियन साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ने का एलान कर दिया। वहीं, बजरंग पूनिया ने पद्मश्री लौटा दिया। सरकार ने बढ़ते विवाद के बाद डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया। हालांकि, खेल मंत्रालय ने कहा कि नए अध्यक्ष के द्वारा नियमों की अनदेखी के कारण यह फैसला लिया गया। बृजभूषण ने कहा, संजय सिंह मेरे रिश्तेदार नहीं हैं। आनन-फानन में पुरानी समिति को एक निर्णय लेना पड़ा। अंडर-15 और 20 को लेकर, क्योंकि 31 दिसंबर को यह सत्र समाप्त हो जाएगा। उसके बाद यह टूर्नामेंट होता है तो उनका एक साल खराब हो जाएगा। इसी कारण सभी फेडरेशन ने मिलकर यह निर्णय लिया कि किसी तरह से खेल का एक वातावरण शुरू हो।

### कुश्ती संघ को निलंबित किए जाने के बाद बजरंग ने कहा- सरकार ने सही फैसला किया


नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ को खेल मंत्रालय ने निलंबित कर दिया। सराकर ने कुश्ती संघ के चुनाव के बाद चुनी गई नई कार्यकारिणी के खिलाफ रविवार (24 दिसंबर) को कड़ा फैसला लिया। खेल मंत्रालय के निर्णय का स्वागत पहलवान बजरंग पूनिया ने किया। उन्होंने चुनाव के बाद अध्यक्ष बने संजय सिंह के खिलाफ बड़ा फैसला लिया था और अपना पद्म श्री अवॉर्ड वापस कर दिया था। कुश्ती संघ के निलंबन के बाद बजरंग ने कहा कि वह सम्मान वापस ग्रहण करेंगे। बजरंग ने कहा, यह सही निर्णय लिया गया है। जो हमारी बहन-बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है उसके खिलाफ संबंधित लोगों को पूरी तरह से हटाया जाना चाहिए। हमारे ऊपर कई इल्जाम लगाए गए। राजनीति की गई। जब हम पदक जीतते हैं तो देश के होते हैं। हम खिलाड़ी कभी भी जात-पात नहीं देखते। एक साथ एक थाली में खाते हैं। बजरंग ने कहा, जो संघ बनाई जाती है वह खिलाड़ियों की मदद के लिए बनाई जाती है, उन्हें परेशान करने के लिए नहीं। हम निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं। बृजभूषण शरण सिंह ने हर राज्य में अपने लोग रखे हैं। हमारी सच्चाई नहीं दिखाई गई। हम किसी तरह राजनीति से नहीं जुड़े थे। विपक्ष ने हमारा साथ दिया। हमने सरकार के लोगों को भी कहा था साथ देने के लिए। किसी ने तब साथ नहीं दिया। महिला सांसदों को खत भी लिखा था, लेकिन किसी ने साथ नहीं दिया।

### अमेरिका में दोहरे गर्भाशय वाली महिला ने दिया जुड़वां बच्चियों को जन्म

वाशिंगटन। अमेरिका में अलबामा प्रांत की दो गर्भाशयों वाली 32 वर्षीय महिला ने दोनों गर्भाशय में अलग-अलग दिनों में जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया है। महिला का नाम केल्सी हैचर है, जिन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट 'डबल्यूहैचलिंग्स' पर इसकी जानकारी दी। मसाज थेरेपिस्ट केल्सी ने अपने पोस्ट में लिखा, हमारे चमत्कारिक बच्चे पैदा हुए। उनकी पहली बेटी रॉक्सी लैला का जन्म मंगलवार की रात को हुआ और दूसरे रेबेल लेकन का बुधवार की सुबह को हुआ। प्रत्येक का वजन सात पाउंड (3.2 किलोग्राम) से अधिक था। डॉक्टरों ने क्रिसमस के दिन बच्चे के पैदा होने की तारीख का अनुमान लगाया था, लेकिन 39 सप्ताह में दोनों बच्चो का जन्म हुआ। मां और बेटियों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। केल्सी ने आगामी दिनों प्रसव के बारे में विवरण साझा करने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें 17 साल की उम्र से पता था कि उसे दुर्लभ जन्मजाम 'गर्भाशय डिडेल्फ़िस' है, एक दुर्लभ जन्मजात स्थिति जो लगभग 0.3 प्रतिशत महिलाओं को प्रभावित करती है। ऐसे मामलों में प्रत्येक गर्भाशय में केवल एक अंडाशय और एक फैलोपियन ट्यूब होता है।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया

मुंबई। स्नेह राणा चार विकेट, राजेश्वरी गायकवाड़ और हरमनप्रीत कौर के दो-दो विकेट और उसे बाद स्मृति मांधना की नाबाद 38 रनों की पारी की बदौलत भारत ने एकमात्र टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 261 रनों पर समेटने के बाद दूसरी पारी में 18.4 ओवरों में दो विकेट पर 75 रन बना कर मुकाबला जीत लिया।




75 रनों के लक्ष्य का पीछा करने भारत की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही है और पहले ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा चार रन का विकेट खो दिया। वर्मा को गार्थ ने हीली के हाथों कैच आउट कराया। उसके बाद 16वें ओवर की दूसरी गेंद पर गार्डनर ने ऋचा घोष 13 रन को मैकग्रा हाथों कैच आउट करा दिया। स्मृति मांधना 38 रन और जेमिमाह रॉड्रिग्स 12 रन पर नाबाद रहते हुए भारत को 19वें ओवर में आठ विकेट से जीत दिला दी।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में किम गार्थ और एश्ली गार्डनर को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 233 स्कोर के बाद आज सुबह खेलना शुरु किया। पूजा वस्त्राकर ने एशले गार्डनर को सात रन पर पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया को कल के 233 स्कोर पर ही छठा झटका दिया। 251 रन पर स्नेह राणा ने एनाबेल सदरलैंड को 27 रन पर आउट कर ऑस्ट्रेलिया को सातवां विकेट झटका। जेस जोनासेन नौ रन, किम गार्थ चार रन बनाकर आउट हुई।

अलाना किंग शून्य को राणा ने बोल्ड आउट किया। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 105.4 ओवर में 261 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली है। भारत को जीत के लिए 75 रन बनाने और अभी करीब दो दिन का खेल शेष है।

भारत की ओर से स्नेह राणा ने 63 रन देकर चार विकेट, राजेश्वरी गायकवाड़ 42रन देकर दो विकेट और हरमनप्रीत कौर 23 रन देकर दो विकेट लिये। पूजा वस्त्राकर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 219 रन और दूसरी पारी में 261 रन बनाये। दोनों बार भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम को ऑल आउट किया।

भारत ने पहली पारी में 406 रनों का स्कोर खड़ा किया और मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में दो विकेट पर 75 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। पहली पारी में भारत के चार बल्लेबाजो स्मृति मांधना 74 रन, जेमिमाह रॉड्रिग्स 73 रन, ऋचा घोष 52 रन और दीप्ति शर्मा 70 रन ने अर्धशतक जड़े।

भारत की स्नेहा राणा ने दोनों पारियों में सात विकेट हासिल किये वहीं पूजा वस्त्राकर ने दोनों पारियों में पांच बल्लेबाजों को आउट किया।

# बृजभूषण पर लगे गंभीर आरोपों पर कार्रवाई ज़रूरी : संधवा

**चंडीगढ़।** खेल मंत्रालय द्वारा कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) को निलंबित करने के फ़ैसले को केंद्र की तरफ से लोगों के जबरदस्त दबाव के अधीन लिया गया फ़ैसला बताते हुये पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है कि कुश्ती संघ के पूर्व पदाधिकारी बृजभूषण सिंह के ख़िलाफ़ खिलाड़ियों के साथ हुये यौन शोषण और छेड़छाड़ के गंभीर दोषों को तर्कसंगत ढंग से नतीजे तक पहुँचाया जाये।

केंद्रीय खेल मंत्रालय की तरफ से नयी डब्ल्यू. एफ. आई. को रद्द करने की खबरों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुये श्री संधवां ने कहा कि नयी संस्था को तुरंत प्रभाव से ख़त्म किया जाना चाहिए और पारदर्शी ढंग से नये चुनाव करवाये जाने चाहिए।

संधवां ने यहाँ से जारी एक बयान में पूछा, उन्होंने नयी डब्ल्यू. एफ. आई. को ख़त्म करने से क्यों रोका, जो कि पूर्व प्रमुख का ही रूप (छाया) था, जिस पर उन खिलाड़ियों की तरफ से गंभीर आपराधिक दोष लगाए गए थे, जिनकी वह नुमायंदगी और सुरक्षा का ज़िम्मेदार था। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि कोई भी देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक उसके एथलीट और बेटियों की रक्षा नहीं की जाती। साक्षी और बजरंग ने जिस तरह बेइन्साफ़ी और अपमान के ख़िलाफ़ इस लड़ाई का झंडा बुलंद किया की है, वह मिसाली और हिम्मत की बात है और यह उनकी तरफ से चुनौतियों के सख़्त दौर में भी डटे रहने का नतीजा है। संधवां ने आगे कहा कि किसी भी राष्ट्र के लिए अपने ओलम्पियनों का अपमान होता देखना बड़ा दुखद और शर्मनाक है। इस सारी प्रक्रिया को भद्दा मज़ाक बताते हुये उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जानती थी कि देश की जनता का भरोसा और हमदर्दी उन एथलीटों के साथ है, जिनको गलत साबित किया जा रहा था।

# बीबीएल ने टॉम कुरेन की अपील की खारिज

सिडनी। बिग बैश लीग ने अंपायर को डराने-धमकाने के मामले में सिडनी सिक्सर्स की टॉम कुरेन पर चार मैचों के प्रतिबंध को हटाने की अपील को खारिज कर दिया है। बीबीएल ने रविवार को कहा कि इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी टॉम करेन की चार मैचों की सजा के खिलाफ सिडनी सिक्सर्स की अपील को मूल मंजूरी के साथ खारिज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टॉम पर प्रतिबंध बरकरार रहेगा और वह मेलबर्न स्टार्स, सिडनी थंडर और ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ सिक्सर्स के अगले तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे। बीबीएल के बयान के अनुसार अंपायर क्रिकेट की जीवनधारा का हिस्सा हैं और यह आवश्यक है कि खेल के सभी स्तरों पर खिलाड़ियों द्वारा उनका सम्मान और सराहना की जाए, हम अपील के बाद टॉम द्वारा दिखाए गए पश्चाताप को स्वीकार करते हैं और उसे सिक्सर्स रंगों में वापस देखने के लिए उत्सुक हैं। बिग बैश लीग के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा, टॉम बीबीएल में लंबे समय से योगदानकर्ता रहे हैं और एक स्पष्ट प्रशंसक-पसंदीदा व्यक्ति हैं और हमें उम्मीद है कि प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने में एक अभिन्न भूमिका निभाते रहेंगे।

# निलंबित भारतीय कुश्ती संघ का कामकाज देखेगी तदर्थ समिति

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने रविवार को निलंबित किये गये भारतीय कुश्ती संघ के कामकाज के लिए भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) को तदर्थ समिति बनाने को कहा है।

सूत्रों के अनुसार मंत्रालय ने भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) को भारतीय कुश ?ती संघ को लेकर तदर्थ समिति 48 घंटे में बनाने को कहा है। इस कमेटी का काम खेल में पारदर्शिता के लिए डब्ल्युएफआई की हर दिन की गतिविधियों पर नजर रखना और अपनी रिपोर्ट आईओए को सौंपना होगा।

बीते कुछ दिनों से चले आ रहे विवादों के बीच आज सुबह खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित करते हुए नवनिर्वाचित




अध्यक्ष संजय सिंह के सभी फैसलों को रोक लगा दी थी।

खेल मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने 21 दिसंबर को जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इस साल के अंत से पहले शुरू कराये जाने की जो घोषणा की थी वह फैसला नियमों के विरूध है। उन्होंने कहा कि इस तरह निर्णय के लिए कम से कम 15 दिन पहले पहलवानों को इसकी जानकारी देनी होती है ताकि वे अपनी तैयारी कर सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के निर्णय कार्यकारी समिति द्वारा लिए जाते हैं। समिति के समक्ष प्रस्ताव विचार के लिए रखा जाना आवश्यक होता है। भारतीय कुश्ती संघ के संविधान के अनुच्छेद ग्यारह के अनुसार, बैठक के लिए 15 दिन पहले नोटिस देना अनिवार्य होता है। यहां तक कि आपातकालीन बैठक के लिए भी कम से कम सात दिन पहले नोटिस देना होता है।

मंत्रालय ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि नवनिर्वाचित निकाय खेल संहिता की पूरी तरह अनदेखी करते हुए पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में है।

उन्होंने कहा, फेडरेशन का कामकाज पूर्व पदाधिकारियों द्वारा नियंत्रित परिसर से चलाया जा रहा है। पूर्व पदाधिकारियों पर पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाए गए हैं और वर्तमान में अदालत इस मामले की सुनवाई कर रही है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह गुरुवार को हुए चुनाव में अध्यक्ष पद निर्वाचित थे। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण को हराया था।

चुनाव के बाद साक्षी मलिक ने विरोध करते हुए कुश्ती को अलविदा कह दिया था और इसके अलगे दिन बजरंग पुनिया ने अपना पदक लौटा दिया था।

# श्रीलंका में ड्रग तस्करी, 15 हजार लोग हिरासत में

## 440 किलो नशीला पदार्थ जब्त; आरोप- पुलिस गरीब इलाकों में बिना वारंट-सबूतों के रेड कर रही

श्रीलंका ने ड्रग्स की तस्करी के मामले में ऑपरेशन चलाकर 15 हजार लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस दौरान करीब 440 किलो नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। इनमें से 272 किलो भांग, 35 किलो गांजा और 9 किलो हेरोइन शामिल है।

श्रीलंकाई पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार हुए लोगों में से 13,666 तस्करी के मामले में संदिग्ध हैं, जबकि करीब 1100 लोग ऐसे हैं, जिन्हें लत लगी हुई है। इन्हें मिलिट्री फैसेलिटी में लत छुड़ाने के लिए भेजा गया है। दरअसल, श्रीलंका में ड्रग तस्करों पर लगाम लगाने के लिए इसी महीने युक्तिया (अर्थ- न्याय) नाम का स्पेशल ऑपरेशन शुरू किया गया था।

पुलिस ने बताया कि क्रिसमस को देखते हुए रेड को कुछ दिनों के लिए रोका जाएगा। हालांकि, ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट हेजाज हिजबुल्लाह ने इस कार्रवाई का विरोध किया है। उनका आरोप है कि पुलिस बगैर किसी सर्च



वॉरंट के रेड कर रही है।

### एनसीबी ने श्रीलंका-मालदीव के साथ चलाया था ऑपरेशन

भारत के नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने भी इंडियन नेवी के अलावा श्रीलंका और मालदीव के साथ ऑपरेशन समुद्रगुप्त को लेकर काम किया था। एक दूसरे से जानकारी साझा की थी, जिससे दिसंबर 2022 और अप्रैल 2023 में श्रीलंकाई नौसेना ने दो अभियान चलाए थे। इसमें 286 किलो हेरोइन और 128 किलो मेथामफेटामाइन की जब्ती के साथ 19 ड्रग तस्करों की गिरफ्तारी हुई थी। वहीं, मालदीव पुलिस ने मार्च में 4 किलो हेरोइन बरामद करते हुए 5 तस्करों को गिरफ्तार किया था।

### 2016 में पकड़ी गई थी सबसे बड़ी खेप

श्रीलंका में अब तक नशीले पदार्थों की सबसे बड़ी खेप दिसंबर 2016 में पकड़ी गई थी। इस दौरान पुलिस ने करीब 800 किलो कोकीन को जब्त किया था। इसे 2 साल बाद 2018 में नष्ट किया गया। तब इसकी कीमत करीब 898 करोड़ थी। श्रीलंका में 2015 से 2018 के बीच करीब 1700 किलो ड्रग को जब्त किया जा चुका है।

एक्टिविस्ट अंबिका सतकुनाथन ने सोशल मीडिया पर लिखा सर्च ऑपरेशन सबूतों के आधार पर नहीं चलाया जा रहा है। इसमें सिर्फ गरीब इलाकों को निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस छोटे डीलर और ड्रग्स इस्तेमाल करने वालों को पकड़ रही है, लेकिन इस चेन में बड़े तस्करों पर फोकस नहीं किया जा रहा है। इसके बाद साल 2021 में भी श्रीलंकाई नेवी ने स्पेशल ऑपरेशन में 200 किलो हेरोइन जब्त की थी। इसकी कीमत तब 160 करोड़ रुपए थी। इस मामले में 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। ये ड्रग्स पाकिस्तान से भेजे गए थे।

# यूक्रेन में भी क्रिसमस 25 दिसंबर को ही मनेगा

## यहां ज्यादातर आर्थोडॉक्स क्रिश्चियन्स, ये 7 जनवरी को क्रिसमस सेलिब्रेट करते हैं

कीव। यूक्रेन में इस बार क्रिसमस 25 दिसंबर को मनाया जाएगा। आमतौर पर यहां यह सेलिब्रेशन 7 जनवरी को किया जाता है। इसकी वजह ये है कि यूक्रेन में ऑर्थोडॉक्स क्रिश्चियन्स ही ज्यादा हैं और ये 7 जनवरी को यह फेस्टिवल सेलिब्रेट करते आए हैं।

इस बार 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाने की एक वजह सियासी भी है। दरअसल, कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह कहा गया है कि यूक्रेन सरकार का यह फैसला यह दिखाने के लिए है कि वो रूस के गुलाम नहीं हैं और उसकी परंपराओं को नहीं मानते। रूस में क्रिसमस 7 जनवरी को मनाया जाता है।




### जूलियन कैलेंडर को फॉलो करते हैं रूस-यूक्रेन

'द गार्डियन' की रिपोर्ट के मुताबिक- रूस और यूक्रेन दोनों में ही जूलियन कैलेंडर को फॉलो किया जाता है। इसके अलावा रूस की तरह यूक्रेन में ज्यादातर लोग ऑर्थोडॉक्स क्रिश्चिएनिटी के फॉलोअर हैं।

जुलाई 2023 में यूक्रेन के प्रेसिडेंट वोल्दोमिर जेलेंस्की ने एक बिल को मंजूरी दी थी। इसमें 25 दिसंबर को क्रिसमस बताया गया था और सेलिब्रेशन के लिए पब्लिक हॉली-डे घोषित किया था। इस बिल के मुताबिक- यूक्रेन अब पश्चिमी देशों की तर्ज पर 'ग्रेगोरियन कैलेंडर' फॉलो करेगा और इसीलिए क्रिसमस 7 जनवरी की बजाए 25 दिसंबर को ही सेलिब्रेट किया जाएगा। 'स्काय न्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक- जेलेंस्की के इस कदम को देश के चर्च का भी समर्थन मिला। दरअसल, चर्च का भी मानना है कि यूक्रेन को रूस से अलग हुए कई साल गुजर चुके हैं। इसके अलावा रूस और यूक्रेन अब दुश्मन हैं। लिहाजा, कोई वजह नहीं कि अब भी रूसी परंपराओं को ही माना जाए।

### इंडोनेशिया के स्मेल्टर भट्ठी में विस्फोट से 12 लोगों की मौत

जकार्ता। पूर्वी इंडोनेशिया में रविवार तड़के एक चीनी-वित्त पोषित निकल-प्रसंस्करण संयंत्र में विस्फोट से 12 लोगों की मौत हो गयी और 39 घायल हो गए। औद्योगिक पार्क के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संयंत्र के अधिकारी डेडी कुर्नियावान ने कहा कि विस्फोट मध्य सुलावेसी प्रांत में स्थित मोरोवाली औद्योगिक पार्क में पीटी इंडोनेशिया त्सिंगशान स्टेनलेस स्टील के स्वामित्व वाले संयंत्र में आज तड़के करीब 05: 30 बजे के आसपास हुआ। घटना में 12 लोगों की मौत हो गई। मामूली और गंभीर रूप से घायल 39 लोग हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बयान में कहा गया कि मृतकों में सात इंडोनेशियाई और पांच अन्य विदेशी कर्मचारी हैं। अधिकारी ने प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए खुलासा किया कि विस्फोट एक भट्टी पर मरम्मत कार्य के दौरान हुआ जब एक ज्वलनशील तरल पदार्थ में आग लग गई।

### बाइडेन ने नेतन्याहू को हिजबुल्ला पर हमला करने से रोका था: रिपोर्ट

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अक्टूबर में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह के खिलाफ हमला नहीं करने के लिए तैयार कर लिया था। यह जानकारी रविवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के हवाले से दी गयी। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से शनिवार को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि हमास द्वारा सात अक्टूबर को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला करने और सीमा का उल्लंघन करने के बाद इजरायल को जानकारी मिली थी कि हिजबुल्लाह इजरायल पर हमले की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सैन्य विमान सुरक्षात्मक हमला करने के लिए तैयार थे, लेकिन 11 अक्टूबर को श्री बाइडेन द्वारा श्री नेतन्याहू को फोन करने के बाद इजरायल ने अपनी योजना बदल दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने श्री नेतन्याहू को लेबनान पर हमला करने के परिणामों के बारे में सोचने के लिए कहा क्योंकि इससे व्यापक क्षेत्रीय युद्ध का खतरा हो सकता था इजरायली सरकार का मानना था कि पश्चिम एशिया में बड़ा युद्ध होना निश्चित है और इसलिए वह पहले हमला करना चाहती थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसी समय, इजरायल ने यह भी महसूस किया था कि वह अकेले ऐसा कदम नहीं उठा सकता है इसलिए उसने अमेरिका से समर्थन देने का अनुरोध किया था।

### तोशाखाना मामले में इमरान को राहत नहीं

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्रार कार्यालय ने तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तोशाखाना मामले में उनकी दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली अपील वापस कर दी है। यह जानकारी रविवार को डॉन समाचारपत्र ने दी। सुप्रीम कोर्ट कार्यालय ने उनकी अपील पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि अपील से जुड़े दस्तावेज अधूरे हैं और साथ में यह भी कहा कि अपील को सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ 06 जनवरी, 2024 को फिर से दायर किया जा सकता है। खान के वकील सरदार लतीफ खोसा ने संविधान के अनुच्छेद 185 के अंतर्गत यह अपील दायर की थी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने पांच अगस्त, 2023 को श्री खान को तोशाखाना मामले में भ्रष्टाचार का दोषी पाया था और पूर्व प्रधानमंत्री को तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई थी तथा एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। दोषी ठहराए जाने के बाद, श्री खान पांच वर्षों के लिए किसी भी सार्वजनिक पद को ग्रहण करने के लिए अयोग्य हो गए थे। श्री खान ने तोशाखाना मामले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जिससे इस मामले में उनकी सजा को पलट दिया जा सके और वह आठ फरवरी, 2024 को होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए योग्य हो सकें।

### इजरायल-हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक 21,000 से अधिक लोगों की मौत

यरुशलेम/गाजा। इजरायल और फिलीस्तीनी कट्टरपंथी समूह हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक 21,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक गत सात अक्टूबर से जारी युद्ध में अब तक 20,258 फिलीस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि हमास की ओर से शुरु किए गए हमले में करीब साढ़े 12 सौ इजरायली मारे जा चुके हैं। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को कहा कि फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के साथ संघर्ष में वृद्धि में मारे गए इजरायली सैनिकों की संख्या 485 तक पहुंच गई है। आईडीएफ ने कहा कि शनिवार को आठ और सैनिक मारे गए। सेना ने कहा कि युद्ध शुरू होने से अब तक 1996 सैन्यकर्मी घायल हुए हैं, जिनमें से 321 को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि गत सात अक्टूबर को, हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जबकि उसके लड़ाकों ने सीमा का उल्लंघन किया, सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की। परिणामस्वरूप, इजरायल में 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# पिंडरा महोत्सव का हुआ आगाज

## मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पहली बार आयोजित तीन दिवसीय पिंडरा महोत्सव का किया उद्घाटन



**वाराणसी।** (पीएमए) पिंडरा महोत्सव का हुआ भव्य आगाज। रविवार को पिंडरा स्थित नेशनल इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश के उद्यान एवं कृषि विपणन, कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर इस तीन दिवसीय महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिण्डरा अपनी समृद्ध कृषि, देशभक्ति और राष्ट्र के लिये सर्वस्व बलिदान, लोक गायन एवं लोक संस्कृति में अपने योगदान हेतु प्रसिद्ध है। इसके दृष्टिगत उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पिण्डरा की उपलब्धियों को आम जनमानस के सम्मुख प्रस्तुत करने के लिये पहली बार इस तीन दिवसीय पिण्डरा महोत्सव का आयोजन तक किया जा रहा है, जिसमें जनपद के साथ-साथ अन्य प्रदेशों के कलाकारों द्वारा नृत्य, वादन एवं गायन की विधाओं में प्रस्तुति दी जायेगी।

पिण्डरा महोत्सव के प्रथम दिन रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व शहीदों के परिजनों का सम्मान किए जाने के साथ ही मोहन राठौर, मनोहर सिंह, अलका सिंह, अराधना सिंह, रविन्द्र ज्योति, विपुल चौबे एवं नीरज सिंह द्वारा गायन प्रस्तुत किया जायेगा। माता प्रसाद वर्मा एवं दल फरूवाही लोकनृत्य, अयोध्या एवं दीपक सिंह द्वारा बिरहा का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया है। जबकि दूसरे दिन सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत मैराथन दौड़ (पुरूष व महिला) एवं तीसरे एवं अंतिम दिन मंगलवार को प्रगतिशील किसानों, बुद्धजीवियों, वैज्ञानिकों प्रसिद्ध खिलाड़ियों, मेधावी विद्यार्थियों, कलाकारों का सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव निरहुआ, गोपाल राय, अनुभा, सुमन अग्रहरि, सतीश पाण्डेय एवं अरविन्द सिंह, अंजली उर्वशी लोकनृत्य, फौजदार सिंह आल्हा गायन तथा महोत्सव के तीसरे एवं अंतिम दिन भरत शर्मा व्यास, मदन राय, राजन तिवारी, स्वराज सिंह, अमलेश शुक्ला एवं अस्था शुक्ला, स्नेहा अवस्थी, राहुल, रोहित मिश्रा आशीष टण्डन एवं दल म्यूजिकल, सौरभ-गौरव मिश्रा कथक नृत्य एवं अशोक पाण्डेय द्वारा वाद्यवृंद की प्रस्तुति व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

## थाने की साफ सफाई को लेकर सीओ ने लगाई फटकार



सोनभद्र। रविवार को क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय द्वारा थाना चोपन का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम गार्द सलामी ली गयी तत्पश्चात सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीवी, मेस, बैरक बगैरह का किया निरीक्षण सीओ ने। थाना परिसर, बैरक, मेस इत्यादि को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को अद्यावधिक कर बेहतर ढंग से व्यवस्थित रखने के थाना प्रभारी चोपन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित – शिकायतकर्ता की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुनने व उनके प्रार्थना-पत्रों को रजिस्टर में क्रमबद्ध तरीके से अंकित कर उसकी शत-प्रतिशत सुनवाई करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई करने, शस्त्रों का रख-रखाव व नियमित साफ-सफाई करने हेतु मिशन शक्ति कक्ष-महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका निस्तारण कराने के साथ ही एंटी रोमियों टीम को अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं-बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गये।

## शार्ट न्यूज

### रमेश भण्डारी की एफएमडी हरियाणवी पर मीठी बोली का जलवा .!




किसी की खूबसुरती का वर्णन करना हो और वो भी हरियाणवी में तो सबसे पहले उसकी मीठी बोली कि ही तारीफ होती है ।हरियाणवी भाषा मे रूप सौंदर्य का वर्णन भी यदि मीठी बोली से हो तो इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है । इसी तर्ज पर हरियाणवी सॉन्ग मीठी बोली लेकर आये हैं कम्पोजर सिंगर तरूण पांचाल । इनकी आवाज़ ने इस मीठी बोली को और अधिक प्यारा बना दिया है जिसमें प्रेमी अपनी प्रेमिका को रिझाने के हरसंभव प्रयास करता है और उसकी मीठी बोली सङ्ग अपने दिल की बातों को बड़ी ही सहजता से कह ले जाता है । इस हरियाणवी सॉन्ग के शुरुआत में ही प्रेमी अपनी प्रेमिका से चाय बनाने को कहता है जिसपर प्रेमिका नाराज़ होकर कुछ कहती है फिर प्रेमी उसको रिझाने में लग जाता है और फिर वो उसकी तारीफ में तेरे गोरे गोरे गाल और तेरे नैन नशीले से जैसी पंक्तियों से अपनी प्रेमिका को आकर्षित करने लगता है । थोड़ी सी नोकझोंक और फिर प्यार की चाशनी में सराबोर इस गाने की हर एक लाइन बेहद मनमोहक और आकर्षक बन पड़ी है ।

### रिनि चंद्रा की राजस्थानी हिपहॉप रैप सॉन्ग झोपड़ी रीलीजिंग के साथ ही हुआ वायरल .!




राजस्थानी ठाट बाट की बात की जाए तो वहाँ की डिशेज और राजस्थानी पहनावा दुनियाभर में अपनी अलग पहचान लिए हुए है । कुछ इसी तरह से यदि आप राजस्थानी गानों की बात करें तो उनमें मारवाड़ी ठाट बाट की बातें और परिधानों की प्रधानता लाज़मी है । गयिका रिनि चंद्रा की आज रिलीज़ हुई राजस्थानी हिपहॉप रैप सॉन्ग झोपड़ी इस थीम से बिल्कुल ही उलट एक नए स्वैग और एनर्जी के साथ नज़र आता है । इस हिप हॉप रैप गाने में मदहोशी और ट्रांसफॉर्मिंग एनर्जी लेबल है जिसको आप इस गाने के साथ फील कर सकते हैं । ऐसे गाने राजस्थानी में आमतौर पर नहीं बनते लेकिन उसी परिपाटी को तोड़ते हुए और एक जबरदस्त परफॉर्मेंस के साथ इस झोपड़ी ने इंटरनेट पर सनसनी क्रिएट कर दिया है । यह हिपहॉप रैप झोपड़ी रीलीजिंग के साथ ही वायरल होने की राह पर अग्रसर है । बड़ी संख्या में लोगों को यह रैप सांग पसन्द आ रहा है । व्यूवरशिप की इस स्पीड को देखते हुए यही लगता है कि यह रैप सॉन्ग जल्द ही मिलियन का आंकड़ा छू लेगा ।

### सोनभद्र में भारत रत्न व पूर्व प्रधानंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण




वाराणसी ।(पीएमए) उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने रविवार को प्रभारी जनपद सोनभद्र के अटल उपवन कैथी में भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिमा का अनावरण व पौध रोपड़ किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री समाज कल्याण संजीव गौड़, सांसद राज्यसभा राम सकल, सांसद सोनभद्र पकौड़ी लाल कोल, विधायक सदर सोनभद्र भूपेश चौबे, विधायक कुरला डॉ अनिल कुमार मौर्या, जिलाधिकारी सोनभद्र चंद्र विजय सिंह उपस्थित रहे।

### ग़ालिब जयंती समारोह 27 को

सोनभद्र। विगत बीस वर्षों से मित्र मंच फाउण्डेशन सोनभद्र द्वारा आयोजित ग़ालिब जयन्ती समारोह का इक्कीसवां संस्करण दिनांक 27 दिसम्बर 2023 बुद्धवार को होटल अरिहंत हाल में सायं 07 बजे से आयोजित किया गया है। ग़ालिब जयन्ती के अवसर पर अखिल भारतीय मुशायरा, कवि सम्मेलन का आयोजन तय है। मित्र मंच फाउण्डेशन के निदेशक पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र विजय कुमार जैन व मित्र मंच के अध्यक्ष विकास वर्मा ने संयुक्त बयान में बताया कि दुनियां के मशहूर महान शायर मिर्ज़ा ग़ालिब के जन्म दिन के अवसर पर अखिल भारतीय मुशायरा, कवि सम्मेलन में डा0 जसप्रीत कौर फ़लक (लुधियाना), हसन सोनभद्री व पंडित प्रेम बरेलवी (दिल्ली), प्रो0 सरफ़राज़ नवाज़ (आज़मगढ़), , दानिश ज़ैदी (मिर्ज़ापुर) तथा श्रुति भट्टाचार्य (मुम्बई) से,शायर-शायरा, कवि-कवित्री का आना सुनिश्चित है ।

## गौशाला में अग्रसेन परिवार ने किया कंबल का वितरण



**सोनभद्र।** अग्रसेन परिवार द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज स्थित नगर पालिका द्वारा संचालित गौशाला में गौवंश हेतु कम्बल का वितरण किया गया। इस अवसर पर अग्रसेन परिवार के संयोजक धर्मराज जैन ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता कहा गया है। गाय का महत्व विज्ञान ने भी माना है और वैज्ञानिकों ने भी गाय के दूध को अमृत तुल्य माना है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा नारायण सेवा के समान है। सनातन धर्म में गौ को माता का दर्जा दिया गया है। आगे कहा कि गौ माता के स्पर्श मात्र से संकटो का निवारण होता है। इसलिए समाज के हर व्यक्ति को गौ माता की सेवा करनी चाहिए। कहा कि इस अवसर पर रोशनी अग्रवाल, चित्रा जालान, उषा जैन, अंजू सांवरिया, राजकुमार जालान, राजकुमार अग्रवाल, धर्मराज जैन, अमित जैन, शैलू अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल, संजय जैन, नद्दू जालान, पंकज कनोडिया, प्रिंस जैन, विनोद जालान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश रोल मॉडल की स्थिति में पहुंचा : जगदीप धनखड़



नोएडा। (पीएमए) भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया। उन्होंने निवेश, कानून और व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश में हो रहे आमूल चूल बदलाव के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर प्रशंसा की।

ग्रेटर नोएडा में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के प्रति कार्य किया है उससे उत्तर प्रदेश रोल मॉडल की स्थिति में पहुंचा गया है।

उन्होने कहा कि जब योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो मैं आश्चर्यचकित रह गया क्योंकि कानून व्यवस्था और विकास दोनों ही राज्य के लिए प्रमुख चिंता का विषय थे।

उन्होंने कहा कि तब लोगों में निराशा थी क्योंकि सत्ता में बैठे लोग मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए तैयार नहीं थे, लेकिन अब एक बड़े बदलाव के साथ उत्तर प्रदेश रोल मॉडल बन गया है।

देश की बात छोड़िए दुनिया में कोई बात होती है रोल मॉडल की तो मुख्यमंत्री को याद किया जाता है। धनखड़ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने निवेश प्राप्त करने में भी अपनी पहचान बनाई है।

सीएम आदित्यनाथ, राज्य के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, ब्रिजेश सिंह और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में धनखड़ ने कहा, यह प्रीमियम श्रेणी में भी निवेश के लिए एक पसंदीदा स्थान बन गया है, आम निवेशक पहले से ही यहां आ रहे थे।


उपराष्ट्रपति बनने से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए धनखड़ ने कहा कि वह उस राज्य में तीन दर्जन विश्वविद्यालयों के चांसलर थे।

मुझे पता है कि कुछ जगहों पर चांसलर के साथ क्या हो सकता है, जबकि मुझे पंजाब यूनिवर्सिटी जैसे कुछ जगहों पर सेवा करने का सौभाग्य भी मिला है।

लेकिन मैं कह सकता हूं कि यह दीक्षांत समारोह अद्वितीय है क्योंकि इसमें विकास, आत्मविश्वास और सभ्यतागत लोकाचार जैसे आयाम हैं जहां हमारी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने, शारीरिक रूप से फिट रहने की बात की गई है।

## आधुनिक समय में फैशन के साथ ही खादी की मांग दिन-प्रतिदिन बढती जा रही है

### खादी को आज हर उम्र के लोग पसंद कर रहे है, खादी उत्सव मेला में चार दिनों में बिक्री हुआ सवा करोड़



वाराणसी। (पीएमए) खादी के साथ जुड़ी है हमारी आजादी, असली स्वदेशी कपड़ा है खादी, खादी बेरोजगारी हटाती है। कपास, रेशम, ऊन के हाथ कते सूत से भारत के हथकरघे पर बुना गया कोई भी वस्त्र खादी है यह सर्वस्वीकृत सत्य है। खादी वस्त्र शरीर को गर्मी में ठण्डे और सर्दी में गरम रखते है, जिससे मौसम के असर से बहुत हद तक राहत मिलती है, एक समय था जब खादी को साधारण माना जाता था, लेकिन आधुनिक समय में फैशन के साथ ही खादी की मांग दिन-प्रतिदिन बढती जा रही है, खादी को आज हर उम्र के व्यक्ति पसंद कर रहे है, चाहे कालेज के विधार्थी या आफिस जाने वाली महिला, पुरुष। चौकाघाट स्थित सांस्कृतिक संकुल परिसर के अर्बन हाट में उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी उत्सव-2023 में हर किस्म के खादी उपलब्ध है, जिसमें खादी के स्टालों में ऊनी शाल, सिल्क की साडियां सूती खादी के वस्त्र, कम्बल, कुर्ता, शदरी गद्दा, रजाई, चादर, कारपेट एवं सिले सिलाये खादी के परिधान उपलब्ध हैं एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों में लगने वाले स्टाल में जैम, जेली, आचार, मुरब्बा, अगरबत्ती, नमकीन, लकड़ी के फर्नीचर, आलमारी, बक्सा आयुर्वेदिक औषधी, दर्द निवारक तेल इत्यादि उपलब्ध है। प्रदर्शनी में रविवार को कुल 50 लाख रूपए की बिक्री हुई। इस प्रकार अब तक कुल 1.25 करोड़ रूपये की बिक्री हो चुकी है। प्रदर्शनी में आने वाले लोगों के मनोरंजन की भी व्यवस्था किया गया है, जिसके तहत प्रतिदिन सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## अटल जयंती पर होगा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन

अयोध्या। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (25 दिसंबर) पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सांसद लल्लू सिंह ने आज यहां बताया कि कवि सम्मेलन के साथ तीन दिवसीय अयोध्या उत्सव का समापन भी हो जायेगा। राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के संयोजक अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल ने बताया कि 25 दिसम्बर को सांसद लल्लू सिंह द्वारा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि शामिल होंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में साकार होगा भारत को विकसित बनाने का संकल्प



गोरखपुर। (पीएमए) विकसित भारत संकल्प यात्रा और नमो ऐप अभियान को लेकर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की गोरखपुर क्षेत्र स्तर की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय पर रविवार को संपन्न हुई। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी की ओर से चल रहे इन दोनों कार्यक्रमों में चिकित्सकों से सहभागिता और सहयोग की अपील की गई। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत के निर्माण की संकल्पना को पूरा करने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री के दिशा निर्देश के अनुसार गांव गांव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा इसी की एक कड़ी है। वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में भारत को विकसित बनाने का संकल्प साकार होगा। उन्होंने नमो ऐप की बारीकियों और विशेषता की जानकारी देते हुए इस अभियान का एंबेसडर खुद बनने और दूसरों को बनाने का आह्वान चिकित्सकों से किया। चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक व तमकुहीराज के विधायक डा असीम कुमार राय ने चिकित्सकों से पहले की सरकारों तथा वर्तमान की केंद्र और राज्य की सरकार से तुलना कर 2024 में लगातार तीसरी बार वैश्विक नेता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

## माता पिता सुख, पत्नी सुख, संतान सुख, पद, मान सम्मान, व्यापार, व्यवहार, शिक्षा, नौकरी बिजनेस, आदि लाभ



ज्योतिषामयम चक्षुः वेदांग में ज्योतिष को नयन कहा गया है ज्योतिष शास्त्र ही एक मात्र ऐसा शास्त्र हैं जिसमे जन्म से लेकर मरण पर्यन्त तक सभी शुभ अशुभ कार्यों के मुहूर्त का ग्रहों के गोचर आदि का तत्तदेशानुसार विचार किया जाता है लोगो के मन में जीवन में घटनाओं को जानने कि जिज्ञासा हुआ करती है परन्तु घटनाओं का सही फलादेश वही ज्योतिषी भली भांति कर सकता हैं जिसे सिद्धांत का अच्छा ज्ञान हो 1 ज्योतिष शास्त्र में सौर मंडल में विचरण कर रहे नवग्रह प्रमुख हैं सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु, केतु का मनुष्य के जीवन में निरंतर प्रभाव पड़ता रहता है जन्मकुंडली में उपस्थित ग्रहों कि स्थती जातक पर अलग अलग ढंग से अपना शुभ अशुभ प्रभाव डालती हैं और यह प्रभाव सभी मनुष्यों का पृथक पृथक होता है सुख ,दु:ख लाभ, हानि जय , पराजय जन्म, मरण राग, द्वेष , मित्रता, शत्रुता अच्छा, बुरा आदि जो कुछ भी जीवन में घटित होता हैं ग्रहों के प्रभाव से ही होता है

शुभ ग्रह होने पर व्यक्ति सभी प्रकारके साधन से प्राप्त कर सुखमय जीवन व्यतीत करता है

अशुभ ग्रह होने पर व्यक्ति का जीवन अनेकानेक कष्ट से ग्रस्त होकर दु:खमय हो जाता हैं इसी कारण ज्योतिष शास्त्र में सर्वाधिक महत्व दिया गया है

सूर्य विश्व का सम्राट हैं तेजस्विता और ओज हैं यह सर्व जीवन पर आधिपत्य है रक्त एवम रक्त प्रवाह पर अनुशासन करता है सूर्य कि राजसी प्रकृति हैं और चंद्रमा मस्तिष्क का प्रतीक हैं मंगल सेना का अध्यक्ष हैं बुध निष्पक्ष माना जाता हैं गुरु देवताओं का आचार्य हैं गुरु का अर्थ बड़ा भी है शुक्र दैत्यों के गुरु हैं आमोद प्रमोद और धन व्यय के जीवन का मूल है शनि एक ठंडा उदास और शिथिल ग्रह है राहु केतु मात्र अमूर्त स्थल है जो पृथ्वी कि परिक्रमा करते हुए चंद्र पथ सूर्य पथ कि परिक्रमा करते हुए पृथ्वी पथ पर एक दुसरे को काटते रहते हैं

सूर्य जातक पर प्रभाव सूर्य अशुभ सूर्य जन्मकुंडली में होने पर उसका कई प्रकार का प्रभाव जातक पर पड़ता है ऐसा जातक दुख एवं दरिद्रता जीवन जीता है पशु हीन होता है जातक वही शुभ होने पर राजा के सामन रखता है राज्य सम्मान लेता है

चंद्र अकेला चन्द्र किसी घर में बेठे तो विनम्र अच्छा व्यवहार होता है नैवी में काम दिलाता है डॉक्टर मेडिकल आदि में लाभ दिलाता है वहीं बुरा होने पर समझने कि शक्ति ख़त्म करता है

मंगल शुभ होने पर सेना में पुलिस भूमि मकान आदि संतान विवाह को प्रदान करता है वहीं बुरा होने पर विपरीत प्रभाव देता है

बुध लेखक शिक्षक पत्रकार डाकिया वकील आदि शुभ होने पर प्रदान करता है वहीं बुरा होने पर आत्मविश्वास कि कमी बोलने से डरना आदि प्रभाव देता है

गुरु शुभ होने पर न्यायाधीश ज्ञानी राज्यसभा मंत्री बैंकर आदि फल प्रदान करता है वही बुरा होने पर शिक्षा अधूरी रहती है मान सम्मान खो देता है व्यर्थ ही बदनाम होता है

शुक्र शुभ होने पर संगीत में हीरो का व्यापारी सर्व सुख प्रदान करता है अशुभ होने पर पत्नी के लिए कष्ट प्रदान करता है आर्थिक नुकसान होता है

शनि शुभ होने पर माली खदानों का व्यापारी ईद बनाने वाला आदि कार्य करता है अशुभ होने पर जमीन जायदाद व्यापार व्यवहार में हानि करता है विवाह में विलंब करता है फसल सूख जाती है

राहु शिक्षा अधूरी रहती है अभिमानी होता है राजनीति में उन्नति करता है सर में समस्या दांपत्य सुख में कमी जेल यात्रा भी करता है शुभ होने पर लॉटरी दो नंबर का कार्य आदि में सफलता देता है

केतु अशुभ होने पर स्वास में दिक्कत आंखों में दिक्कत प्रधान करता है कन्या अधिक होती है

विवाह न होना संतान लड़ाई झगडे, व्यापार में नुकसान तो हमे कुंडली दिखाने पर यदि कोई समस्या का हमारे द्वारा निवारण होता है तो हमें प्रसन्नता होगी

आचार्य शुभम शर्मा उज्जैन
9131606732







## "यूपी जोड़ो यात्रा" : युवाओं, महिलाओं, किसानों के हक की आवाज को मजबूत करने वाली यात्रा



लखनऊ। (पीएमए) "यूपी जोड़ो यात्रा" आज अपने पांचवे दिन प्रदेश के जनपद बिजनौर के नहटौर नगर, सेनी धर्मशाला से मेन बाजार होते हुये एजेन्सी चौक, पीर की चुंगी, हल्दौर चौराहा होते हुए नूरपुर रोड़ से नूरपुर की तरफ कूच किया। पूरी यात्रा के दौरान कांग्रेसजनों के हाथों में सरकार विरोधी नारेबाजी करते मंहगाई, बेराजगारी और लोकतंत्र की हत्या के विरोध में स्लोगन लिखी तख्तियां दिखाई दी। ग्राम चक गोवर्धन, आंकु, खण्ड साल, बाला पुर, कुंडा होते हुए नगर पालिका नूरपुर पहुंची जहाँ अमरोहा तिराहे पर "यू0पी0 जोड़ो यात्रा" का भव्य स्वागत किया गया।

यात्रा के दौरान कुण्डा, नहटौर, नूरपुर रोड, बिजनौर पर भारी तादाद में मौजूद कांग्रेसजनों और आम नागरिकों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय जी का जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने अपने सम्बोधन में कहा कि "यू0पी0 जोड़ो यात्रा" भाजपा के विभाजनकारी नफरत की राजनीति के खिलाफ युवाओं, महिलाओं, किसानों के हक की आवाज को मजबूत करने वाली यात्रा है। यह यात्रा आमजन के लिए संघर्ष और जन-जन से सम्पर्क और संवाद की यात्रा है। भाजपा ने जिस प्रकार से सामाजिक ताने बाने को खराब किया है, यू0पी0 जोड़ों यात्रा उसे सुधारने की एक पहल है। यू0पी0 जोड़ों यात्रा सभी वर्गा को आपस में जोड़ने की यात्रा है।

नूरपुर अमरोहा तिराहे पर यात्रा जिले में समाप्त हो गई। यात्रा के दौरान भारी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।

कल अमरोहा जिले में लकड़ा चौराहे से यात्रा की शुरुवात होगी। जहां पर मा0 प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय द्वारा शाह बिलायत दरगाह पर चादरपोशी एवं महात्मा गांधी जी व बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा।

आज की पदयात्रा में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव सर्व श्री तौकिर आलम, पूर्व सांसद राशिद अलवी, श्रीमती ओमवती सिंह-पूर्व मंत्री पूर्व सांसद, संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष विदित चौधरी, चेयरमैन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ शाहनवाज आलम, प्रदेश महासचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह, महासचिव विवेकानंद पाठक, कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यू त्यागी, डा. राहुल राजभर, पुनीत पाठक, सचिन रावत, बिजनौर जिलाध्यक्ष शाहबाज पठान, राजकुमार मौर्य, जैनेंद्र पांडेय, अहमद हमीद, हुमायूं बेग, हेमंत प्रधान, प्रिया जैन, नजाकत अल्वी, उदय त्यागी माइकल, अजय शर्मा, धूम सिंह, डॉ सत्येंद्र त्यागी, चितवन शर्मा सहित जिले के सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता शामिल हुए।